# मालेगांव मामले में कांग्रेस की साजिशें बेनकाब हो गईं : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मालेगांव मामले में जैसे ही सत्य सामने आया, कांग्रेस की साजिशें बेनकाब हो गईं। जिन्होंने भगवा को आतंक का प्रतीक बताकर देश की आस्था को कलंकित किया, उनका चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दुष्प्रचार कर विपक्ष देशविरोधी ताकतों की ढाल बनने का कार्य कर रहा है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ल्हर घर तिरंगाङ्क अभियान केवल झंडा फहराने का आयोजन नहीं, बल्कि जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का जनआंदोलन है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में लगातार चौथी बार शुरू हुआ है और इसने राष्ट्र चेतना को सशक्त अभिव्यक्ति दी है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान और हर हाथ में स्वदेशी उत्पाद का मंत्र, आत्मनिर्भर भारत की भावना को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान से जुड़कर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं, उसके साथ सेल्फी लें, लोगों को इससे जोड़ें और ओडीओपी जैसे स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर स्थानीय शिल्प को प्रोत्साहन दें। यह भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करके ब्लैकमेल करने वालों को करारा उत्तर देने का सबसे सशक्त तरीका है। मुख्यमंत्री ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लोकतंत्र की आधारशिला बताते हुए कहा कि यह कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक जिम्मेदारी भी है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करे कि उसके बूथ की मतदाता सूची में कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं को जोड़ना संगठनात्मक परिपक्वता का परिचायक है।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवंत करने का राष्ट्रीय पर्व है। यह केवल झंडा फहराने तक सीमित नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता, एकता और स्वाभिमान को हर घर तक पहुंचाने का माध्यम है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल संगठन का प्रतिनिधि नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की चेतना का संवाहक होता है। 'हर घर तिरंगा' अभियान को हर गांव एवं शहर तक ले जाकर कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि भारत की आन-बान और शान का प्रतीक तिरंगा हर नागरिक के मन और घर में स्थापित हो। श्री ब्रजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा है कि चुनाव का निर्णय बूथ पर होता है। इसीलिए 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' केवल एक नारा नहीं बल्कि भाजपा की कार्य संस्कृति का आधार है। हर कार्यकर्ता को अपने बूथ को संगठनात्मक रूप से सशक्त, जागरूक और सक्रिय बनाना है। उन्होंने कहा कि ल्जिस बूथ पर संगठन मजबूत होता है, वहां जन विश्वास स्वयं आकर खड़ा हो जाता है।

# संजय सिंह का आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। आप पार्टी राज्यसभा सांसद संजय सिंह का आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत ।उत्तर प्रदेश प्रभारी व आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह का उन्नाव में जोरदार स्वागत किया गया। सांसद के साथ अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल भी मौजूद रहे। जनपद में पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सांसद संजय सिंह और प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल का गर्मजोशी से स्वागत किया और माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। आप आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि संजय सिंह का यह दौरा आगामी संगठन विस्तार और रणनीति को लेकर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं में उनके आगमन से नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला।संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की जमीनी स्थिति और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। एक होटल में प्रेसवार्ता करते हुए का कि आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा, ल्जनता अब बदलाव चाहती है और आम आदमी पार्टी उस बदलाव की एक सशक्त आवाज बनकर उभरी है।संजय सिंह ने उन्नाव प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव को नजरबंद किया जाना और सरकारी स्कूलों को बंद करना लोकतंत्र का दमन है। उन्होंने इसे जनता की आवाज दबाने की कोशिश करार दिया और चेतावनी दी कि आम आदमी पार्टी इसे लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। इस अवसर पर जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव,यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष ललित वाल्मीकि जिला महासचिव शैलेन्द्र उपाध्याय,जिला सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप यादव, जिला कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष दीपक राजपूत यूथ विंग जिलाध्यक्ष दीपू कुमार यूथविंग जिला महासचिव भानू प्रकाश, छात्र सभा प्रदेश सचिव अमन सोनी,नगर अध्यक्ष मान सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य रईस अहमद,पप्पू खान, नफीस शेख,अरशलन सार्थक यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में स्मार्ट सिटी में पैसे का खूब हुआ बंदरबांट: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी है। भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर बजट का जमकर बंदरबांट किया है। राजधानी लखनऊ समेत भाजपा सरकार द्वारा घोषित स्मार्ट शहरों का बुरा हाल है। जगह-जगह गड्ढे हैं। गड्डों में पानी और जलभराव से लोगों का जनजीवन खतरे में है। अखिलेश ने रविवार को जारी बयान में कहा है कि नालों में गिर कर लोगों की मौतें हो रही हैं। प्रयागराज में 20 हजार करोड़ खर्च करने के बाद प्रयागवासियों को जलभराव के सिवा और क्या मिला है? भ्रष्टाचार के गहरे गड्डों में भरा पानी भाजपाई घपलों-घोटालों के गोरखधंधे का भंडाफोड़ करता है।

स्मार्ट सिटी की संकल्पना पर पानी फ़ेरने वाले भाजपाई अपनी नाव लेकर कहां गायब हो गए है? प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ की विस्फोटक स्थिति है। प्रयागराज से लेकर वाराणसी तक हजारों लोगों के घरों में पानी भरा है। बाढ़ से निपटने और बचाव तथा राहत के लिए सरकार की पहले से कोई तैयारी नहीं है। जनता बेहाल है। भाजपा सरकार के इंजन जनहित में कार्य करने के बजाय अपने-अपने स्वार्थ साधने में लगे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दर्जनों जिले प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, बांदा, हमीरपुर, जालौन, औरैया, वाराणसी, आगरा, इटावा, फतेहपुर, कानपुर देहात, बलिया नदियों का जलस्तर बढ़ने और बारिश से बाढ़ की चपेट में है। लाखों की आबादी प्रभावित है। किसानों की फसलें डूब कर नष्ट हो गईं। बाढ़ से आमजन, पशुधन प्रभावित है। सरकार की लापरवाही और अकर्मण्यता के कारण पीड़ितों को कोई मदद नहीं मिली। सरकार ने आम जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया है। आम जनता, किसान भाजपा सरकार के रवैये से निराष है। जनता भाजपा से आजिज आ चुकी है।

# दलित ऐक्ट की तरह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए क़ानून ज़रूरी है : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुसलमानों के खिलाफ़ साम्प्रदायिक हिंसा अब संस्थागत रूप ले चुकी है। इसकी जड़ मनुवादी विचारधारा में है। संस्थागत हिंसा को सिर्फ़ क़ानून बनाकर ही नियंत्रित किया जा सकता है। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 206 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने 24 मार्च 1947 को संविधान सभा द्वारा मौलिक अधिकारों के लिए गठित उपसमिति को अल्पसंख्यकों और राज्य के अधिकारों पर दिए ज्ञापन में कहा था कि दुर्भाग्य से भारतीय राष्ट्रवाद ने एक ऐसा सिद्धांत विकसित कर लिया है जिसे अल्पसंख्यकों पर बहुसंख्यकों का शासन करने का दैवीय अधिकार ही कहा जा सकता है। जिसमें सत्ता में हिस्सेदारी की अल्पसंख्यकों की किसी भी मांग को साम्प्रदायिकता घोषित कर दिया जाता है। जबकि सत्ता पर बहुसंख्यकों के एकाधिकार को राष्ट्रवाद कह दिया जाता है। डॉ अम्बेडकर ने कहा था कि ऐसी स्थिति को देखकर ही उन्होंने अनुसूचित वर्गो के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए संविधान में व्यवस्था की थी। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सत्ता में अल्पसंख्यकों की घटती हिस्सेदारी के कारण ही मुसलमानों के खिलाफ़ हिंसा संस्थागत रूप लेती गयी है। इस हिंसा की जड़ मनुवादी व्यवस्था में निहित है। जिसे सिर्फ़ संवैधानिक व्यवस्था से ही रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार ने जिस तरह अनुसूचित वर्गो के खिलाफ़ मनुवादी हिंसा को रोकने के लिए दलित उत्पीड़न निवारण कानून बनाकर दलित विरोधी हिंसा को रोकने की व्यवस्था की थी वैसी ही संवैधानिक व्यवस्था अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की गारंटी के लिए होना समय की मांग है। इससे हम हिंसा विहीन लोकतंत्र की तरफ बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती यूपीए सरकार ने साम्प्रदायिक हिंसा विरोधी बिल ला कर इस दिशा में कोशिश की थी लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पायी थी।

# संवैधानिक संस्थाओं को भाजपा ने किया हाईजैक : अजय राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। कंग्रेस द्वारा बौद्धिक सम्मेलन एवं सदस्यता समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शिरकत की। आपको बता दे की

उन्नाव बार एसोसिएशन के आठ बार से अध्यक्ष रहे सतीश शुक्ला ने अपने समर्थकों के साथ कंग्रेस की सदस्यता ली। मीडिया से बात करते हुए कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला । कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा की हम सिस्टम देख रहे हैं, किस तरीके से भाजपा सरकार ने सारी संवैधानिक संस्थाओं को हाईजैक किया हुआ है, सिस्टम को अपने दबाव में लिया हुआ है । वहीं चुनाव आयोग जो चुनाव आयोग के चुनाव आयुक्त टीएन सेशन हुआ करते थे, उस समय चुनाव आयोग का जलवा हुआ करता था, आज चुनाव आयोग पर उंगली उठ रही है, चुनाव आयोग पर टिप्पणियां हो रही हैं, हमारे नेता राहुल गांधी मोर्चे के साथ खड़े हैं । आज जो आयोग सरकार के दबाव में काम कर रहा है हम पूरी ताकत के साथ अपने नेता के साथ हैं कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पंचायत चुनाव पर बोलते हुए कहा कि 2027 से पहले पंचायत चुनाव की पूरी तैयारी है, अभी हमारा संगठन सृजन चल रहा है हम पूरे मंडल, ब्लॉक से लेकर बूथ तक काम कर रहे हैं । पंचायत का चुनाव हम पूरी ताकत के साथ लड़ने जा रहे हैं ।

वहीं कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर कटाक्ष किया । कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा की जिस तरह मोदी जी ने ट्रंप के सामने सरेंडर किया है, वह पूरी तरीके से डरे हुए हैं, उनका बड़बोला पान कहूं राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा उसका फायदा उठाया जा रहा है । मोदी जी सीधे सीधे ट्रंप के आगे नतमस्तक हो गए, अब उससे शर्म की बात देश के लिए कोई नहीं होगी । कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाते हुए कहा की सरकार का एक ही काम मुकदमा लिखना है, जेल भेजना मेरे ऊपर कितने मुकदमे लिखेगा 24 25 मुकदमे हैं चल रहे हैं ।

## रिहायशी इलाकों में गंगा की बाढ़ से मची तबाही, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी का बढ़ता जलस्तर शहर के कई रिहायशी इलाकों के लिए खतरा बन चुका है। बाढ़ का पानी अब घनी आबादी वाले क्षेत्रों में घुसने लगा है, जिससे डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों की हालत बेहद खराब हो गई है। लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने का कोई ठोस साधन नहीं मिल पा रहा है। बाढ़ का पानी लगातार बढ़ रहा है, लेकिन प्रशासन की नावें केवल औपचारिकता निभाकर आगे बढ़ जा रही हैं। लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक सक्रियता सिर्फ फोटो खिंचवाने तक सीमित है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अब तक किसी भी विधायक, सांसद या मंत्री ने इन क्षेत्रों का दौरा करने की जहमत नहीं उठाई है। लोग खुद को पूरी तरह असहाय महसूस कर रहे हैं। यह वही इलाके हैं जहां महाकुंभ के दौरान करोड़ों रुपये खर्च कर विकास के बड़े-बड़े दावे किए गए थे। आज जब इन इलाकों के लोग संकट में हैं, तो कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति हालात का जायजा लेने नहीं पहुंचा है। लोगों में नाराजगी और असंतोष साफ झलक रहा है।

## प्रयागराज में गंगा-यमुना खतरे के निशान से ऊपर, सभी तटबंध सुरक्षित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर में गंगा नदी और यमुना में बाढ़ कम नही हो रहा है। 3 अगस्त 2025 को शाम 4 बजे की स्थिति में यमुना और गंगा दोनों नदियों का जलस्तर खतरे के निशान 84.734 मीटर से ऊपर रिकॉर्ड किया गया है। यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 85.78 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से लगभग 1.04 मीटर ऊपर है। वहीं, गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ में 85.77 मीटर, छतनाग में 85.05 मीटर और बक्सी पर 85.69 मीटर मापा गया। बीते 4 घंटे में जलस्तर में 10 से 12 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं और लगातार निगरानी की जा रही है। स्थिति पर जिला प्रशासन एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की टीम सतर्क बनी हुई है।

## प्रयागराज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहे हैं। शनिवार को डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहत शिविरों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने एलनगंज, छोटा बघाड़ा समेत कई राहत शिविर केंद्रों पर पहुंचकर वहां रह रहे लोगों से बातचीत की और उन्हें हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने शिविरों में भोजन, पानी, साफ-सफाई, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाओं सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी सतर्कता के साथ काम करें और बाढ़ प्रभावित लोगों की हर जरूरत का ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान डीएम के साथ डीसीपी नगर अभिषेक भारती भी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा लगातार राहत कार्यों की निगरानी की जा रही है।

## शकील अहमद बनाए गए नगर अध्यक्ष

**डलमऊ,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष का कांग्रेस कार्यालय में फूलमाला पहनाकर कांग्रेसियों ने बधाई दी। कांग्रेस कमेटी द्वारा डलमऊ कस्बे में शकील अहमद को नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी नगर अध्यक्ष की घोषणा होते हैं। कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों का हुजूम इकट्ठा हो गया और नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष शकील अहमद को फूल माला व मिठाई खिलाकर बधाई दी हालांकि शकील अहमद डलमऊ कस्बे के शेखवाड़ा वार्ड से सभासद भी है नगर अध्यक्ष पद के लिए पांच लोगों का नाम भेजा गया था। जिसमें कांग्रेस पार्टी ने शकील अहमद पर भरोसा जताया है उसे मौके पर कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद प्रताप सिंह नन्हे सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ऋतिक जायसवाल रत्नेश जायसवाल मो. सईद गुड्डू टेलर बाबू टेलर मो.गयास आजाद अंसारी अशरफ कुरेशी मोहम्मद अशफाक सुजीत सोनकर हरिनाथ आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध शराब की रोकथाम पर विशेष प्रवर्तन अभियान जारी

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के मार्गदर्शन मे अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध सोमवार को विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली में विवियापुर,अहियारायपुर के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। दबिश के दौरान लगभग 45लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कर 2 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए । जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री तथा परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी अनुराग के कुशल नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह पुरवा मय हमराह व संबंधित पुलिस फोर्स के साथ तहसील-पुरवा अंतर्गत ग्राम बद्रीबख्शखेड़ा,खानपुर थाना मौरावां में एकबारगी दबिश देते हुए कुल 16लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया तथा लगभग 150 किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। अभियुक्त प्रकाशा पत्नी गोवर्धन निवासी खानपुर थाना मौरावां को जेल भेज दिया गया।

## कोराव पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**कोराव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगवती सिंह पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल सिंह, निवासी सिपौआ, थाना कोराव, प्रयागराज चंदन द्विवेदी पुत्र उमाकांत द्विवेदी, निवासी बैदवार कला, थाना कोराव, प्रयागराज इन दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से गउड (नॉन-बेलेबल वारंट) था। कोराव पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है

# बाढ़ से हालात बिगड़े, विधायक डॉ. वाचस्पति ने मझियारी का किया दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिले में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने से बाढ़ के हालात दिन-ब-दिन गंभीर होते जा रहे हैं। रविवार सुबह हुई तेज बारिश ने संकट को और भी बढ़ा दिया है। शहर के कई मोहल्ले और ग्रामीण इलाके बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं।

खासतौर पर छोटा बघाड़ा, सलोरी, राजापुर, म्योराबाद, बेली कछार, दारागंज और रसूलाबाद जैसे इलाकों में पानी लोगों के घरों में घुस चुका है, जिससे लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। कई परिवार ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हैं।

इसी बीच, प्रयागराज बारा विधानसभा के विधायक डॉ. वाचस्पति ने लालापुर क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त गांव मझियारी का दौरा किया। उन्होंने वहां की स्थिति का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा राहत शिविरों की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन लगातार बारिश और बढ़ते जलस्तर के कारण चुनौतियाँ भी बढ़ रही हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर तुरंत उच्चाधिकारियों से संपर्क करने की अपील की है।

## मंडलायुक्त ने किया बाढ़ राहत शिविरों का रात्रि निरीक्षण

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शनिवार रात बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रयागराज के बघाड़ा, एलनगंज एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनी बेसेंट स्कूल बघाड़ा, कंपोजिट स्कूल एलनगंज और महबूब अली इंटर कॉलेज में बनाए गए बाढ़ राहत शिविरों का भी भ्रमण किया। मंडलायुक्त ने राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित लोगों के लिए की गई व्यवस्थाओं — जैसे पीने के पानी, भोजन, विद्युत आपूर्ति, शौचालय व साफ-सफाई की स्थिति — का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसी प्रकार की व्यवस्था आगे भी बनाए रखें। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने शिविरों में तैनात अधिकारियों को पूरी सतर्कता से कार्य करने और बाढ़ प्रभावितों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बारिश के दिनों में गांव की सड़कें खराब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। क्षेत्र के मोन गांव में आज कल बारिश के दिनों में गांव के अंदर एक 70 मी कच्चा मार्ग बहुत खराब स्थिति में पहुंच गया है। मिट्टी और कीचड़ के कारण यह फिसलन भरी और खतरनाक हो गई है। जिसके कारण स्कूली बच्चे और ग्रामीणों का घर से निकलना दुबर हो गया है। ग्रामीणों धनंजय सिंह, मनु सिंह, अमर सिंह, अरविंद शुक्ला, टिंकू सिंह, पुनीत बाजपाई, बनवारी साहू, रामचंद्र साहू, बाबूलाल, पिंटू सिंह, अजय तिवारी, आदि ने बताया कि, ग्राम प्रधान से कई बार इस कच्चे मार्ग के पुनरुद्धार के लिए कहा गया, किंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके कारण अब बारिश के दिनों में इस रास्ते में कीचड़ बज-बजा रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। आपको बता दें कि, मोन गांव के रहने वाले ग्रामीणों ने इस संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि, गांव के अंदर का यह रास्ता लगभग 1 वर्ष से बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। इसका कारण यह है कि, इस कच्चे रास्ते के आगे इंटरलॉकिंग लगाई गई है, और पीछे की नालियां परी तरह टूट चुकी है। लगभग 70 मी बदहाल इस रास्ते का 30 मी कच्चा रास्ता पूरी तरह खराब हो चुका है। कई बार स्कूली बच्चे गिरकर चोटिल हुए। ग्रामीणों का कहना है कि, ग्राम प्रधान इस मोहल्ले वालों के साथ अनदेखी कर रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि, यह मार्ग मोन गांव के महारानी थान से शिव शरण सिंह के दरवाजे तक पूरी तरह खराब हो चुका है। बारिश में कीचड़ भरा हुआ है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। ग्रामीणों का घर से निकलना दूबर है। अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

मामले में जब ग्राम विकास अधिकारी सर्वोत्तम सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि, 1 वर्ष पूर्व इस रास्ते के दोनों तरफ पक्की नालियों का निर्माण कराया गया था, किंतु ग्रामीणों द्वारा ट्रैक्टर लाते-ले जाते समय नालियां टूट गई, जिसके कारण बारिश में जल निकासी नहीं हो पा रही है। इसी वित्तीय वर्ष में बजट आने पर रास्ते का पुनरुद्धार कराया जाएगा।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश कुमार ने बताया कि, मामला जानकारी में है। वह हमेशा से प्रयासरत रहे हैं कि, सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को लाभ दिया जा सके, वह हमेशा ग्राम सभा के विकास के लिए प्रयासरत रहते हैं और ज्यादा से ज्यादा काम करवाते हैं। धन का अभाव होने के कारण खड़ंजा नहीं लगाया जा सका। इंटरलॉकिंग के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। बजट आने पर यह मार्ग इंटरलॉकिंग से आच्छादित कराकर ग्रामीणों को होने वाली समस्या से निजात दिलाया जा सकेगा।

# वरिष्ठ अधिवक्ता बलजीत सिंह 'मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया' के विधि सचिव नियुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बलजीत सिंह को 'मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया' का विधि सचिव (लीगल सेक्रेटरी) नियुक्त किया गया है। यह निर्णय काउंसिल के सचिव की अनुशंसा पर लिया गया है। बलजीत सिंह विधि क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं और पत्रकारों एवं मीडिया संस्थानों से जुड़े कई अहम मामलों में न्यायिक सहायता प्रदान करते रहते हैं। उनकी विशेषज्ञता और अनुभव को देखते हुए काउंसिल ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया का उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करना, मीडिया की गरिमा बनाए रखना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सहयोग देना है। बलजीत सिंह की नियुक्ति से काउंसिल की विधिक रणनीति और भी सशक्त होगी।नवनियुक्त विधि सचिव ने अपने वक्तव्य में कहा कि वे संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे और मीडिया से जुड़े मामलों में विधिक सहायता हेतु सदैव तत्पर रहेंगे।

## स्कूल से एलईडी व कंप्यूटर चोरी

सरोजनी नगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके में स्थित एक निजी स्कूल से बीती एक अगस्त की रात चोरों द्वारा स्कूल में लगी एक एलईडी एवं दो कंप्यूटर सेट चोरी कर लिए गए। चोरी की यह घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। शनिवार को बजरंग नगर पुरानी चुंगी कानपुर रोड निवासी स्कूल संचालक उमाकांत पुत्र बृंदावन ने स्थानीय थाने पर चोरी की लिखित शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उमाकांत के अनुसार 1 अगस्त की रात 11 बजे लगभग उनके स्कूल यूनिवर्सल सिटी कान्वेंट न्यू रहीमाबाद के कमरों से दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक एलइडी सहित दो कंप्यूटर सेट चोरी हो गए हैं।

# उत्तर प्रदेश ओपन नवोदय एलुमिनाई मीट 2025 की तैयारियां शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नवोदय विद्यालयों के पूर्व छात्रों का वार्षिक प्रदेश स्तरीय समागम ''नवोत्सव 2025'' इस बार राजधानी लखनऊ के राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी के भीमराव अंबेडकर सभागार में 21 सितंबर 2025 (रविवार) को आयोजित होगा। यह आयोजन शिक्षा, रोजगार, सामाजिक योगदान और पूर्व छात्रों के नेटवर्क को मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

गत वर्ष यह कार्यक्रम नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में हुआ था। इस बार इसमें देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत नवोदय के पूर्व छात्र भाग लेंगे।

तैयारियों के तहत आज कृष्णा नगर स्थित सेलिब्रेशन होटल में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें 12 समितियों वित्तीय प्रबंधन, अनुशासन, भोजन, आईटी-पंजीकरण, रसद-खरीद, मीडिया-प्रचार, आमंत्रण, सांस्कृतिक, आवास-परिवहन, मंच प्रबंधन, स्वागत-पंजीकरण, स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार का गठन किया गया।



इस कार्यक्रम में लखनऊ मंडल (लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर, रायबरेली, हरदोई) के अलावा अन्य जिलों और प्रदेशों के वे पूर्व छात्र भी शामिल होंगे जो वर्तमान में लखनऊ में रह रहे हैं।

आयोजन समिति के अनुसार, नवोत्सव के जरिए मेंटरशिप, करियर अवसर, समाज सेवा योजनाएं और ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। यह मिलन न सिर्फ यादों का संगम होगा बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा भी बनेगा। इस समीक्षा बैठक में देश-विदेश से सैकड़ो नवोदय विद्यालय के पुरातन छात्रों ने शिरकत की।

# एडीओ पंचायत के विदाई समारोह का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैनविज टाइम्स

सरोजनीनगर। उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ब्लाक इकाई द्वारा रविवार को विकास खंड सरोजनीनगर के रिटायर हुए एडीओ पंचायत कौशल कुमार कनौजिया का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ब्लाक सभागार में हुए इस कार्यक्रम में उन्हे स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ के जिला मंत्री मयंक ने किया। इस पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री के साथ ही जिला अध्यक्ष रामकिशन वाल्मीकि , संप्रेक्षक भगवान व तमाम अधिकारीगण जिनमें एडीओ पंचायत गोसाईगंज कमल किशोर शुक्ला,अमित सिंह,आरडी शुक्ला,हरिओम पाठक, नरेंद्र श्रीवास्तव,विनय यादव ,संदीप यादव अजय चौधरी ,मुकेश वाजपेयी,कल्ली पूरब के प्रधान रामखेलावन मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू भारती, ब्लाक अध्यक्ष मनोज भारती सहित पदाधिकारियों ने किया।

# छत पर कपड़े सुखाने गई छात्रा की करंट लगने से मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। इलाके में रविवार को छत पर कपड़े सुखाने गई एक छात्रा बिजली के करंट की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। क्षेत्र के गढ़ी चुनौटी निवासी सतेन्द्र गौतम की पुत्री पलक गौतम (13)गाँव के ही सरकारी स्कूल में कक्षा 7 की छात्रा थी। पलक रविवार की दोपहर करीबं 12:45 बजे स्नान करने के बाद छत पर अपने कपड़े सुखाने के लिए उन्हे फैलाने गई थी। पलक ने कपड़े सुखाने के लिए लगाए गए नंगे तार पर जैसे ही गीले कपड़े फैलाने लगी वैसे ही वह तार में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आ गई। ग्रामीणों की माने तो सत्येन्द्र ने घर में लगे समर सेविल मशीन का केबिल इसी नंगे तार के ठीक पास से खींचा है जिसमें कई जगह कट के निशान है। अनुमान है कि इसी कटे केबिल से कपड़े सुखाने के लिए लगाए गए तार में करंट दौड़ रहा था।

# वैष्णवी डांस इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में आयोजित हुआ हरियाली तीज कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को वैष्णवी डांस इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैष्णवी डांस इंस्टीट्यूट के बच्चों द्वारा गणेश वंदना नृत्य से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें रील प्रतियोगिता में रीता श्रीवास्तव एवं रेखा विजेता रहीं।

वहीं मेहंदी आधारित प्रतियोगिता में प्रियंका निगम विजेता एवं मित्रता दिवस पर आधारित प्रतियोगिता में श्रद्धा श्रीवास्तव एवं शर्मिला विजेता रहीं। तो वहीं तीज क्वीन प्रतियोगिता में तीज क्वीन का खिताब श्रद्धा श्रीवास्तव ने



जीता। फस्ट रनरअप रेखा एवं सेकेंड रनरअप वर्तिका को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद गौरी सांवरिया, अतिथि रेखा झा एवं निर्णायक डॉ ऋचा आर्या रहीं।

# आवारा पशु पकड़ने गयी नगर निगम टीम पर हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। त्रिवेणी नगर क्षेत्र में आवारा पशुओं को पकड़ने गई नगर निगम लखनऊ की कैटल कैचिंग टीम पर रविवार को कुछ स्थानीय लोगों द्वारा मारपीट व अभद्रता किए जाने की घटना सामने आई है। इस दौरान आरोपियों ने न केवल टीम के साथ गाली-गलौज की, बल्कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए पकड़े गए पशुओं को जबरन छुड़ा लिया। घटना की शिकायत नगर निगम जोन-3 के प्रभारी द्वारा अलीगंज थाने में दर्ज कराई गई है। नगर निगम के अनुसार रविवार को आदर्श पुरम, त्रिवेणी नगर में आवारा पशुओं की शिकायत पर नगर निगम की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची थी। प्रभारी के नेतृत्व में टीम मौके पर मौजूद थी, तभी स्थानीय निवासी राजीव शुक्ला, संजीव शुक्ला और मुकेश शुक्ला पहुंचे और टीम के साथ गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इन लोगों ने मारपीट की और शासकीय वाहन में बंद पशुओं को छुड़ा लिया। प्रभारी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि इन लोगों ने जानबूझकर राजकीय कार्य में बाधा डाली और टीम को धमकी दी कि यदि भविष्य में यहां कोई कार्रवाई की गई तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अलीगंज थाना पुलिस को सौंपी गई शिकायत में भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में किसान की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर । बिजनौर इलाके मे रविवार की दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकरी के अनुसार थाना क्षेत्र के माती गाँव निवासी रफीक (55) अपने खेत में खाद डालकर बाइक से वापस घर जा रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 12:30 पंचायत भवन के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने उसे रौंद दिया। कंटेनर के चपेट आ जाने से रफीक का सिर पूरी तरह कुचल गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के साथ रफीक के घर वाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अपनी कार्यवाही की। सड़क हादसे से मृतक रफीक की पत्नी सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक किसान के परिवार में चार बच्चे हैं।



## निगोहां में संदिग्ध परिस्थितियों युवक ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहां थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के रहने वाले 35 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पंकज यादव पुत्र भगौती यादव के रूप में हुई है, जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करता था। घटना रविवार सुबह की है। घटना की सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पंकज यादव अपने पीछे पत्नी आरती यादव और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक पंकज के छोटे भाई जितेंद्र यादव ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और लिखित तहरीर भी दी है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है, ग्रामीणों की बात करें तो परिवार में मृतक से जमीन को लेकर शनिवार को कहासुनी हुई थी, हालांकि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पूरी निष्ठा के साथ जुटें कार्यकर्ता : भूपेन्द्र चौधरी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पूरी सकारात्मकता और निष्ठा के साथ जुटें। यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है और इसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से राष्ट्रभक्ति की एक सशक्त जन–अभिव्यक्ति बन चुका है। हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र के प्रति गौरव, आस्था और उत्तरदायित्व की भावना को जाग्रत करने का अभियान है।

प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि जब भाजपा सरकार जनकल्याण के लिए दिन–रात काम कर रही है, तब विपक्ष केवल झूठ और नकारात्मकता फैलाने में जुटा है। लेकिन प्रदेश की जागरूक जनता हर बार उन्हें नकार चुकी है और आज तिरंगे के साथ खड़े होकर नए भारत और नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में भागीदार बन रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति में विश्वास रखती है। ल्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासङ्क के मंत्र के साथ हम हर वर्ग के नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# भगवान शिव ही मनुष्य को संसारिक बंधनों से मुक्त कर सकते हैं : जयशंकर शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा, लखनऊ। क्षेत्र के दखिना गांव में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के आखिरी दिन रविवार को इन सात दिनों में कथा वाचक आचार्य जयशंकर शुक्ला ने भगवान शिव की महिमा, अवतारों, ज्योतिर्लिंगो तथा भक्तों कि कथाओं का वर्णन किया। कहा कि शिव पुराण शैव संप्रदाय का प्रमुख ग्रंथ है। इसमें शिव को अनादि , सिद्ध और पंचदेवों में प्रधान बताया गया है। कथा में सगुण, साकार सूर्य, चंद्रमा, जल, पृथ्वी, वायु भी शिव पुराण का स्वरूप हैं। श्रावण मास में वातावरण शुद्ध रखें। भगवान शिव ही मनुष्य को सांसारिक बन्धनों से मुक्त कर सकते हैं। कथा व्यास ने कहा कि दिव्य शिवपुराण की कथा सुनने से जीव सभी पापों से मुक्ति पा जाता है। जगत में आज भी ऐसे लोग हैं जो शिव भक्तों से ईर्ष्या , द्वेष रखते हैं ऐसे लोगों का कभी कल्याण नहीं हो सकता है जो प्राणी शिव लिंग को , पूजा चल रहे स्थान पर नतमस्तक न हो ऐसे प्राणी का कभी उद्धार नहीं हो सकता। जो मनुष्य संसार के तारणहार की निन्दा करता है वह पापी नरकीय जीवन जीता है और जो मनुष्य शिव की भक्ति में लगा देता है उसका जीवन सफल हो जाता है। शिव उपासना से ही जगत का कल्याण सम्भव है। भोले बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष अनमोल तिवारी ने बताया कि आज विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

# सपा की साईकिल भविष्य में पंक्चर हो जायेगी : केशव प्रसाद मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । यूपी सरकार में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा बहादुर अखिलेश यादव अपने को मुसलमानों का सबसे बड़ा रहनुमा समझते हैं। उनकी ख्वाहिश रहती है कि मुसलमानों से जुड़े मसलों पर उनकी 'रायशुमारी' ज़रूरी है। केशव प्रसाद ने पूर्व सीएम अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि अभी तक ये मालूम नहीं था कि आतंकवादियों का काम तमाम करने के मामले में भी उनसे तारीख़ और समय पूछा जाना चाहिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि वैसे, मुस्लिम दंगाइयों के प्रति उनका रूख हमेशा नरम रहा है। उनका रुतबा बढ़ाने के लिए अपने शासन में उनको हेलीकॉप्टर सेवा भी मुहैया कराते थे सपा बहादुर। बता दें कि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर अपने हैंडल से पोस्ट लिखकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर कटाक्ष लिखा। वहीं, पत्रकारों के साथ बात करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि फर्जी वोटों के दम पर समाजवादी पार्टी की साइकिल जहां कहीं भी चली है, वहां भविष्य में पंक्चर हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अखिलेश यादव मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गए हैं। उन्होंने प्रयागराज के सवाल पर कहा,''भला प्रकृति से कोई लड़ सकता है क्या?'' केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा कि प्राकृतिक आपदा से कोई नहीं लड़ सकता लेकिन सरकार और भाजपा के कार्यकर्ता बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद और सेवा में जुटे हैं तथा जनता सरकार और भाजपा की सेवा से संतुष्ट है। उन्होंने सपा अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए लिखा कि अखिलेश यादव एंड कंपनी सिर्फ बयानबाज़ी में माहिर है। अखिलेश यादव की सपा सरकार के समय बाढ़ राहत का पैसा और सामग्री भ्रष्टाचारी सपाई गुंडे अपराधी खा जाते थे। जनता यह सब भूली नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा कुछ भी कर ले लेकिन 2047 तक उसकी सरकार बनना असंभव है। जनता भाजपा के साथ थी, है और रहेगी। उन्होंने लिखा कि कहो दिल से,कमल का फूल फिर से। उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि 2027 में 2017 दोहरायेंगे।

# फर्जी हाजरी का खेल: लोहंगपुर में बारिश के बीच महिला मजदूरों की हाजिरी, लेकिन फोटो से गायब महिलाये

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




**प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक की मिलीभगत से खेला जा रहा फर्जी हाजरी का खेल**

**दो कार्यो में दर्शाई गयी महिला मजदूरो की हाजरी, फोटो में नही दिख रही महिलाये**

**विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत लोहंगपुर का मामला**

सीतापुर। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत लोहंगपुर में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों में गंभीर अनियमितता सामने आई है। जहां एक ओर योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार देना है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। स्थानीय लोगो के अनुसार कार्यस्थल पर महिला मजदूरों की हाजिरी दर्ज की जा रही है, लेकिन जब मनरेगा पोर्टल पर कार्यस्थल की फोटो देखी गई, तो कहीं भी महिलाएं नजर नहीं आईं। सबसे बड़ी बात यह रही कि बारिश के बावजूद कार्य जारी बताया गया, जो अपने आप में संदेह पैदा करता है। सुबह से लगातार बारिश होने के बावजूद कार्य जारी दिखाया गया और फोटो में श्रमिकों की उपस्थिति भी सवालों के घेरे में है। लोगों का कहना है कि यह सब कुछ जिम्मेदार अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत से हो रहा है।

अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर किसके संरक्षण में फर्जी हाजिरी का खेल खेला जा रहा है? क्या अधिकारी सिर्फ कागजों पर कार्यवाही कर खानापूर्ति में जुटे हैं? इस पूरे मामले की ग्रामीणों में जांच की मांग की है ताकि जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो सके और मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना की पारदर्शिता बनी रहे। अब देखना यह है क्या कोई जांच कर कार्यवाही की जाती है या ऐसे ही चलता रहेगा।

# भूतनाथ मेले की तैयारियों का आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लिया जायजा, दिए सख्त निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी,। सावन के चौथे सोमवार को लगने वाले ऐतिहासिक भूतनाथ मेले की तैयारियों को लेकर लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब रविवार शाम गोला गोकर्णनाथ पहुंचीं। उन्होंने छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध इस धार्मिक स्थल पर शिव मंदिर और भूतनाथ मंदिर परिसर का गहन निरीक्षण किया और अधिकारियों को सुरक्षा, सुविधा और श्रद्धालुओं की सुगमता से आवाजाही सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। आयुक्त ने कांवर यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करते हुए भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग, सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, रोशनी, चिकित्सा सुविधा और खोया-पाया केंद्र की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी हों और कहीं भी कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं से सीधा संवाद कर उनकी राय भी जानी। ''भूतनाथ मेला सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का पर्व है,'' डॉ. जैकब ने कहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करे कि किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी प्रकाश कुमार, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीमसेन, सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अफसरों की सक्रियता और त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में उत्साहजनक संकेत दे रही है।

प्रशासन ने जनता से भी अपील की है कि वे मेले के दौरान सहयोग करें और किसी भी असुविधा की स्थिति में तुरंत सहायता केंद्रों से संपर्क करें।

# बैठक में केन्द्र सरकार से कौशल ने दिव्यांगों से जानकारी लेकर फीडबैक लिया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




खैराबाद सीतापुर । सदर तहसील क्षेत्र विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय पर मासिक बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह की।

बैठक में शामिल दिव्यांग व विधवा अपनी अपनी समस्याएं रखीं। श्री राजीव सिंह ने ध्यानपूर्वक सुना। और कहा कि ब्लॉक स्तर से लेकर जिलें तक दिव्यांग व विधवा की हक की लड़ाई लड़ने के लिए हम सब तैयार है । प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या ने कहा कि सीएमओ कार्यालय में तैनात रियाज कई वर्षो से दिव्यांग पटल देखा रहे हैं। दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने में मनमानी करते हैं।

जिससे दिव्यांगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल ने कहा सभी दिव्यांग भाई बहन अपने अपने ग्राम सभा में दिव्यांग समूह का गठन करके सरकार से अच्छा सहयोग मिल जाएगा। वहीं भारत सरकार से कौशल ने दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी लेकर आनलाइन फीडबैक फॉर्म जमा किए।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, प्रबंधक सचिव बिन्दू मौर्या, कोषाध्यक्ष विजय पाल गुड्डू रामकिशोर कमलेंद्र सिंह फूलमती कालिंद्री नेकराम , रामचंद्र मौर्य , रामखेलावन आदि मौजूद थे।

# गूलर का फूल बनी यूरिया, किसानों की फसल पर मंडराया संकट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सकरन (सीतापुर)अन्नदाता फिर से संकट में है। खरीफ सीजन अपने चरम पर है, खेतों को ज़रूरत है यूरिया की, लेकिन खाद गोदाम और समितियां सूनी पड़ी हैं। किसानों की हालत यह हो चली है कि यूरिया उन्हें गूलर के फूल जैसी लग रही है नाम तो बहुत सुना, पर कभी दिखी नहीं।

जैसे ही किसी समिति में यूरिया ट्रक आने की खबर फैलती है, किसानों की लंबी कतारें लग जाती हैं, लेकिन अधिकांश किसान निराश लौटते हैं। एक बोरी पाने के लिए घंटों की मशक्कत, धूप में तपना और अफसरों की अनसुनी बस यही हकीकत बन गई है।

कालाबाज़ारी की बू, किसानों में आक्रोश

क्षेत्र के किसान रामपाल का कहना है, ''यूरिया गोदाम पर नहीं, कहीं और खपाई जा रही है। कुछ चहेते लोगों को पहले से माल पहुंचा दिया जाता है। हम लोग लाइन में खड़े रहते हैं, फिर भी खाली हाथ लौटना पड़ता है।''

हरिराम और शकुंतला देवी जैसे किसान भी यही कहते हैं कि यूरिया वितरण एक दिखावा बन कर रह गया है, असल वितरण तो भीतरखाने चल रहा है।

धान, मक्का की बढ़त पर असर, जेब पर मार

कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो यदि 10-15 दिन में खाद न मिली तो धान, मक्का जैसी खरीफ फसलें पूरी तरह प्रभावित होंगी। उपज गिरेगी और उत्पादन लागत बढ़ेगी। असर सीधा किसान की जेब पर और फिर आम आदमी की थाली पर पड़ेगा।

राजनीति की भेंट चढ़ी साधन सहकारी समितियां दे रहीं किसानों को दोगुनी आय की जगह दोगुना दर्द

क्षेत्रीय किसानों को उर्वरक खाद आपूर्ति करने वाली समितियों का संचालक चुनाओं में धनलोलुपों के आने से ब्लैक में बिक रही खाद बन रही किसानों की परेशानी का सबब,साधन सहकारी समिति अरुवा पर मिले किसान मेवालाल, शिवकुमार, विनोद, गोविन्द, धनराज, छोटेलाल ने बताया जब से इस समिति के नए संचालक हुए हैं वो अपनी खाद की दुकान को चलाने के लिए खुद ब्लैक करवा रहे अगर पडोसी सांडा समिति नहीं होती तो एक भी बोरी खाद किसी भी किसान को नसीब नहीं होती।

इसी तरह वर्षों से बंद पड़ी मुर्थना समिति को सरकार ध्यान नहीं दे रही, महराजनगर, दुगाना, कौवाखेरा तो बस लूट का अड्डा बन चुकी हैं जहां सिर्फ गिने चुनें सत्तापक्ष के समर्थकों को ही खाद उपलब्ध कराई जाती है।

अब देखने वाली बात ये होगी कि गन्ने, धान, मक्का जैसी फसलों के लिए सरकार यूरिया उपलब्ध करवा पाती है या यूँ ही अरुवा संचालक की दुकान पर बढ़े दामों में खाद खरीदते हुए किसान अपनी आय दोगुनी करते रहेंगे।

## 'जब इरादे हों फौलादी, तो बारिश भी नहीं रोक सकती राह

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सवर्ण आर्मी सीतापुर के माननीय जिला संयोजक शिवम् तिवारी जी और माननीय जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा जी के तत्वाधान में सवर्ण जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला प्रवक्ता श्री शिवम् पाण्डेय जी द्वारा मछरेहटा ब्लॉक में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने सवर्ण समाज के लोगों को जागरूक किया और संगठन से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। जिसमें संगठन के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी और जन समूह मौजूद रहा मुख्य रूप से श्री,धीरज पंडित ब्लाक अध्यक्ष,जय किशन सिंह (किन्हौट्टी) ब्लाक महासचिव,मोहित पांडेय (सिरधरपुर) उप सचिव,कृष्णा दुबेदी ( परसदा) ब्लाक उपाध्यक्ष ,सौरभ (सिरधरपुर) ब्लाक उपाध्यक्ष मौजूद रहे ।

## लखीमपुर में अपराध का तांडव

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सदर कोतवाली लखीमपुर खीरी क्षेत्र में इस समय हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अपराध की बाढ़ सी आ गई है, लेकिन पुलिस अपनी लचर कार्यशैली के चलते आंखें मूंदे बैठी है। हत्या, लूट, स्नेचिंग, नशे का काला कारोबार, अवैध कच्ची शराब, जुआ, सट्टा—कौन सा अपराध है जो इस क्षेत्र में नहीं हो रहा? लेकिन सदर कोतवाली की पुलिस केवल 'ड्यूटी निभा रही' होने का अभिनय करती दिख रही है। जनता में डर का माहौल है, लेकिन अपराधियों में नहीं। न तो कोई ठोस कार्यवाही होती है, और न ही कोई उदाहरण पेश किया जाता है। शिकायतें होती हैं, सोशल मीडिया पर गूंजती हैं, लेकिन पुलिस का रवैया जैसे ''देखेंगे बाद में'' जैसा ही रहता है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, पैसे के खेल ने कानून को खोखला बना दिया है — मामला कोई भी हो, बिना पैसे के नहीं चलता। जब पीड़ित न्याय की आस में सड़क पर उतरते हैं, तो पुलिस लाठी लेकर महिलाओं और बच्चों पर टूट पड़ती है। यह दृश्य लोकतंत्र की नहीं, बल्कि दबंगतंत्र की पहचान है। लोग पूछ रहे हैं: क्या यही है गुंडों से मुक्त समाज का वादा क्या यही है सुशासन की तस्वीर? क्या यही है सबका साथ, सबका विकास?ङ्क अब जनता जाग चुकी है, सवाल पूछ रही है और जवाब चाहती है। सरकार और प्रशासन को ये समझ लेना चाहिए: अब जनता सिर्फ वादे नहीं, नतीजे देखना चाहती है।

## हाईवे पर मौत की सवारी, नियमों को रौंदकर फर्राटा भर रहे मैजिक वाहन

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर लखीमपुर शहर से चलकर बहराइच और नानपारा को जाने वाली सैकड़ों की संख्या में टाटा मैजिक नियमों को ठेंगा दिखाते हुए मैजिक चालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। सड़क सुरक्षा के तमाम नियमों को दरकिनार कर ये चालक मैजिक वाहनों के पीछे तीन-तीन सवारियों को लटकाकर फर्राटा भर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि आरटीओ की कार्यवाही सिर्फ ई-रिक्शा तक ही सीमित नजर आ रही है, जबकि हाईवे पर दिनदहाड़े मौत को दावत दे रहे ये मैजिक वाहन खुलेआम दौड़ रहे हैं। न ओवरलोडिंग का डर, न फिटनेस चेक की चिंता — सिर्फ सवारियों से ठूंसे हुए वाहन और लापरवाह रफ्तार। स्थानीय लोगों और यात्रियों का सवाल: ''कब जागेगा प्रशासन? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही होगी कार्यवाही?'' शहर से गांव तक जुड़ने वाली इस मुख्य सड़क पर हर दिन हजारों लोग इन असुरक्षित मैजिक वाहनों में सफर करने को मजबूर हैं। चालकों की लापरवाही और प्रशासन की चुप्पी मिलकर जानलेवा हालात पैदा कर रहे हैं। अब जनता पूछ रही है: सिर्फ ई-रिक्शा वालों को पकड़ने के लिए है? मैजिक चालकों ी मनमानी पर कब लगेगी लगाम? यदि जल्द सख्त कार्यवाही नहीं की गई तो ये ''मैजिक'' गाड़ियाँ किसी भी दिन किसी के लिए काल साबित हो सकती हैं।

## थाना ईसानगर पुलिस द्वारा, 04 नफर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष ईसानगर के नेतृत्व में थाना ईसानगर पुलिस द्वारा 04 नफर वारंटी 1.ननकू पुत्र ईश्वरी प्रसाद उम्र करीब 35 वर्ष नि0 ग्राम सेमरिया थाना ईसानगर जिला खीरी सम्बन्धित मु0सं0-1991/17, अ0स0 633/12 धारा-323/324/504/506 भादवि थाना ईसानगर जिला खीरी ता0पेशी0 10/09/2025 2.राम गोपाल गौतम पुत्र हरद्वारी उम्र करीब 40 वर्ष नि0 ग्राम रामलोक थाना ईसानगर जिला खीरी मु0स0-3874/17,अ0सं0-245/13 धारा-323/504/325 भादवि0 ता0पेशी-26/9/25 3.छोटे पुत्र परशुराम उम्र करीब 45 वर्ष नि0 ग्राम नारीबेहड थाना ईसानगर जिला खीरी मु0स0-932/07,अ0सं0-142/06 धारा-380 भादवि0 ता0पेशी-24/08/25 व 4.बिद्दी पुत्र मैकू उम्र करीब 60 वर्ष नि0 ग्राम नारीबेहड थाना ईसानगर जिला खीरी मु0स0-932/07,अ0सं0-142/06 धारा-380 भादवि0 ता0पेशी-24/08/25 थाना ईसानगर जिला खीरी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया।

# लखीमपुर को मिली बड़ी सौगात, भंसड़िया में बनेगा अत्याधुनिक बस अड्डा, जाम से मिलेगी राहत



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार लखीमपुर शहर को नया बस अड्डा मिलने जा रहा है। भंसड़िया क्षेत्र में 17 बीघा भूमि पर प्रस्तावित इस अत्याधुनिक बस स्टेशन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। जिला प्रशासन ने ज़मीन चिह्नित कर ली है और निर्माण कार्य भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। शहर के बीचोंबीच स्थित पुराने बस अड्डे के कारण आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी। अब नए बस स्टेशन के शहर सीमा से सटे और प्रमुख मार्गों से जुड़े स्थान पर निर्माण से यातायात का दबाव काफी कम होगा। यात्री आसानी से बस सेवाओं का लाभ ले सकेंगे और शहरवासियों को रोज़ाना की ट्रैफिक झंझट से निजात मिलेगी। प्रस्तावित सुविधाएं जो नए बस अड्डे को बनाएंगी खास: वातानुकूलित वेटिंग रूम स्वच्छ शौचालय फूड कोर्ट बड़े पैमाने पर पार्किंग व्यवस्था स्मार्ट टिकटिंग सिस्टम प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए प्रशासन को धन्यवाद कहा है। उनका मानना है कि इससे न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि शहर का सौंदर्य और सुव्यवस्थित विकास भी सुनिश्चित होगा। एक नई शुरुआत की ओर बढ़ता लखीमपुर, अब शहर को मिलेगी भीड़ से राहत और यात्रियों को बेहतर सुविधा।

## लखीमपुर में सांप्रदायिक हमले का शिकार युवक अमित की मौत, सैधरी गांव में पसरा मातम

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उल्ल नदी किनारे शनिवार सुबह हुए जानलेवा हमले में घायल युवक अमित (25) की मौत हो गई है। सैधरी गांव निवासी अमित को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया था, लेकिन रविवार सुबह रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

पूरा मामला महेवागंज का है, जहां अमित का छोटा भाई नितिन किसी बात को लेकर विवाद में फंस गया। आरोप है कि विशेष समुदाय के कुछ लोगों ने नितिन पर हमला किया और उसे उल्ल नदी में फेंक दिया। अपने भाई को बचाने पहुंचे अमित पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया गया।घटना के बाद अमित को लखनऊ भेजा गया, लेकिन हालत इतनी गंभीर थी कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

स्थिति की मुख्य बातें:मृतक अमित, उम्र 25 वर्ष, सैधरी गांव का निवासी विशेष समुदाय के लोगों पर गंभीर आरोप गांव में भारी पुलिस बल तैनात पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और ग्रामीणों में आक्रोश है।

# भू –माफियाओं में शामिल हुए लेखपाल : आलोक



**भू-माफियाओं से साठगांठ में लेखपाल की भूमिका पर उठे सवाल**

**आधी - अधूरी जांच कर बताया तालाब पर कोई कब्जा नही**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर (ब्यूरो):मामला विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सड़िला का है, जहां एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि ग्राम समाज की जमीन, विशेष रूप से तालाब, पर अवैध कब्जा किया गया है। इस शिकायत पर लेखपाल आलोक द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया, लेकिन जांच अधूरी और एकतरफा रही। शिकायतकर्ता के अनुसार, लेखपाल ने केवल खेत की एक दिशा को आधे रास्ते तक नापकर यह रिपोर्ट दे दी कि तालाब पर कोई कब्जा नहीं है, और यहां तक कहा कि ''फिलहाल तो इनका खेत भी कम है।'' जबकि शिकायती पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि गोविंद पुत्र सोहनलाल की भूमि की भी नापजोख की जाए और यदि उसमें ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण हो, तो उसे हटाया जाए। लेखपाल ने तालाब के अलावा किसी अन्य चिन्हित स्थान की जांच नहीं की और जब शिकायतकर्ता ने दूसरे स्थान की पैमाइश की मांग की तो लेखपाल ने केवल इतना कहा कि ''कल या परसों आएंगे'' – लेकिन न वे दोबारा आए और न ही किसी प्रकार की जांच की गई। इसके बावजूद उन्होंने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख कर दिया कि गाटा संख्या 719 पर गोविंद पुत्र सोहनलाल के पास 0.348 हेक्टेयर भूमि है। शिकायतकर्ता का कहना है कि अगर निष्पक्ष रूप से मौके पर पुनः पैमाइश कराई जाए तो वास्तविक भूमि इससे कहीं अधिक निकल सकती है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस प्रकरण की दोबारा जांच फिर उसी लेखपाल से कराई जाएगी या किसी उच्चाधिकारी की निगरानी में निष्पक्ष जांच होगी। फिलहाल मामला प्रशासन की पारदर्शिता और लेखपाल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

# बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त ने की समीक्षा,दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी । संकट की घड़ी में किसी भी संभावित आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर रविवार को लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखीमपुर खीरी पहुंचकर कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ प्रबंधन को लेकर विभागीय अधिकारियों संग गहन समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक का संचालन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किया।

आयुक्त ने विभागवार तैयारियों का बिंदुवार रिव्यू किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ से पहले सभी व्यवस्थाएं धरातल पर दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही एंटीवेनम दवाओं की उपलब्धता, राहत चौकियों की सक्रियता, और चिकित्सा सहायता की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी को अलर्ट मोड पर रहने को कहा।

सुहेली नदी बनी राहत का माध्यम

समीक्षा बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने बताया कि सुहेली नदी की सफाई से नदी पुनर्जीवित हो गई है। इससे न सिर्फ प्रवाह क्षमता बढ़ी है, बल्कि करीब 50 हजार की आबादी को जलजमाव से स्थायी राहत मिली है। सुहेली व सोती नदियां अब अपने-अपने कोर्स में बह रही हैं।

उन्होंने बताया कि जोहरा नाले को बंद किए जाने के बाद लठौउवा से ढखेरवा तक ग्रामीणों को 25 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ रही है, जिससे आवागमन सरल हो गया है। नदी की खुदाई के बाद 1.5 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि प्राप्त हुई, जिस पर वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया है। चैनेलाइजेशन से शारदा नदी का बहाव नियंत्रण में* : अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने बताया कि शारदा नदी में 1.31 लाख क्यूसेक डिस्चार्ज के बावजूद नदी खतरे के निशान से 32 सेंटीमीटर नीचे बह रही है, जबकि पिछले वर्ष इतनी ही मात्रा में पानी आने पर नदी 20 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। चैनेलाइजेशन कार्यों के चलते अब पलिया पुल के ऊपर जलभराव व जल फैलाव की स्थिति नहीं बन रही। नदी में प्रवाह की गति बढ़ी है, जिससे बाढ़ नियंत्रण में प्रशासन को बड़ी राहत मिली है। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने जानकारी दी कि बाढ़ राहत से जुड़ी सभी टेंडर प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित है। समीक्षा बैठक में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, पीडी डीआरडीए एसएन चौरसिया, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड डॉ. अजय कुमार, ईई सिंचाई प्रथम राम बहादुर, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, रत्नाकर मिश्रा, राजीव कुमार निगम, शशिकांत मणि, डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने की विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग, समग्र विकास व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम ने शनिवार को जनपद के विकास कार्यों व कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए गरीबों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों के प्रति व उनकी समस्याओं के प्रति अधिकारी संवेदनशील बनें। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि कानून एवं शान्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर से कहा कि महिला अपराधों में कमी लाएं व महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर कराएं। उन्होंने पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि महिला अपराधों से संबंधित वादों की विवेचनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए, उन्हें लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें। प्रदेश में कानून एवं शांति अवस्था का राज है और अपराधियों की सही जगह जेल है इसमें किसी प्रकार का समझौता से कार्य नहीं होगा। उन्होंने एससी-एसटी एक्ट से संबंधित वादों की जानकारी भी ली।

मा0 राज्यमंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मनरेगा के मानव दिवसों की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी का मानना है कि गांव के अंतिम व्यक्ति के सर पर छत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आवास योजना में अपात्र आवेदकों की सूची का अधिकारी औचक निरीक्षण करें। कोई भी पात्र योजना से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्राम सचिव क्लस्टर के अनुसार अपने कार्यालय में बैठें।

उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों को सड़क आदि निर्माण के प्रस्तावों को शासन को भेजने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना सभी की जिम्मेदारी है, सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी अपनी जिम्मेदारियों व दायित्वों का निर्वहन ठीक प्रकार से करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं, कन्या सुमंगला, कौशल विकास, पशुधन, जल निगम आदि विभिन्न विभागों की योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से कहा कि पाइपलाइन बिछाने के लिए जो गड्ढे सड़कों पर किए गए हैं उनको प्राथमिकता पर भरा जाए। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से कहा कि जिन 325 ग्रामों में पानी पहुंच रहा है वह उसकी सूची विधायक सदर को उपलब्ध कराएं ताकि वह उसकी जांच करा सकें। उन्होंने पशुधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी निराश्रित गोवंशों को आश्रय प्रदान किया जाए साथ ही नंदियों को भी आश्रय प्रदान हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क पर निराश्रित गोवंश नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों पर फोकस करने के लिए कहा। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने कहा कि बैठक के दौरान मा0 मंत्री ने जो दिशा निर्देश दिए हैं उसका शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि एनआरएलएम के अंतर्गत 19763 समूह का गठन किया गया है।

# जनपद की प्रतिव्यक्ति आय में हुई 11.01 प्रतिशत की वृद्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में राज्य सरकार की प्रदेश की अर्थव्यवस्था 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने की परिकल्पना को लेकर जनपद स्तरीय बैठक की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य में जनपद बदायूं की अहम भूमिका बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं सीडीओ ने बताया कि जनपद बदायूं की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2022-23 में 53797 रुपए से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 60864 रुपए हो गई, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर 11.01 प्रतिशत है।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहुत बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की आर्थिक प्रगति से जुड़े प्रत्येक डाटा का सतर्कतापूर्वक एवं जो डाटा आपके द्वारा दिया जा रहा है उसकी प्रमाणिकता के साथ संकलन व प्रस्तुतीकरण किया जाए।

उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रत्येक जिले में 01 ट्रिलियन डॉलर सेल का गठन किया गया है, इसमें जनपद की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले विभागों को तीन मुख्य क्षेत्र में बांटा गया है, जिसमें प्राथमिक क्षेत्र कृषि, पशुपालन, वन्य एवं मत्स्य द्वितीयक क्षेत्र उद्योग, निर्माण, बिजली एवं गैस तथा तृतीयक क्षेत्र व्यापार, पर्यटन, परिवहन एवं वित्तीय सेवाएं हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से अपेक्षित कार्रवाई करने और नियमित रूप से त्रैमासिक बैठक माह जुलाई, 2025, अक्टूबर 2025, जनवरी 2026 अप्रैल 2026 में आयोजित कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की जिला स्तर पर अपने विभाग के आंकडों से संबंधित पोर्टल पर समय से फीडिंग करायें इसके साथ ही राज्य सरकार से जारी आंकड़ों का जिला स्तर से समय-समय पर मिलान करते रहें। बताया कि वर्ष 2022-23 में बदायूं जिले की जीडीपी रू0 26659.07 करोड एवं 2023-24 की जीडीपी 30208.39 करोड रुपए रही है। वर्ष 2022-23 को अपेक्षा वर्ष 2023-24 में जीडीपी की वार्षिक दर वृद्धि 1278 प्रतिशत देखी गई। इस अवसर पर सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम विकास राज्यमंत्री ने किया पंचतत्व पौधशाला का उद्घाटन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दातागंज के ग्राम सराय में पंचतत्व पौधशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने किया। उन्होंने पौधशाला में सिंदूर का पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे महादेव की इस पावन धरती पर इस पौधशाला में सिंदूर का पौधा रोपित करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा शिप्रा पाठक द्वारा किए गए इस पुण्य कार्य से देश की आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा पानी मिलेगा। भाजपा ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि शिप्रा पाठक ने पोधारोपण अभियान चलाकर जनहित कार्य किया है। अब तक उनके द्वारा 51 लाख पौधे ही नही लगाए अपितु सभी वृक्ष बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के हरित प्रदेश में शिप्रा की पंचतत्व संस्था का बड़ा योगदान है। केन्द्रीय राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, पूर्व सांसद धर्मेन्द्र कश्यप एवं बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में इस पौधशाला से पूरे जिले को लाभ होगा। विधायक आशुतोष मौर्य, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, पूर्व सांसद की पुत्री कीर्ति कश्यप समेत सर्वसमाज के लोग, डॉक्टर, अधिवक्ता, व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्राथमिकता पर हो निस्तारण : केन्द्रीय राज्य मंत्री

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय, और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली बी0एल0 वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को विकास भवन सभागार में विद्युत विभाग के विकास कार्यों की चर्चा बैठक की गयी। केन्द्रीय राज्य मंत्री बी0एल वर्मा द्वारा विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने, मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाये रखने, लम्बित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने एवं मा0 जनप्रतिनिधियों एवं उपभोक्ताओं से सम्बन्धित समस्याओं का त्वरित समाधान करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरूण कुमार, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अखिलेश कुमार सहित समस्त अधिशासी अभियन्ता (विद्युत) एवं समस्त उपखण्ड अधिकारी (विद्युत) उपस्थित रहे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वच्छता मिशन की जमकर उड़ाई जा रही है धज्जियां

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जहां पर एक तरफ योगी सरकार स्वास्थ्य विभाग पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च करती नजर आ रही वहीं दूसरी तरफ उनके ही लापरवाह अधिकारी व कर्मचारी उनके ही आदेशों को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही मामला कस्बा आलापुर के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सामने आया है जहां गंदगी का मिला अट्टांबार यहां महीनों के हिसाब से नहीं होती है। आपको बता दें कि अलापुर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आलापुर पर सीएससी 24 घंटे डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध है यहां डिलीवरी भी होती है पर यहां कोई सफाई कर्मी सफाई करने नहीं आता है, और तो और चार बूंद बारिश की पड़ने पर छ्त टपकती है नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की छत इसको नहीं है कोई सूझबूझ लेने वाला अधिकारी लोगों की माने तो मरीज व कर्मचारी खुद से भर-भर के पानी को फेंकते हैं बाहर वहीं कर्मचारियों का कहना है कि कई बार हम इसकी शिकायत अपने विभाग की उच्च अधिकारियों से लिखित में दे चुके हैं अभी तक कोई भी अधिकारी ने नवीन स्वास्थ्य केंद्र की कोई सूझबूझ नहीं ली अब देखने वाली बात यह होगी कैसे लापरवाह सफाई कर्मी व संज्ञान नहीं लेने वाले अधिकारियों पर योगी सरकार क्या कार्रवाई करती है।

## जनपद के 450968 कृषकों को दी सम्मान निधि की सौगात

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को वाराणसी में किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। प्रधानमंत्री ने किसान निधि योजना के तहत देश भर के 9.70 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के बैंक खातों में 20,500 करोड़ रुपये बटन दबाकर सीधे हस्तांतरित किए। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के सभी ब्लॉकों में दिखाया गया। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा जनपद के 450968 कृषकों के खातें में 2000 रुपए की सौगात दी। जनपद का मुख्य कार्यक्रम केन्द्रीय राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी में आयोजित हुआ। पी0एम0 किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओंएवं कृषकों की कृषि सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण किया। जनपद के विकास खण्ड दातागंज में मा0 विधायक राजीव कुमार सिंह, मा0 ब्लॉक प्रमुख अतेन्द्र विक्रम सिंह, विकास खण्ड सालारपुर में मा0 विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, विकास खण्ड बिल्सी में मा0 विधायक हरीश शाक्य तथा विकास खण्ड समरेर में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य तथा अन्य विकास खण्डों में मा0 ब्लॉक प्रमुख उपस्थित रहे। इस अवसर पर मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, मा0 ब्लॉक प्रमुख उझानी शिशुपाल सिंह शाक्य, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार दूरदराज से आये कृषक उपस्थित रहे।

## बाईक अनियंत्रित होकर गिरी, तीन घायल

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाइक की चेन में महिला की साड़ी लिपटने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे वाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। चिकित्सकों ने घायलों को हायर सेंटर रेफर किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव पोंडरी थाना बुलंदशहर निवासी शनि अपनी 65 वर्षीय मां हेमा, 4 वर्षीय पुत्र मयंक के साथ अपनी बहन की ससुराल गांव रोरा में त्यौहार से पूर्व रस्म निभाकर लौट रहे थे। गांव शाहजहांपुर के निकट वाइक पर पीछे बैठी हेमा की साड़ी चेन में लिपट गई जिससे बाइक अनंत्रित होकर गिर गई। घटना में शनि, हेमा, मयंक गम्भीर घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने तीनों का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## चालक की करंट लगने से मौत

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कैंटर गाड़ी में बेल्डिंग कराते समय चालक की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 38 वर्षीय समयदीन पुत्र राजुद्दीन निवासी गांव लच्छ्मपुर रविवार की दोपहर बुलंदशहर स्थित बेल्डिंग की दुकान पर कैंटर गाड़ी में बेल्डिंग का कार्य करा रहा था। तभी अचानक समयदीन नीचे पड़े तार छू जाने से करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। मौजूद लोग घायल को सीएससी ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक चार बच्चें है, खेती की भूमि न होने से अनूपशहर निवासी सरफराज की कैंटर गाड़ी चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़ित पक्ष से अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## जन आरोग्य मेले में समय पूर्व चले गए चिकित्सक

**कुढफतेहगढ़/ चंदौसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन सभी पीएचसी पर किया जाता है। जिसमें शाम 4:00 बजे तक रोगियों का उपचार कर दवाई वितरण की जाती है। सीएचसी नरौली से सम्बद्ध पीएचसी कुढफतेहगढ़ में रविवार को आरोग्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें अपराह्न तीन बजकर बीस मिनट पर अस्पताल को बंद कर चिकित्सक चले गए। दवा लेने पहुंचे ग्रामीण अस्पताल में ताला लटका देखा बैरंग लौट गए। क्षेत्रीय ग्रामीण अभिषेक 3:20 पर दवा लेने पहुंचे तो अस्पताल पर ताला देखकर बिना दवा लिए वापस लौट आए। जब इस संबंध में पीएचसी में तैनात चिकित्सक मोहम्मद साजिद से जानकारी की गई तो उन्होंने। कबूल किया कि वर्षा हो जाने के कारण आज 3:15 बजे अस्पताल से आ गया था । कुढफतेहगढ़ पीएचसी में सुबह देर से आना व दोपहर बाद समय से पूर्व चले जाना स्वास्थ्य कर्मियों का रूटीन बन गया है जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों को सही से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## श्रावण माह के अंतिम सोमवार को कावड़ ले जा रहे शिव भक्त



**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सावन माह के अंतिम सोमवार को भगवान शिव का जल अभिषेक करने के लिए शिव भक्त कावड़ में गंगाजल भरकर गंतव्य को कूच कर रहे हैं। श्रावण माह सनातन धर्म में भगवान शिव का माह माना जाता है, मान्यता है कि श्रावण माह के सोमवार को भगवान शिव का जल अभिषेक करने से शिव भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। इसी मान्यता को लेकर छोटी काशी आए शिव भक्तों ने कावड़ में गंगाजल भरकर अंतिम सोमवार को भगवान शिव का जल अभिषेक करने के लिए भोले की बम का जय घोष करते हुए गंतव्य को कूच कर रहे हैं।

## बबराला को मिलेगा नया पुलिस थाना, 7 अगस्त को होगा उद्घाटन

**बबराला, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बबराला में नवसृजित पुलिस थाना 7 अगस्त से अस्तित्व में आ जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद दौरे के दौरान इस नये थाने का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। इस नवगठित थाने में गुन्नौर, धनारी और रजपुरा थानों के सीमावर्ती गांवों को शामिल किया गया है। इसमें गुन्नौर क्षेत्र के नौ गांव, रजपुरा थाना क्षेत्र से यारा फर्टिलाइजर प्लांट पुलिस चौकी और जिजौंड़ा डांडा को जोड़ा गया है। फिलहाल बबराला पुलिस थाना अस्थायी रूप से स्थानीय पुलिस चौकी भवन से संचालित होगा। इसके लिए चौकी परिसर में एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य जारी है। स्थानीय नागरिकों में नए थाने को लेकर उत्साह है, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।

# प्रश्नावली प्रतियोगिता मे जीपी विद्या मंदिर की छात्रा नव्या रही अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अनूपशहर। सेवा भारती द्वारा श्री रामचरितमानस प्रश्नावली प्रतियोगिता मे जीपी विद्या मंदिर की छात्रा नव्या ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। सेवा भारती द्वारा रामचरितमानस प्रश्नावली प्रतियोगिता में 21 के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जेपी यूनिवर्सिटी केंपस के छात्रा नव्या शर्मा, द्वितीय महाकवि सेनापति जूनियर हाई स्कूल के छात्र मिलन चौहान तृतीय स्थान संयुक्त रूप से परदादा परदादी इंटर कालेज की राधिका व जेपी विद्या मंदिर यूनिवर्सिटी केंपस की छात्रा मिताली वार्ष्णेय ने स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया।प्रतियोगिता प्रभारी डा. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिता में विद्यालयों के सहभागिता करने से हमारे सनातन धर्म की धरोहर को बढ़ावा मिलता है। सेवा भारती द्वारा सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघचालक सुनील गुप्ता और मुख्य वक्ता राजेंद्र गौड ने सफल कार्यक्रम को लेकर समाज को संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश गोयल, विशिष्ट अतिथि चरण सिंह, डा एस कुमार, सी पी सिंह रहे। सेवा भारती के संजीव कुमार गुप्ता, नारायण देव मिश्रा, भुवनेश वार्ष्णेय, सुभाष चंद्र शर्मा, अमरनाथ राय, भूपेन्द्र सिंह लोधी, श्री प्रशांत दुबे, अमन गर्ग, विवेक शर्मा, हर्षित जिंदल आदि मौजूद रहे।

# विधवा की जमीन हड़पने का आरोप दबंगों के खिलाफ जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। गांव गुमथल में विधवा कमलेश की जमीन को लेकर एक गंभीर विवाद सामने आया है, जिसमें गांव के ही कुछ दबंग लोगों पर जमीन हड़पने की कोशिश का आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि उसका जेठ पुरुषोत्तम, गांव के प्रभावशाली लोगों के साथ मिलकर उसकी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करना चाहता है। जानकारी के अनुसार, कमलेश के पति की मृत्यु हो चुकी है और उनके जेठ पुरुषोत्तम ने दावा किया है कि परिवार का तीसरा भाई चंद्रपाल जीवित है, जबकि दस्तावेजों में उनकी मृत्यु 12 जनवरी 1999 को दर्ज है। हल्का लेखपाल द्वारा दो वर्ष पूर्व मृत्यु प्रमाण के आधार पर फौती दर्ज की गई थी। कमलेश का आरोप है कि अब पुरुषोत्तम उसी निर्णय को गलत बताकर अधिकारियों को गुमराह कर रहा है, ताकि जमीन पर दावा ठोका जा सके। कमलेश के अनुसार, चंद्रपाल की जमीन का स्थानांतरण पहले ही पुरुषोत्तम और कमलेश के पति के नाम हो चुका था, और बाद में कमलेश ने वह जमीन दिल्ली निवासी मिथलेश के रिश्तेदार व लेखपाल वरुण को बेच दी। बैनामा भी उपनिबंधक कार्यालय में विधिवत हुआ। कमलेश का कहना है कि उसे गांव से जबरन निकाल दिया गया, उसका कोई आर्थिक भुगतान नहीं किया गया, और वह अब बिसौली क्षेत्र में रिश्तेदारों के घर रह रही है। धमकियों के चलते वह अब गांव में वापस लौटने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। कमलेश का यह भी आरोप है कि दबंग पुरुषोत्तम द्वारा मिथ्या आरोपों के जरिए अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है, जबकि जमीन की बिक्री स्वेच्छा से और उचित भुगतान के साथ की गई थी। दिलचस्प बात यह है कि शिकायतें केवल लेखपाल और कमलेश के खिलाफ की जा रही हैं, जबकि दिल्ली निवासी क्रेता के विरुद्ध कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। पूरा मामला इस समय उपजिलाधिकारी न्यायालय में विचाराधीन है, और सीओ चन्दौसी द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर हुई चर्चा

बबराला। अंबेडकर पार्क में बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल कोऑर्डिनेटर हरिद्वार लाल गौतम और जिलाध्यक्ष जितेंद्र सागर ने की। बैठक में वक्ताओं ने पार्टी के परंपरागत वोट बैंक को सहेजे रखने के साथ-साथ सर्वसमाज को साथ जोड़ने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सामाजिक समरसता के साथ-साथ जमीनी स्तर पर संगठन की पकड़ मजबूत होनी चाहिए। संगठन को गति देने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र को चार जोनों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में सेक्टर और बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया को तेज करने की रूपरेखा तैयार की गई। प्रथम जोन की जिम्मेदारी दिलीप भारती, द्वितीय जोन की रफ़ेदीन, तृतीय जोन की किशोरी लाल गौतम और चतुर्थ जोन की जिम्मेदारी बुद्धसेन को सौंपी गई। विधानसभा प्रभारी एवं अध्यक्ष को निर्देश दिए गए कि वे शीघ्रता से सेक्टर व बूथ स्तर की कमेटियों का गठन सुनिश्चित करें, जिससे पार्टी की पकड़ बूथ स्तर तक मजबूत हो सके।

# प्रथम भंडारा आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सम्भल। सावन माह के दौरान शनिवार को नगर पंचायत पाकबड़ा कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा प्रथम भंडारा आयोजित किया गया। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कहा कि ऐसे आयोजनों से धार्मिक और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। सावन माह के पवित्र अवसर पर आयोजित इस भंडारे में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे सफल बनाया।

चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कहा कि सावन माह के दौरान आयोजित इस भंडारे से धार्मिक एवं सामाजिक सद्भाव भी बढ़ता है। उन्होंने कर्मचारियों की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन नगर पंचायत पाकबड़ा के कर्मचारियों के बीच एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

इस भंडारे का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सौहार्द का भी प्रतीक है। सावन माह के पवित्र अवसर पर आयोजित इस भंडारे से नगर पंचायत पाकबड़ा के कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के बीच एक विशेष बंधन का निर्माण होता है।

चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि धार्मिक और सामाजिक सद्भाव को और अधिक मजबूत किया जा सके। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें और इन्हें सफल बनाने में अपना योगदान दें।इस मोके पर हिमांशु चौहान,दानिश मलिक, जितेंद्र कुमार गोला,राहुल सैनी, इम्तियाज़,पुष्पेंद्र,प्रशांत, शहज़ादा,केशव गोस्वामी,पंकज,सलमान आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम में आशा सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सम्भल (बहजोई)। मुख्यालय बहजोई स्थित बस स्टैंड मैदान पर आयोजित सात दिवसीय संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के तृतीय दिवस दिनांक 3 अगस्त 2025 को स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा सम्मेलन का आयोजन जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित आशा/ए.एन.एम. आदि को ए.बी.पी.(एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम) के विषय में विस्तृत रूप से बताया। सभी एस्पिरेशनल ब्लॉक में कार्यरत आशाओं में एएनएम को सभी 10 बिंदुओं पर संतृप्तिकरण किए जाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित आशा / ए.एन.एम. को वर्तमान सत्र के 31.12.2025 तक समस्त बिंदुओं पर शत्-प्रतिशत संतृप्तिकरण की शपथ भी दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट जी ने आशाओं के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में जोश का वर्णन करते हुए सभी को इसी जोश, मेहनत और ईमानदारी से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने हेतु आह्वान किया गया। गत एक वर्ष में आशा व एएनएम के द्वारा मेहनत से किये गये आमूलचूल परिवर्तन पर सभी की कार्यशैली को नमन किया। समस्त आशा बहनों से आशा डायरी के समस्त कॉलम को उचित प्रकार से अंकन किया जाये तथा अपने क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीकरण कराया जाना व उनका संस्थागत प्रसव कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। समस्त आशा व एएनएम से अपने कार्य क्षेत्र में अधिक से अधिक सहजन लगायें जाने का भी आह्वान भी किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने संबोधन में उपस्थित समस्त आशाओं में एएनएम को 10 बिंदुओं के विषय में विस्तृत रूप से बताया।

# कांवड़ियों के मार्ग में शांति बनाए रखने में पुलिस की सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। शनिवार को जिलाधिकारी/ नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद के आदेशानुसार शहर के कई स्थानों पर नागरिक सुरक्षा के वार्डे न ने कांवर मार्ग पर शान्ति व्यवस्था में पुलिस का पूर्ण सहयोग किया ओर कांवड़ियों की सेवा कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया ओर रामपुर और बरेली को जाने वाले कांवड़ियों को एक सुरक्षित रूप से मुरादाबाद शहर से मार्ग दिखाते हुए शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया इस अवसर पर कांवड़ियों की चिकित्सा सुविधा हेतु एवं उनकी सेवा हेतु सर्किट हाउस, दस सराय चौकी एवं प्रभात मार्केट पर नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद का कैंप लगाया गया, इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा के उप नियंत्रक श्री नीरज चक , सहायक उप नियंत्रक सतीश कुमार, डिप्टी चीफ पंकज सक्सैना,स्टॉफ अधिकारी टू चीफ वार्डन शरीफ अहमद, स्टॉफ अधिकारी राकेश जैसवाल, पोस्ट वार्डन संदीप जैन आदि उपस्थित रहे।

# विद्यालयों के ऊपर से 01 माह में हाईटेंशन लाइन को हटाया जायः डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। जनपद में संचालित परिषदीय प्राथमिक एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के भवनों/परिसरों के ऊपर से जा रहे हाई टेंशन/एलटी लाइन को हटाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक का संचालन करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में संचालित परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन लाईन से सम्बन्धित 160 विद्यालयों का चिन्हांकन करते हुये अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग को स्टीमेट हेतु सूची उपलब्ध कराई गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक की आख्या के क्रम में 06 माध्यमिक विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन लाईन जा रही है। इस प्रकार कुल 166 विद्यालयों के परिसर से छात्र सुरक्षा के दृष्टिगत हाईटेंशन लाईन हटाया जाना नितान्त आवश्यक है। श्री सिंह ने बताया कि जनपद स्तरीय समिति के माध्यम से हाईटेंशन लाईन हटाये जाने हेतु शासन स्तर से रू. 135.59 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ है।

समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि अध्यक्ष उ.प्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्ययोजना बनाकर अतिआवश्यकता वाले विद्यालयों से क्रमबद्ध तरीके से हाईटेंशन तार हटाये जाने हेतु अविलम्ब कार्यवाही करते हुये इस कार्य को एक माह में पूर्ण कराया जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उच्च शिक्षा अधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधीक्षण अभियन्ता, (वितरण) विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बहराइच, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कैसरगंज अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नानपारा, सहायक अभियन्ता, भण्डार उपस्थित थे।

# सम्पूर्णता अभियान समारोह का दूसरा दिन रहा छात्र-छात्राओं के नाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूंचकाकों के संतृप्तिकरण के उपरान्त कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट 'उत्थान' (आडिटोरियम) में 02 से 06 अगस्त तक आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों एवं अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय शरदपारा के छात्र-छात्राओं द्वारा ये धरती अपनी ये आसमां हमारा, जलवा-जलवा तथा भगवान श्री कृष्ण पर आधारित नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों का मनमोह लिया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय अजीजपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत फ्री फ्लो योगा एवं आर्टेस्टिक सोलो डांस तथा हमार देशवा सोनवा की चिरैय्या सामूहिक गान की दर्शकों द्वारा मुक्तकंठ से सराहना की गई। नगर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय काज़ीपुरा के छात्र-छात्राओं ने यह देश है वीर जवानों का देशभक्ति समूहगान तथा कविता पाठ को सुनकर मौजूद लोग भी अपने आप को वाह-वाह करने से रोक नहीं सके। विकास खण्ड हुजूरपुर अन्तर्गत ब्लू बेल्स इवरग्रीन ताजपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा जाने नहीं देंगे तथा शहीद भगत सिंह पर आधारित नाटिका की प्रस्तुति को भी सराहा गया। ब्लाक तजवापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेहटाभया के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सारे जहां से अव्छा हिन्दोस्तां हमारा व मेरे देश की धरती सोना उगले जैसे देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने आडिटोरियम में ऊर्ज़ा का संचार कर दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम धनंजय सिंह व परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण मनीष कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग के लेखाधिकारी वीरेश वर्मा, बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# गायत्री परिवार द्वारा कराया गया दीपोत्सव कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। हलियापुर कस्बे में स्थित विरधा माता देवी परिसर में संदीप सिंह (फौजी) पुत्र ओमप्रकाश सिंह की अगुवाई में एक कुण्डीय महायज्ञ व दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन गायत्री परिवार के तत्वाधान में पर्यावरण बचाने हेतु शुक्रवार रात सैकड़ों महिलाओं व कन्याओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर, विरधा माता से पर्यावरण हेतु प्रार्थना करते हुए बारह अक्टूबर से अठारह अक्टूबर तक हलियापुर कस्बे में स्थित भाले सुल्तान क्षत्रियों की कुल देवी मां बौरा परमेश्वरी धाम परिसर में श्रीमद् पुराण पावन कथा का संकलप लेते हुए यज्ञ दीप की आहुति की। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, शिवगोपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, शिवमूर्ति, सुधीर प्रताप, नीलम सिंह तथा शांति कुंज गायत्री तीर्थ हरिद्वार युवा मंडल संयोजक शुभम सिंह आदि मौजूद रहे।

# सावन झूले पर लोगो झूलने का लिया आनंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडाःशनिवार को ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में सावन हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।जिसमें समाज की नवविवाहित मारवाड़ी बहू बेटियां सुंदर साड़ी,लहंगा,व सूट में पारंपरिक परिधान धारण करके मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम के लिए शामिल हुई।जिसमें आयोजक मंडल द्वारा तीज स्पेशल सरप्राइज क्वेश्चन,गेम्स, नृत्य कार्य क्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की महिलाएं व बेटियों ने भाग लिया। डांस प्रोग्राम में हिना सिंघल ,वर्षा अग्रवाल,और ईशानवी अग्रवाल रही।मेमोरी गेम में नूपुर मोदी स्केच और गिलास गेम में रंजन केडिया, चूड़ी गेम में नेहा अग्रवाल,क्वेश्चन आंसर राइटिंग गेम में रितिक गर्ग और प्रश्नोत्तरी में छवि सिंघल वि नर रही,और इसके अलावा हाउजी गेम हुए। जिसमें पांच लोगों को विजेता घोषित किया गया।कार्यक्रम में डॉक्टर उषा अग्रवाल डॉक्टर रेनू अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष सरोज अग्रवाल पूर्व मंत्री पूनम मित्तल जजमेंट रहीं।कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को महिला मंडल द्वारा सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। यह आयोजन श्री श्याम मंदिर महिला मंडल गोंडा द्वारा आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, मंत्री संतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बेनू अग्रवाल ,शारदा गर्ग, सरोज गर्ग, वर्षा अग्रवाल, नीतू गर्ग,सरिता सिंघल , रेनू मंगल,सुधा टेकड़ी वाल, मंजू अग्रवाल उमा ताजपुरिया,प्रिया भाव सिंह का,पुष्पा सोमानी और मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका,मंत्री सुशील पचेरिया सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में सावन हरियाली तीज उत्सव पर हरी पत्तियां और हरे कपड़े से मंदिर के प्रांगण को सजाया गया था और बाबा खाटू श्याम और झुंझुनू वाली श्री राणी सती दादी जी का दरबार भी हरी हरी पत्तियों से सजाया गया था।मंदिर के प्रांगण में सावन उत्सव पर सभी लोगों ने झूला झूल का झूलने का आनंद लिया।यह आयोजन श्री श्याम मंदिर महिला मंडल गोंडा द्वारा आयो जित किया गया।इस कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष मीना अग्रवाल,मंत्री संतोष अग्रवाल कोषाध्यक्ष बेनू अग्रवाल,प्रीति अग्रवाल,शारदा गर्ग, सरोज गर्ग, वर्षा अग्रवाल, नीतू गर्ग,सरिता सिंघल, रेनू मंगल,सुधा टेकड़ी वाल,मंजू अग्रवा ल उमा ताजपुरिया,प्रिया भावसिंहका ,पुष्पा सोमानी और मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका,मंत्री सुशील पचेरिया सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन हड़पने का आरोप

सुलतानपुर। धनपतगंज थाना अंतर्गत ग्राम कुट्टा निवासी प्रदीप कुमार ने सीओ बल्दीराय को एक शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में उन्होंने गांव के ही देवनायक मिश्रा पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है।

प्रदीप कुमार के अनुसार, देवनायक मिश्रा ने गाटा संख्या 966 पर अपनी पत्नी आशा मिश्रा के नाम पर धारा 67 (क) का लाभप्राप्त किया। इसके लिए उन्होंने अपनी पत्नी को गरीबी रेखा से नीचे दिखाते हुए झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत किया। जबकि आशा मिश्रा ग्राम कुट्टा, गाजियाबाद और दिल्ली में करोड़ों की संपत्ति की मालकिन हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि देवनायक ने 20 जुलाई 1998 का फर्जी आदेश दिखाकर जमीन पर कब्जा जमाया। जबकि अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने 25 जुलाई 2008 को इस आदेश को खारिज कर दिया था। साथ ही 24 हजार रुपये का जुर्माना और 5 रुपये निष्पादन शुल्क लगाकर उन्हें कब्जे से बेदखल कर दिया गया था। इसके बाद राम दयाल (देवनायक के पिता) ने इस आदेश को निरस्त करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। 4 अक्टूबर 2019 को राम दयाल की मृत्यु के बाद, तहसीलदार को गाटा संख्या 966 का निरीक्षण करने और अनधिकृत कब्जे के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था। प्रदीप का आरोप है कि इन सभी आदेशों को छिपाकर देवनायक और उनके बेटे महेंद्र ने धारा 67 (क) का गलत लाभ लेकर दो मंजिला मकान का निर्माण कर लिया। उप जिला अधिकारी बल्दीराय द्वारा 16 जून 2022 को निर्माण कार्य रोकने और लेखपाल द्वारा 20 जून 2022 को अग्रिम आदेश तक निर्माण न करने के आदेश के बावजूद उन्होंने मकान बना लिया। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि जब वे गाटा संख्या 965 में जबरन बोरिंग कराने का विरोध कर रहे थे, तो उन्हें गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई। थाना प्रभारी प्रवीण यादव ने बताया कि प्रदीप कुमार की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

# न अपराध थम रहा न अपराध की घटनाओं पर विराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डाःशहरी और ग्रामीण इलाके में आए दिन हो रहीं छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं ने लो गों की बेचैनी बढ़ा दी है।कभी चोरी,कभी लूट, कभी हत्या की घटना को अंजाम देकर बदमाश बड़े आराम से सुरक्षित भाग निकल रहे हैं।इस क्रम में हाल के दिनों में उनका कभी भी पुलिस से आमना-सामना नहीं होता है।हालांकि,घटना के बाद पुलिस जरूर पहुंचती है और छापेमारी होती है।लेकिन बदमाश पकड़े नहीं जाते हैं न ही घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रहा है।पीड़ि त लोगों के अनुसार शहर में कई ऐसे भीड़-भाड़ वाले स्थान हैं,जहां सुरक्षा के लिए कोई बंदोस्त नहीं है।हां,पुलिस को दो पहिया वाहनों जांच करते जरूर देखा जा सकता है।शहर में कई जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं।लेकिन फिर भी चोरियां बढ़ती जा रही हैं।जिला अस्प ताल में आए दिन तीमारदारों की मोटर साइकि ल चोरी हो रही है।सूत्र बता रहे है जब मोटर साइकिल चोरों का पता लगाने की कोशिश की जाती है तो पता चलता है कि अधिकतर सीसी

टीबी खराब हैं।इस वजह से पुलिस को कोई खास मदद नहीं मिल पाती।नतीजतन शहरी और ग्रामीण इलाके में लगातार अपराधी घटना ओं को अंजाम दे रहे हैं।

**आरएसएस कार्यकर्ता की मौत मामले में 25 दिन बाद भी नहीं हुआ खुलासा...**

राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के मुजेहना ब्लाक के खंड बौद्धिक प्रमुख अविनाश मिश्रा का शव 9 जुलाई को संदिग्ध हालत में उनके घर से चंद कदम की दूरी पर एक बाग में पड़ा हुआ था।

अविनाश 8 जुलाई मंगलवार को घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे थे।परिवार के लोग उनकी तलाश किया था लेकिन वह नहीं मिले थे।उसके दूसरे दिन बुधवार को बकरी चरा रही महिलाओं ने शव पड़ा देखा तो शोर मचाया। आसपास जुटे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया था।जिसमे आरएस एस कार्यकर्ता की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर किया था।एसओजी सहित कुल पांच टीमें मामले की जांच पड़ताल कर रही है लेकिन 25 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की पांच टीमों के हाथ खाली हैं।

**परसपुर में अष्टधातु की मूर्ति चोरी का खुलासा न होने पर लोगों में गुस्सा...**

परसपुर थाना क्षेत्र राजमंदिर से अष्टधातु की बेशकीमती तीन मूर्तियां व सिंहासन चोरी होने की वारदात का खुलासा न होने पर लोगों में गुस्सा पनप रहा है।परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार सिंह ने परसपुर पुलि स पर नाराजगी जताते हुए सवाल उठाए हैं कि साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी है।राजमंदिर से मूर्तियों की चोरी के मामले को लेकर लोगों में गुस्सा है।उनका कहना है कि थाने से पांच सौ मीटर दूर स्थित मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है।मगर पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी। परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष ने पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह अंदर पुलिस चोरी गई मूर्ति यों की बरामदगी कर चोरों की गिरफ्तारी नहीं करती है तो सामाजिक संगठनों के साथ आंदो लन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।लेकिन करीब 15 से 20 दिन बीत जाने के बाद भी गोंडा पुलिस कि टीमों ने अष्टधातु की चोरी हुई मूर्ति को बरामद नहीं कर सकी है।

## लोकभूषण आद्या प्रसाद का 81वां जन्मदिन समारोह पांच अगस्त को सम्मानित की जायेंगी आठ विभूतियां कादीपुर

सुलतानपुर। वरिष्ठ साहित्यकार लोक भूषण आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप के 81वें जन्मदिन पर साहित्य कला संस्कृति सम्वर्धन न्यास द्वारा एक भव्य समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली आठ विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए न्यास के सचिव पवन कुमार सिंह ने बताया कि समारोह मंगलवार पांच अगस्त को दोपहर डेढ़ बजे से रणवीर राजकुमार इंटर कालेज बरवारीपुर में मनाया जायेगा। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार राम दुलारे सिंह 'सुजान' को पं. राम नरेश त्रिपाठी स्मृति लोक साहित्य रत्न सम्मान, इन्द्रजीत सिंह अर्चक को डॉ.जयसिंह व्यथित स्मृति अवधी साहित्य रत्न सम्मान , डॉ राम प्यारे प्रजापति को मान बहादुर सिंह स्मृति कथा साहित्य रत्न सम्मान , लाल देवेन्द्र श्रीवास्तव को रामानुज त्रिपाठी स्मृति बाल साहित्य रत्न सम्मान, हनुमान प्रसाद सिंह 'अभिषेक' को त्रिलोचन शास्त्री स्मृति काव्य साहित्य रत्न सम्मान, केशव प्रसाद सिंह को धनंजय सिंह स्मृति शिक्षा रत्न सम्मान , डॉ.ओम अनादि गुप्त को धरती के भगवान चिकित्सा रत्न सम्मान तथा श्यामचंद्र श्रीवास्तव को रामकृष्ण जायसवाल स्मृति पत्रकारिता रत्न सम्मान प्रदान किया जायेगा ।

# तेज बारिश में भी नहीं रुका गोमती मित्रों का श्रमदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। रविवार भोर से शुरू हुई तेज बारिश में भी साप्ताहिक श्रमदान का दिन होने के कारण गोमती मित्रों ने सीता कुंड धाम पहुंचकर अपना श्रमदान बदस्तूर जारी रखा, सभी ने भीगते हुए न केवल झाड़ू लगाई बल्कि तट एवं पूरे परिसर में इधर-उधर पड़े हुए कूड़े को हटाते हुए कुंड को भी पूरी तरीके से साफ किया। प्रदेश अध्यक्ष मदन भैया के परिवार में हुई दुःखद घटना से उनकी अनुपस्थिति में सभी ने बड़े दुखी मन से श्रमदान संपन्न किया,सेना में भर्ती के लिए तैयारी कर रहे युवाओं दीपक कुमार, तुषार, ऋषभ, प्रियांशु, इन्द्रमणी, आदित्य, सचिन, राज आदि ने फॉर्स अकादमी के अपने कोच विपिन कुमार के नेतृत्व में विशेष रूप से श्रमदान में हिस्सा लिया। 6:00 बजे से शुरु हुआ श्रमदान सायंकाल होने वाली आरती की तैयारी के साथ 9:00 बजे संपन्न किया गया, तट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने गोमती मित्रों के जज्बे की मुक्त कंठों से प्रशंसा की। श्रमदान में मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, विनय कुमार सिंह, राकेश सिंह दद्दू, संत कुमार प्रधान, राकेश मिश्रा, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, रामू सोनी, आलोक तिवारी, आयुष सोनी आदि शामिल रहे।

# युवक-युवतियों को स्वावलम्बन की राह दिखा दिखा रहा है यूनिक स्वय सहायता समूह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। शहर के मोहल्ला बशीरगंज निवासी कृष्ण शंकर प्रसाद उर्फ गोपाल गुप्ता पिछले कई सालों से गेहूं के डंठल से मनमोहक कलाकृति बना रहे हैं। बचपन में घर व आस-पास की निष्प्रयोज्य सामग्री से कुछ रचनात्मक वस्तु का निर्माण कर कमरे में सजावट के तौर सजाने का शौक कब एक जुनून के रूप में तब्दील हो गया, शायद यह बात उनको स्वयं नहीं मालूम। एक जनपद-एक उत्पाद योजना अन्तर्गत गेहूँ के डंठल से निर्मित कलाकृति के शामिल होते ही श्री गुप्ता को जहां कार्य करने के लिए जहां एक ओर प्रोत्साहन मिला वहीं निर्मित कलाकृति की बिक्री से होने वाली आय ने परिवार को भी सहारा दिया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत यूनिक स्वयं सहायता समूह के गठन करने के पश्चात श्री गुप्ता ने वर्षों की मेहनत से सहेजे गये इस हुनर को दूसरे तक पहुंचाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया। श्री गुप्ता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही जिला कारागार में निरूद्ध महिला एवं पुरूष बन्दियों को सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत गेहूँ के डंठल से कलाकृति बनाने का प्रशिक्षण प्रदान कर लगभग 40 बन्दियों को न सिर्फ हुनरमन्द बनाया बल्कि उनसे कलाकृतियां भी बनवायी जा रहीं है। श्री गुप्ता द्वारा गठित स्वयं सहायता समूह निरन्तर महिलाओं को गेहूँ के डंठल से कलाकृति बनाने का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जा रहा है। साथ ही उन्हें कार्य का अवसर प्रदान कर जीविकोपार्जन में सहायता भी प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता द्वारा गेहूँ के डंठल से निर्मित कलाकृति की सराहना देश की मा. राष्ट्रपति महोदया व प्रदेश की मा. राज्यपाल महोदया व मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी की गई है। इसके अलावा राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष, प्रदेश के पुलिस महानिदेशक, आयुक्त, डीआईजी एवं अधिकारियों की ओर से भी श्री गुप्ता को प्रोत्साहित किया गया है। श्री गुप्ता के प्रयास से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के युवक-युवतियां कलाकृति का हुनर सीख कर न सिर्फ अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं बल्कि अपने के लिए जीविकोपार्जन की राह भी आसान कर रहे हैं। मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विज़न मेक इन इण्डिया व हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के क्रम में यह कार्य अपनी सार्थकता साबित कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि कपूरथला स्थित नवनिर्मित आडिटोरियम परिसर में सम्पूर्णता सम्मान समारोह अन्तर्गत 02 से 06 अगस्त तक सजायी गई आकांक्षा हाट के अवलोकन के दौरान जिले के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा भी गेहूँ के डंठल से निर्मित कलाकृतियों को सराहा गया। इस अवसर जिलाधिकारी अक्ष्य त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकांक्षा हाट में आकर विभिन्न स्वय सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों एवं कलाकृतियों की खरीदारी कर स्थानीय समूहों का उत्साहवर्द्धन करें।

# केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने इंडिया एआई डाटा लैब का किया उद्घाटन मौजूद रहे ऋतुराज पासवान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। पूरनपुर नगरपालिका द्वारा बनाई गई दुकानों के द्वितीय तल पर पकड़िया चौराहे पर रविवार को तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया केंद्रीयमंत्रीसूचना प्रौद्योगिकी और संचार पर समिति एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने इंटेल द्वारा संचालित इंडिया एआई डाटा लैब का उद्घाटन किया इसके बाद गन्ना सोसायटी के चेयरमैन नितिन दीक्षित ने मंत्री को गन्ना सोसायटी की खाली पड़ी जमीन पर ले जाकर अवगत कराया खाली पड़ी जमीन का आंखों का अस्पताल प्रस्तावित है चेयरमैन द्वारा हाल मे गांधी पार्क पर कराया गया नये निर्माण से भी अवगत कराया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे उद्घाटन के बाद मंत्री जितिन प्रसाद नगर पालिका कार्यालय के सभागार पहुंचे। वहां उन्होंने आमजन को संबोधित किया उद्घाटन के बाद मंत्री जितिन प्रसाद नगर पालिका कार्यालय के सभागार पहुंचे वहां उन्होंने आमजन को संबोधित किया उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में केवल पैसे वाले लोग ही आगे बढ़ पाते थे अब गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए भी अवसरों के द्वार खुल रहे हैं जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार तकनीक को गांव-गांव तक पहुंचा रही है। इससे हर तबके का व्यक्ति विकास की दौड़ में शामिल हो सकेगा। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक अब सिर्फ महानगरों तक सीमित नहीं रहेगी इंडिया एआई डाटा लैब जैसी पहल कस्बों और गांवों के युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देगी। इससे उन्हें भविष्य के लिए तैयार किया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और अवसर सृजित होंगे। साथ ही क्षेत्र का समग्र विकास भी होगा मंत्री ने जनता से अपील की कि वे इस अवसर का लाभउठाएं। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा की ओर प्रेरित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि अब सोच बदलने की जरूरत है। तकनीक अपनाने से ही बदलाव संभव है वही अधिवक्ताओं ने लखनऊ-बरेली पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेन पुराने समय पर चलाने की मांग का ज्ञापन सौंपा वही अधिवक्ता अनुराग मिश्रा ने ज्ञापन सौंपा और कहा सरकार ने ब्रॉडगेज के नाम पर जनता को ठगा है पूरनपुर की जनता महसूस भी कर रही है उसे ब्रॉडगेज के नाम ठगा गया क्षेत्र वासियों को यह उम्मीद थी कि उसका सफर अब आसान होने वाला है मीटरगेज के समय 8 जोड़े ट्रेनें प्रतिदिन चलती थी उसमें सुधार किया जाये कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने सभी को तकनीकी सशक्तिकरणमंत्री ने जनता से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा की ओर प्रेरित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि अब सोच बदलने की जरूरत है। तकनीक अपनाने से ही बदलाव संभव है कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद पीलीभीत व शाहजहांपुर डॉ. सुधीर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, मझोला नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, भाजपा क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पांडेय, अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद एवं इंटेल कंपनी टीम से शतरूपा दास गुप्ता, अनूप रावत, प्लास भट्ट सहित, सभासद गण, समाजसेवी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पीडीए पंचायत एवं जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत लोहरपुरा गांव मे हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम लोहरपुरा में पीडीए पंचायत एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय यादव ने किया है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम मे पहुंचे जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने सभा को संबोधित करते हुए।भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनविरोधी और पीडीए विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से भाजपा सत्ता में आई है। तब से पीडीए समाज को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर हैं। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य संविधान रचयिता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों को पिछड़े,अगड़े और दलितों तक पहुंचाना है।

विशिष्ठ अतिथि पूर्व सपा जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने संविधान में दिए गए अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अपील की एव गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान की भी याद दिलाई और भाजपा को संविधान की सबसे बड़ी दुश्मन पार्टी बताया है।समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार''राजू'' ने सम्बोधित करते कहा कि ''जैसे-जैसे भाजपा ताकतवर होगी,वह संविधान को कुचलने का प्रयास करेगी। लेकिन समाजवादी पार्टी पीडीए समाज के साथ मजबूती से खड़ी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भाजपा के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे हम सबको मिलकर इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम को मुख्य रूप से सपा नेता कल्याण सिंह सरोज,अजय भारती,महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष मीता सिंह,ओम शर्मा आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जयपाल सिंह.मंजीत सिंह. दलजीत सिंह.ओम प्रकाश. ठाकुर दास .शिवम यादव. राकेश कुशवाह.रणजीत सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## बोलेरो की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान बरेली के एक अस्पताल में मौत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव कढैर चौरा के रहने वाले सियाराम पुत्र लोचन लाल ने रविवार दोपहर दो बजे बताया कि उनका भतीजा विवेक कुमार दो अगस्त की सुबहा बच्चों को स्कूल छोड़कर बाइक से घर जा रहा था। आरोप है कि गांव के पास पहुचते ही एक स्कूल की बोलेरो गाड़ी ने उसकी टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और गाड़ी चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया था। युवक की हालत गंभीर होने के चलते परिजन उसको बरेली के एक अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां उसका उपचार चल रहा था। बताया जा रहा है कि उपचार के दौरान युवक की बरेली के एक अस्पताल में मौत हो गई। सियाराम ने मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## बाघ ने गाय का किया शिकार ग्रामीणों में दहशत का माहौल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव श्रीनगर निवासी ओमप्रकाश पुत्र कढ़ेर ने रविवार सुबह 11 बजे बताया कि उसकी पत्नी गांव से कुछ ही दूरी पर गाय और बकरियां चराने के लिए गई थी। इस दौरान गाय नहीं मिल पाई काफी खोजबीन के बाद भी गाय का कौई सुराग नहीं लग सका था। रविवार को भी गाय की खोजबीन की तो पिपरा निवासी लीलाधर के गन्ने के खेत गाय के अवशेष मिले अवशेष मिलने से लोगों में बाघ की दहशत है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाघ खेतों में ही घूम रहा है।

## पूरनपुर से बरेली के लिए प्रतिदिन ट्रेन संचालन के लिए सभासदो ने केंद्रीय मंत्री से की मांग सौंपा पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद के सभासद नादिर रजा बरकाती,शरीफ अहमद, अनूप गुप्ता व क्षेत्र के व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद पीलीभीत जितिन प्रसाद को पत्र लिखकर पूरनपुर से बरेली के लिए प्रतिदिन ट्रेन संचालन की मांग की है।ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि पूरनपुर से बरेली के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, छात्र और आम नागरिकों का आना-जाना बना रहता है। वर्तमान में सीधी और नियमित ट्रेन सुविधा न होने के कारण यात्रियों को काफी असुविधा होती है।ज्ञापन में कहा गया है कि अधिकांश लोग पहले बरेलीऽपीलीभीत ट्रेन का उपयोग करते थे, लेकिन सीधी कनेक्टिविटी न होने से छात्रों को पढ़ाई, व्यापारियों को व्यापार तथा आमजन को विभिन्न कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस पत्र पर कई जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और समाजसेवियों के हस्ताक्षर हैं जिनमें प्रमुख रूप से सभासद नादिर बरकाती,अनूप कुमार गुप्ता सभासद शरीफ अहमद, एवं अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों के नाम शामिल हैं। उन्होंने सांसद से मांग की कि वे अपने स्तर से रेलवे मंत्रालय में यह मुद्दा उठाकर पूरनपुर से बरेली के बीच नियमित ट्रेन संचालन सुनिश्चित कराएं।जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि अगर यह ट्रेन सुविधा बहाल होती है तो पूरनपुर और आसपास के हजारों लोगों को सीधा लाभ पहुंचेगा। यह मांग अब जनहित के एक अहम मुद्दे के रूप में सामने आ रही है।

## मोहनगंज पुलिस ने दस हजार के इनामी बदमाश को धरदबोचा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित व दस हजार रुपये का ईनामिया अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना मोहनगंज में वांछित व दस हजार रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी महेश कुमार पुत्र मनीराम निवासी पूरे सुब्बा मजरे मददूपुर उमरवल थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अपराधी एक सक्रिय आपराधिक गैंग का सदस्य का है जिसका गैंग लीडर पंकज सिंह उर्फ राजू है। उक्त गैंग आर्थिक, भौतिक लाभ हेतु अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री स्थापित करने, हत्या का प्रय' करने, वाहन चोरी व मारपीट करने आदि समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहता है।गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ जनपद अमेठी में अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री स्थापित करने, मारपीट आदि आदि मामलों में अभियोग पंजीकृत हैं। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अपराधी को जेल भेज दिया गया है।

## सावन माह के अंतिम सोमवार के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सावन माह के अंतिम सोमवार के मद्देनजर कांवड़ यात्रा और श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अयोध्या की ओर जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कूरेभार थाना क्षेत्र के मुजेश टोल प्लाजा से वाहनों के मार्ग को डायवर्ट किया गया है। प्रशासन के निर्देशानुसार भारी मालवाहक वाहनों जैसे ट्रक और डीसीएम को सुल्तानपुर से आने पर कूरेभार मोड़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की ओर भेजा जा रहा है। इस कदम से अयोध्या जाने वाले मुख्य मार्ग पर भीड़भाड़ कम होगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी घटेगी। इस व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के लिए मुजेश टोल प्लाजा और कूरेभार चौक पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी लगातार आवागमन की निगरानी कर रहे हैं और वाहनों को निर्धारित मार्ग पर भेज रहे हैं। थाना कूरेभार प्रभारी रवींद्र सिंह ने बताया कि सावन के हर सोमवार और विशेष तिथियों पर कावड़ियों की संख्या में भारी वृद्धि होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है। यातायात व्यवस्था में इस परिवर्तन से स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को कुछ असुविधा हो सकती है। हालांकि, प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आमजन से सहयोग की अपील की है।

## मेडिकल कालेज में मैनपावर नियुक्ति प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता का आरोप

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय मेडिकल कॉलेज में मैनपावर नियुक्ति प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता सामने आई है। कॉलेज प्रशासन ने लीड रिसोर्स सिक्योरिटी मैनपावर सर्विसेज के माध्यम से स्टॉफ की नियुक्ति की है और वर्तमान में भी इसी प्रक्रिया को जारी रखा है। जेम पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, यह कंपनी लखनऊ की है। जांच में पता चला है कि, दो कंपनियां बनाई गई हैं। एक प्राइवेट लिमिटेड और दूसरी सर्विसेज। आश्चर्य की बात है कि दोनों का पता एक ही है, केवल शब्दों में मामूली हेरफ़ेर किया गया है। ळेज साइट और इंटरव्यू के लिए जारी पत्र दोनों में पते में अंतर है।

# केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने लकी चौक का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर। लकी चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सौजन्य से निर्मित लकी चौक का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकार्पण किया जितिन प्रसाद ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा लकी चिल्ड्रन स्कूल पूरनपुर में शिक्षा के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रहा है यह विद्यालय बच्चों को डिजिटल लर्निंग और आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का सराहनीय प्रयास कर रहा है जो भविष्य में शहर की दिशा और दशा को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन श्री शैलेन्द्र गुप्ता ने भी अपने संबोधन में कहा डॉ. अमन नागी जैसे युवा शिक्षाविद द्वारा शहर को मिला यह उपहार केवल एक चौक नहीं बल्कि नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है विद्यालय के प्रबंधक विजय नागी एवं संस्थापक प्रधानाचार्या मधु नागी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामयी बना दिया कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य दीपक सक्सेना ने कुशलता पूर्वक किया इस कार्यक्रम मे सदस्य विधान परिषद पीलीभीत व शाहजहांपुर डॉ. सुधीर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, मझोला नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, भाजपा क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पांडेय, अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद एवं इंटेल कंपनी टीम से शतरूपा दास गुप्ता, राजेश खन्ना, विजय खुराना, राकेश गुप्ता, हर्ष गुप्ता, सत्यपाल सिंह, दुर्वेश मिश्रा, महेन्द्र मिश्रा, रवि गुप्ता, राहुल खंडेलवाल, अंकुर अग्रवाल, गौरव रहलान, राहुल चावला, गौरव खुराना एवं मानस गुप्ता उपस्थित रहे साथ ही पंचम दास स्कूल के प्राचार्य सहित लकी स्कूल के समस्त स्टाफ ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई नगरवासियों अभिभावकों विद्यार्थियों तथा शिक्षकों सहित कई लोग मौजूद रहे

## प्रतिबंध के बावजूद नदी में हो रहा मछलियों का शिकार

सुल्तानपुर। जिले में 31 अगस्त तक मछलियों के शिकार पर प्रतिबंध होने के बावजूद गोमती नदी में अवैध शिकार जारी है। शनिवार को टाटिया नगर के निकट सैफुल्लागंज ग्राम सभा के पास दिनदहाड़े लोगों को नदी में जाल डालकर मछलियों का शिकार करते देखा गया। इस घटना का वीडियो भी बनाया गया है। मत्स्य विभाग की ओर से इस अवधि में नदी में मछली पकड़ने पर रोक लगाई गई है और विभाग को इसकी निगरानी करनी चाहिए। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा है। जब इस मामले में जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मत्स्य) रमाकांत पांडेय से संपर्क किया गया, तो उन्होंने प्रतिबंध की पुष्टि की। हालांकि, अवैध शिकार के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने जानकारी होने से इनकार कर दिया। उन्होंने मामले की जांच करके कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि मत्स्य विभाग समय पर कार्रवाई नहीं करता है, तो नदी में मछलियों की संख्या प्रभावित होगी। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# ब्लॉक प्रमुख ने मंत्री संजय सिंह गंगवार से की मुलाकात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशांन सिंह उर्फ श्याम सिंह ने यूपी सरकार के मंत्री संजय सिंह गंगवार से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की है।उनके साथ में ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार भी उपस्थित रहे। यह मुलाकात अमरिया ब्लॉक एवं लालौरीखेड़ा के विकास और क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए हुई है। संजय सिंह गंगवार गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री हैं।निशांत सिंह और अजय सिंह गंगवार ने मंत्री संजय सिंह गंगवार के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों और समस्याओं पर चर्चा की है। जिसमें गन्ना विकास,चीनी मिल और अन्य स्थानीय मुद्दे शामिल हो सकते हैं। मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने कार्यकाल में पीलीभीत के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं और क्षेत्र के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।यह मुलाकात क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है। दोनों ब्लॉक प्रमुखों ने मंत्री संजय सिंह गंगवार के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करने का अवसर प्राप्त किया है। मंत्री संजय सिंह गंगवार जनपद पीलीभीत के लिए लगातार विकास कराने के लिए प्रयासरत हैं।

# सार्वजनिक जन स्वास्थ्य कैम्प का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के जयसिंहपुर ब्लॉक के अंतर्गत परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक रजि. संगठन के माध्यम से सार्वजनिक जन स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन श्री राजा राम शिक्षण संस्थान जयसिंहपुर निकट केनरा मे हुआ। जहा पर दो बिभाग के डॉक्टर मौजूद रहे। आंख और हड्डी के आधुनिक मशीनों द्वारा लोगो के आँखों का निरक्षण करके उन्हें निशुल्क दवा और दस लोगो को चश्मा संगठन के माध्यम से निशुल्क दिया गया। इस कार्यक्रम की तैयारी संगठन के सभी पदाधिकारियों ने खूब मेहनत किया प्रचार प्रसार एवं कार्यक्रम को पूरा कराने मे पं घनश्याम तिवारी, पं जयप्रकाश पाण्डेय, पं अरविन्द राय, पं शिव कुमार तिवारी, पं जय मुकुंद मिश्रा, पं संतोष मिश्रा, पं विपिन पाण्डेय, पं संजय शुक्ला, पं अनिल तिवारी पं रत्नेश दुबे, व पं रविशंकर पाण्डेय सिम्पल ने संभाला तो कार्यक्रम की शुरुआत पं हरख नारायण मिश्रा वरिष्ठ समाज सेवी एवं राजेश ओझा ने भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा पर धुप दीप जला के लिया। इस अवसर पे संगठन के प्रदेश प्रवक्ता पं ऋषभ देव शुक्ला, पं नरेंद्र द्विवेदी, पं कटका क्लब के अध्यक्ष पं सौरभ मिश्रा, पं आशीष पाण्डेय बरेहता, व दर्जन भर अन्य सहयोगी मौजूद रहे। स्कूल प्रबंधक वीर बहादुर गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम मे पूरा सहयोग और समर्थन मिला जिसको लेकर संगठन के पदाधिकारियों ने स्कूल प्रबंधक का दिल से धन्यवाद एवं आभार कहाँ डॉ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि लगभग 150 लोग आये इतने बारिश होने के बावजूद अगर संगठन को कभी कहीं पर जरूरत पड़ेगी तो हमेशा साथ लग के लोगो का निशुल्क उपचार करेंगे और जो संगठन का नाम बता के हमारे अस्पताल मे आता है उसे छूट भी दी जायेगी। स्थानीय लोगो से बातचीत मे लोगो ने कहा कि अभी तक कोई सामाजिक संगठन इस तरह के पुण्य का कार्य नही कर रहा है अपने क्षेत्र मे ऐसे मे ये संगठन बहुत सुंदर कार्य कर रहा है इसलिए सभी को इस संगठन को मजबूत करना चाहिए। जहा जरूरत पड़े साथ खड़े मिलेंगे संगठन के इस कार्य को लेकर चौराहो पर एवं लोगो के बीच सराहना की जा रही है।

# अमेरिका के विश्वविद्यालय से चन्द्रपाल राजभर को ड्राइंग-पेंटिंग में डॉक्टरेट की मानद उपाधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। ड्राइंग और पेंटिंग के क्षेत्र में मिला असाधारण योगदान देने वाले बहुआयामी प्रतिभा के धनी जनपद सुल्तानपुर का गौरव बढ़ाने वाले चन्द्रपाल राजभर को अमेरिका के प्यूर्टो रिको स्थित एवनले विश्वविद्यालय द्वारा मानद डॉक्टरेट (ऑनोरिस कॉसा) की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपाधि उन्हें उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति, कलात्मक निपुणता और पारंपरिक एवं समकालीन कला रूपों के संरक्षण एवं संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान के लिए दी गई है। विश्वविद्यालय की ऑनर्स नामांकन सलाहकार समिति एवं डॉक्टरेट मॉनिटरिंग बोर्ड की संस्तुति पर यह सम्मान उन्हें 02 अगस्त 2025 को नई दिल्ली के शालीमार बाग स्थित रॉयल पेपर में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया।विश्वविद्यालय ने अपने औपचारिक पत्र में उल्लेख किया कि चन्द्रपाल राजभर की कलाकृतियाँ केवल चित्र नहीं हैं, बल्कि वे संस्कृति, संवेदना और कल्पना का जीवंत समागम हैं, जिन्होंने न केवल कला-जगत को, बल्कि आम समाज को भी गहराई से प्रभावित किया है।ड्राइंग और पेंटिंग में मानद डॉक्टरेट प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय ने यह भी कहा कि यह सम्मान उनकी कलात्मक यात्रा, नवाचार और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी दृश्य अभिव्यक्ति की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।चन्द्रपाल राजभर को यह सम्मान प्राप्त होना न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन और कला क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो समर्पण और रचनात्मक दृष्टिकोण से अपने कार्यों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कला, साहित्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने चन्द्रपाल राजभर को बधाई देते हुए इसे भारत के लिए भी एक गर्व का क्षण बताया।

## अमेठी में आदमखोर तेदुएं को भैंसों ने कुचलकर मार डाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । वन रेंज मुसाफिरखाना क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुके आदमखोर तेंदुए का आंतक रविवार की देर रात समाप्त हुआ।वन विभाग के साथ ही पुलिस प्रशासन पिछले चौबीस घंटों से आदमखोर तेंदुए को ढूंढ रही थी लेकिन कोई सुराग नही लगा सकी इसी बीच भैंसों के हमले से तेंदुएं की मौत हो जाने का मामला सामने आया तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। पशु विभाग की टीम ने तेदुएं के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। भाले सुल्तान शहीद स्मारक वन स्थली में तेदुएं का अंतिम संस्कार किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक के साथ ही जिलाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुये। वन रेंज मुसाफ़िरखाना के गांव भैदापुर गांव में तेदुएं के हमले से आधा दर्जन लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये थे और ग्रामीण दहशत के चलते अपने अपने घरों में दुबक गये। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ ही वन विभाग की टीम द्वारा तेदुएं की तलाश के लिये घेराबंदी की गई और ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुये गांव में पीएसी तैनात कर दी गई थी लेकिन वन विभाग सुराग लगाने में नाकामयाब साबित हुआ। ग्रामीणों की मानें तो तेदुएं को पकड़ने के लिये वन विभाग के पास कोई उपकरण तक नही थे और अगर वन महकमा प्रयास करता तो तेंदुआ जिंदा होता। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक क्षेत्र के गांव नेवादा में रविवार की देर रात भैंसों पर हमला करने के बाद भैंसों ने एकत्रित होकर तेंदुआ को मौत के घाट उतार दिया।ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि करीब साढ़े तीन बजे कई भैंसों ने तेंदुए पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई।तेंदुए के मौत के बाद ग्रामीण व प्रशासन ने राहत की सांस ली है। लखनऊ बाराबंकी और अमेठी के डाक्टरों व मजिस्ट्रेट की निगरानी में तेदुएं का पोस्टमार्टम हुआ।

# जानलेवा ब्रेक

देश में जब तेजी से हाई-वे बने तो लगा कि अब आम आदमी की यात्रा सुगम व सुरक्षित होगी। तब सफर में लोगों के घंटों बचने लगे। यात्रियों के पेट्रोल व डीजल की खपत कम हुई। विडंबना यह है कि कालांतर वाहनों की गति सीमाएं तोड़ने लगी। बेलगाम गति दुर्घटनाओं का सबब बनी। वे खबरें विचलित करती हैं जब पूरे के पूरे परिवार सड़क दुर्घटनाओं की भेंट चढ़ जाते हैं। निस्संदेह, जब व्यक्ति निर्धारित सीमा से अधिक की गति से वाहन चलाता है तो विषम परिस्थितियों में अचानक ब्रेक लगाना ही पड़ता है। ऐसे में पीछे से नियंत्रित गति में चलने वाले वाहन चालक भी सड़क दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। अकसर बेकसूर लोग दूसरों की गलती की कीमत चुकाते हैं। ऐसी ही दुर्घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला आया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि हाई-वे पर कोई वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाता है तो दुर्घटना की स्थिति में इसे लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने माना कि हाई-वे पर वाहनों का तेज गति से चलना स्वाभाविक है, लेकिन यदि कोई चालक अचानक वाहन रोकता है तो उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह ब्रेक मारने से पहले पीछे आने वाले वाहन चालकों को चेतावनी या कोई संकेत दे। उल्लेखनीय है कि यह फैसला वर्ष 2017 में कोयंबटूर में एक इंजीनियरिंग छात्र के साथ हुए हादसे के बाबत आया है, जिसमें उसे अपनी टांग गंवानी पड़ी। दरअसल, उसकी मोटरसाइकिल अचानक रोकी गई एक कार से टकरा गई थी। इस टक्कर में उसके नीचे गिरने पर पीछे से आ रही बस ने उसके पैर को कुचल डाला। कोर्ट ने कार चालक की इस दलील को तार्किक नहीं माना कि उसे पत्नी के अस्वस्थ होने के कारण कार अचानक रोकनी पड़ी। अदालत का मानना था कि उसने भले ही किसी भी परिस्थिति में कार रोकी,लेकिन उसे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को संकेत या चेतावनी जरूर देनी चाहिए थी, ताकि इस हादसे को टाला जा सकता। अदालत ने कहा कि यदि इस मामले में आधी गलती कार चालक की है तो बीस-बीस फीसदी गलती अपील करने वाले व बस चालक की भी है। कोर्ट ने अपील करने वाले को अगले वाहन से पर्याप्त दूरी न रखने व लाइसेंस न होने का दोषी माना। फलतरू उसके मुआवजे में बीस फीसदी की कटौती की। दरअसल, हाई-वे पर होने वाले तमाम हादसों में वाहनों की निर्धारित सीमा से अधिक गति को मुख्य कारण बताया जा रहा है। 'हाई-वे रोड सेफ्टी रिपोर्ट 2021' के अनुसार दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं में 74 फीसदी हादसे वाहनों की निर्धारित गति सीमा से अधिक पर वाहन चलाने की वजह से होते हैं। जिसके चलते राजमार्गों में सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिया जाता है। निस्संदेह, हमने यूरोपीय स्टाइल के हाई-वे तो बना दिए मगर चालकों को नियम-कानूनों के पालन के लिये जागरूक नहीं कर पाये। यही वजह है कि दुर्भाग्य से देश की सड़कों में हर तीन मिनट में एक बेगुनाह व्यक्ति की मौत हो जाती है। जाहिर है, दोष सड़कों का नहीं बल्कि चालकों के व्यवहार में अराजकता का है। जरूरी है कि वाहन चालकों को नियमों का पालन करने तथा गति सीमा नियंत्रित रखने हेतु प्रेरित किया जाए। तभी दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क दुर्घटनाओं के लिये निरापद बन सकेगा। निस्संदेह, सड़क निर्माण में भी कई बार तकनीकी खामियां पायी जाती हैं। पदयात्रियों व जानवरों के हाई-वे पर आ जाने से वाहन चालकों को ब्रेक लगाने को मजबूर होना पड़ता है। लेकिन कोर्ट के निर्देश के अनुरूप ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को इसका संकेत देना जरूरी है। साथ ही तकनीकी व गुणवत्ता की दृष्टि से दोषपूर्ण सड़क बनाने वालों की जवाबदेही भी तय करना जरूरी है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट ने नजीर का फैसला दिया है, जो वाहन चालकों की जवाबदेही सुनिश्चित करता है। साथ ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को आगे के वाहन से सुरक्षित दूरी बनाकर चलना होगा, ताकि अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में वे खुद का और पीछे आने वाले वाहनों का बचाव कर सकें।

# चुनाव आयोग पर वार: लोकतंत्र के लिये खतरे की घंटी

**बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (सर) का जबरदस्त विरोध करते हुए राहुल गांधी चुनाव आयोग एवं उनके अधिकारियों को डराने एवं धमकाने की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। राजनीति में जब हार की बौखलाहट हावी हो जाती है, तो ऐसे ही विकृत आरोपों और झूठे नैरेटिव को गढ़ा जाता है। श्री राहुल गांधी द्वारा हाल ही में चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप इसी राजनीतिक हताशा का परिणाम प्रतीत होते हैं। वे चुनाव परिणामों या प्रक्रिया में किसी तकनीकी दोष की बजाय, सीधे आयोग की नीयत पर सवाल उठा रहे हैं, जो कि एक गंभीर लोकतांत्रिक अनाचार एवं अराजकता है। वे अपनी नाकामी का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं और वह भी भद्दे तरीके से। चूंकि उनके ऐसे पुराने आरोप ठहर नहीं रहे इसलिए वे कुंठित हो रहे हैं। वे हताशा में हद पार कर रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि वे नेता सदन हैं और उस कांग्रेस के नेता हैं, जिसने देश पर लंबे समय तक शासन भी किया और चुनाव प्रक्रिया में सुधार के कुछ कदम भी उठाए। क्या कांग्रेस के लिए यह शर्म की बात नहीं कि जिस ईवीएम का उपयोग उसके शासनकाल में शुरू हुआ, उसके पीछे उसके ही बड़े नेता पड़े हैं। हाल के वर्षों में ईवीएम के कथित दुरुपयोग के जो भी आरोप लगे, उन्हें तो सुप्रीम कोर्ट ने भी फर्जी पाया। महाराष्ट्र चुनाव को लेकर लगाए गए आरोप भी फर्जी ही पाए गए। राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव आयोग के खिलाफ उलटा-सीधा नहीं, उलटा ही उलटा इसलिए बोला ताकि सांसद को मिले अधिकारों के तहत उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के नितांत झूठे, बेबुनियाद, निराधार और भारतीय लोकतंत्र की छीछालेदर करने वाले आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करने के साथ यह कहकर उन्हें बेनकाब भी किया कि वे किस तरह अपने आरोपों का जवाब सुनने या अपने आरोपों की सच्चाई प्रस्तुत करने आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।**

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, और इस लोकतंत्र की बुनियाद जिन संस्थाओं पर टिकी है, उनमें चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण, निष्पक्ष और प्रतिष्ठित मानी जाती है। किंतु लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाले प्रमुख विपक्षी नेता श्री राहुल गांधी जैसे वरिष्ठ जनप्रतिनिधि जब चुनाव आयोग जैसी सर्वोच्च संवैधानिक संस्था पर वोट चोरी में शामिल होने एवं बिहार में मतदाता सूची में धांधली जैसे गंभीर, शरारत भरे, बेहूदे और गुमराह करने वाले आरोप सड़क से लेकर लोकसभा तक में लगाते हैं, तब यह केवल एक संवैधानिक संस्था पर नहीं बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर सीधा प्रहार है, यह दुर्भाग्यपूर्ण भी है और चिंताजनक भी। चुनाव आयोग का काम केवल चुनाव कराना नहीं है, बल्कि यह संस्था लोकतंत्र को पारदर्शिता, विश्वसनीयता और निष्पक्षता से चलाने की रीढ़ है। लाखों कर्मचारियों, सुरक्षा बलों और तकनीकी सहयोग के बीच करोड़ों मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया में शामिल करना, भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, एक असाधारण कार्य है। चुनाव आयोग ने समय-समय पर खुद को दबावों से ऊपर उठकर न्यायप्रिय संस्था के रूप में सिद्ध किया है। बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (सर) का जबरदस्त विरोध करते हुए राहुल गांधी चुनाव आयोग एवं उनके अधिकारियों को डराने एवं धमकाने की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। राजनीति में जब हार की बौखलाहट हावी हो जाती है, तो ऐसे ही विकृत आरोपों और झूठे नैरेटिव को गढ़ा जाता है। श्री राहुल गांधी द्वारा हाल ही में चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप इसी राजनीतिक हताशा का परिणाम प्रतीत होते हैं। वे चुनाव परिणामों या प्रक्रिया में किसी तकनीकी दोष की बजाय, सीधे आयोग की नीयत पर सवाल उठा रहे हैं, जो कि एक गंभीर लोकतांत्रिक अनाचार एवं अराजकता है। वे अपनी नाकामी का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं और वह भी भद्दे तरीके से। चूंकि उनके ऐसे पुराने आरोप ठहर नहीं रहे इसलिए वे कुंठित हो रहे हैं। वे हताशा में हद पार कर रहे हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि वे नेता सदन हैं और उस कांग्रेस के नेता हैं, जिसने देश पर लंबे समय तक शासन भी किया और चुनाव प्रक्रिया में सुधार के कुछ कदम भी उठाए। क्या कांग्रेस के लिए यह शर्म की बात नहीं कि जिस ईवीएम का उपयोग उसके शासनकाल में शुरू हुआ, उसके पीछे उसके ही बड़े नेता पड़े हैं। हाल के वर्षों में ईवीएम के कथित दुरुपयोग के जो भी आरोप लगे, उन्हें तो सुप्रीम कोर्ट ने भी फर्जी पाया। महाराष्ट्र चुनाव को लेकर लगाए गए आरोप भी फर्जी ही पाए गए। राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव आयोग के खिलाफ उलटा-सीधा नहीं, उलटा ही उलटा इसलिए बोला ताकि सांसद को मिले अधिकारों के तहत उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के नितांत झूठे, बेबुनियाद, निराधार और भारतीय लोकतंत्र की छीछालेदर करने वाले आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करने के साथ यह कहकर उन्हें बेनकाब भी किया कि वे किस तरह अपने आरोपों का जवाब सुनने या अपने आरोपों की सच्चाई प्रस्तुत करने आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। आरोपों में दम होता तो वे उपस्थित होते। चुनाव आयोग ने बार-बार उन्हें बुलाया, लेकिन लगता है कि वे खुद को इस संवैधानिक संस्था से भी ऊपर समझ रहे हैं। वे गांधी परिवार के सदस्य हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे जो मन में आये करते रहे कि आम जनता उनके शरारत भरे आरोपों को सच मान लेगी। जनता का उनके आरोपों पर भरोसा उठ चुका है, उनके आरोपों पर ही नहीं, उन पर भरोसा नहीं रहा तभी तो चुनावों में कांग्रेस की इतनी दुर्गति हो रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में सही सका कि ऐसी हरकतों से कांग्रेस 30 साल तक विपक्ष में ही बैठती रहेगी। वोट चोरी के आरोप लगा रहे राहुल और उनके साथी यह क्यों भूल जाते हैं कि झारखंड और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव कौन जीता था? क्या यह उचित है कि जब तक चुनाव परिणाम अनुकूल हों तब तक चुनाव आयोग निष्पक्ष है, और जब हार हो जाए तो वही आयोग पक्षपाती हो जाए? क्या लोकतंत्र का सम्मान इस प्रकार के दोहरे मापदंडों से किया जा सकता है? राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि वे स्वयं उसी निर्वाचन प्रणाली से संसद पहुंचे हैं, जिसे अब वे झूठा और पक्षपाती बताने की कोशिश कर रहे हैं। यह जनता की समझ और चेतना का भी अपमान है। अब यह भी साफ है कि ऐसे लोग मतदाता सूचियों का सत्यापन नहीं होने देना चाहते, भले ही घुसपैठिये वोटर बने रहें, यह तो सबसे बड़ा देशद्रोह है। इस मामले में जनहित याचिकाएं सुनने को आतुर सुप्रीम कोर्ट को भी सक्रिय होना चाहिए। यदि किसी दल या नेता को किसी प्रक्रिया पर आपत्ति है, तो उनके पास कानूनी और संवैधानिक मार्ग खुले हैं। लेकिन सार्वजनिक मंचों से इस तरह झूठी कहानियां गढ़कर जनता को भ्रमित करना, लोकतंत्र की मर्यादाओं को तार-तार करना है। चुनाव आयोग ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह सत्ता या विपक्ष, दोनों से परे, केवल संविधान और जनादेश के प्रति जवाबदेह है। ऐसे में बार-बार उसे लांछित करना विपक्षी राजनीति की गिरती हुई संस्कृति का परिचायक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल और नेता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें, न कि उन्हें क्षति पहुंचाएं। यदि विपक्ष को सशक्त बनना है, तो उसे अपने विचारों की ताकत और जनसमर्थन की ऊर्जा से यह करना होगा, न कि संस्थाओं को कमजोर कर या झूठी शंकाओं का धुंआ फैलाकर। राहुल गांधी जैसे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे जनता के बीच संवेदनशीलता, सच्चाई और गंभीरता का उदाहरण प्रस्तुत करें। किंतु जब वे स्वयं राजनीतिक अपरिपक्वता, अविश्वास और तर्कहीन आलोचनाओं के वाहक बन जाते हैं, तो इससे केवल विपक्ष की साख ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की पूरी संरचना प्रभावित होती है। राहुल गांधी द्वारा यह दावा करना कि पूर्व में महाराष्ट्र एवं हाल ही में बिहार में लाखों फर्जी वोटर जुड़े हैं, यह आरोप न केवल अतिशयोक्ति और तथ्यहीनता का उदाहरण है, बल्कि इससे मतदाताओं में अनावश्यक भय और भ्रम फैलता है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह भ्रामक है और यह मतदाता सूची में प्राकृतिक अद्यतन प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें मृतकों, स्थानांतरित लोगों या दोहरावों को हटाकर सत्यापन किया जाता है। बिहार राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भी इसे नियमित कार्यवाही बताते हुए राहुल गांधी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। यह स्पष्ट करता है कि 'वोट चोरी' का शोर एक राजनीतिक भ्रमजाल है, न कि तथ्यात्मक आपत्ति। राहुल गांधी के ऐसे बचकाने और संवेदनहीन बयानों से देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अफरातफरी और अविश्वास का माहौल बनता है। यह किसी विपक्ष की सशक्त आलोचना नहीं, बल्कि एक अराजक और गैर-जिम्मेदार राजनीतिक व्यवहार का उदाहरण है। जब विपक्ष का प्रमुख चेहरा बिना तथ्यों के गंभीर संस्थाओं पर कीचड़ उछालता है, तो न केवल देश की जनता भ्रमित होती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि धूमिल होती है। ऐसे निराधार वक्तव्यों से लोकतंत्र मजबूत नहीं होता, बल्कि अराजकता को बढ़ावा मिलता है। इसलिए समय की मांग है कि ऐसे गुमराह करने वाले वक्तव्यों का तीव्रता से खंडन ही नहीं किया जाये बल्कि ऐसे मिथ्या एवं भ्रामक आरोप लगाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाये। अब यह आवश्यक है कि यदि राहुल गांधी या उनके सहयोगी अथवा कथित लोकतंत्र हितैषी चुनाव आयोग पर सिरे से झूठे आरोप लगाएं तो वह उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करे। यदि ऐसा काम राहुल संसद के बाहर करें तो उनके खिलाफ भी चुनाव आयोग को पुलिस में शिकायत करने के साथ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि कुछ लोग लोकतंत्र बचाने के नाम पर उससे ही खेल रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को उनके संवैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन में समर्थन और सम्मान दिया जाए। लोकतंत्र का स्वास्थ्य तभी सुरक्षित रहेगा जब उसकी संस्थाएं सशक्त, सम्मानित और निष्पक्ष बनी रहें। **– ललित गर्ग**

# ट्रंप और टैरिफ, अमेरिकी लोकतंत्र में अधिनायकवाद का दौर

**संजीव ठाकुर**

दुनिया के देशों में ट्रंप के टैरिफ युद्ध से 70 देशों में बड़ी अफरा तफरी मचने के बाद अमेरिका में व्यापार संरक्षणवाद का नया दौर प्रारंभ हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के अधिनायकवाद के चलते अमेरिका जो कभी अर्थव्यवस्था में संरक्षणवाद का घोर विरोधी रहा है, अब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की नई नीति के कारण संरक्षणवाद का नया दौर शुरू हो गया है। इस नए संरक्षण वाद के चलते अमेरिका में भी कीमतों में भारी उछाल आया है। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा,ब्राजील,भारत,ताइवान सहित 69 देश और यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्यों वाले राज्यों से होने वाले आयात पर टैरिफ की नई दरों को निर्धारित करने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। पूरे विश्व के अर्थशास्त्रियों को मानना है कि इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दूरगामी परिणाम होंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने वैश्विक फैसले पर कितनी देर तक अडिग रह सकते हैं इसमें बहुत ज्यादा संशय की स्थिति बनी हुई है। अमेरिका के ऐतिहासिक दौर में न जाने किन-किन वित्तीय सलाहकारों की सलाह पर राष्ट्रपति ने इस तरह उथल-पुथल मचाने वाले टैरिफ वार की घोषणा की है। टैरिफ की इस नई लहर से पूरे वैश्विक बाजार में शेयर बाजारों में तगड़ी तथा अभूतपूर्व गिरावट परिलक्षित हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस नई टैरिफ टैरिफ नीति के कारण जो दं तय की गई है उसमें कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 35ः ,ब्राजील पर 50ः, भारत पर 25ः, ताइवान पर 20ः और स्विट्जरलैंड में 39ः शुल्क शामिल है। आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस आदेश में 69 देश के लिए 7 दिनों में 10 से 40  तक की उच्च आयात शुल्क लगाने वाली घोषणा से वैश्विक बाजार में भारी भारी अफरा तफरी मच गई है। ट्रंप के पहले राष्ट्रपति के दौर में यह तो तय था की डोनाल्ड ट्रंप एक व्यापारिक मनोवृति के व्यक्ति हैं और व्यापार को अमेरिका के हित में आगे बढ़ाने का प्रयास करते रहे हैं।  दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा प्रतीत होता है कि वह बहुत जल्दबाजी में अपने देश के  व्यापार को शिखर में ले जाकर व्यवसायिक सिरमौर बनना चाहते हैं। इस कदम से उन्हें पता ही नहीं चला कि वे कब और किस तरह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों से अलग अमेरिकी लोकतंत्र के अधिनायकवादी शासक बन गए हैं। इससे उनकी पार्टी तथा विरोधी दल के नेता सहित अमेरिकी आम उपभोक्ता भी अचंभित तथा त्रस्त हो गए हैं। भारत के संदर्भ में वे लगभग यह भूल चुके हैं कि भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है और भारत में विश्व का सबसे बड़ा वैश्विक बाजार उसकी जनसंख्या के बलबूते पर केंद्रित हो गया है। भारत के साथ 25ः टैरिफ लगाने के संदर्भ में यह भी गौरतलब है कि भारतीय बाजार को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ अमेरिकी बाजार में भी आर्थिक क्षति की संभावना बलवती हो गई है। भारत में 25ः टैरिफ लगाने पर भारत के कई अर्थशास्त्र के संगठनों ने कहा कि अमेरिका के इस लगाए गए नए टैरिफ रेट से न सिर्फ अमेरिका के घरेलू उत्पादों में गिरावट आकर मुद्रा स्थिति की दर ज्यादा होगी और इससे अमेरिकी उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाने की संभावना भी है और दूसरी तरफ भारत को थोड़े अल्पकालिक नुकसान के साथ कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की अनिवार्यता को और मजबूत बनाएगा। अगर अमेरिका को यह लगता है कि दबाव की रणनीति को लागू करके भारत की राजनीतिक दिशा को प्रभावित कर सकता है तो अमेरिका भारी भूल में है उसे यह बात जान लेनी चाहिए की वर्तमान का भारत एक दशक वाला पुराना भारत नहीं रहा है। अब भारत किसी भी देश की उपस्थित या दबाव झेंलने के लिए बाध्य नहीं है। यह भी अंदेशा लगाया जा रहा है कि अमेरिका ने व्यापार समझौते में बेहतर वार्ता सुनिश्चित करने के लिए यह दबाव बनाया है। पर यह भी संभावना है कि भारत पर इसका आंशिक असर तो पड़ेगा ही और भारत पर अमेरिका के साथ आयात निर्यात में 45 अरब डॉलर के अधिशेष व्यापार पर हल्का खतरा बन सकता है। इसके लिए भारत को अमेरिका के सामने झुकने की कतई आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। भारत विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के इस रूप पर अपनी कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है इससे यह स्पष्ट है कि भारत किसी तरह के दबाव में नहीं है और अमेरिका के इस रुख को अच्छे से समझ चुका है।

## सेहत मंत्र

# आपके ब्लड शुगर लेवल को तुरंत कंट्रोल करेगा आम के पत्तों से बना आयुर्वेदिक काढ़ा

डायबिटीज यानी मधुमेह से आज लाखों लोग प्रभावित हैं, लोगों के लिए मधुमेह के लक्षणों को काबू में करना मुश्किल हो गया है। डायबिटिक डाइट को समझना एक मुश्किल विषय हो सकता है। यदि आप मधुमेह रोगी हैं, तो आपको अपने आहार में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करना होगा जो आपके रक्त शर्करा के स्तर को बहुत अधिक प्रभावित न करते हों। ऐसे खाद्य पदार्थ जो रक्त शर्करा के स्तर को कम कर सकते हों वह आपके लिए सबसे अच्छे खाद्य पदार्थ हो सकते हैं। डायबिटीज के लिए एक ऐसा उपाय है जो इसे नियंत्रित कर सकता है और रक्त शर्करा के स्तर को कम कर सकता है।   आम की पत्ते उन गुणों से भरे होते हैं जिनकी मदद से आप डायबिटीज का प्रबंधन कर सकते हैं। वे रक्त शर्करा के स्तर में गिरावट लाने में योगदान कर सकते हैं। विभिन्न अध्ययनों ने ब्लड शुगर के स्तर को कम करके डायबिटीज के प्रबंधन में आम के पत्तों के लाभों पर भी प्रकाश डाला है। हालांकि, यह साबित करने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है कि वे कितने फायदेमंद हैं। एक्सपर्ट की मानें तो, आम के पत्तों का रस (मैंगिफ़रिन) एंजाइम अल्फा ग्लूकोसिडेस को बाधित करने की क्षमता रखता है, जो आंत में कार्बोहाइड्रेट मेटाबॉलिज्म को कम करने में मदद करता है, और इसलिए रक्त शर्करा का स्तर बढ़ता है। हालांकि आम के पत्तों के रस पर और अधिक शोध की आवश्यकता है।  आम की पत्तियों में इंसुलिन उत्पादन और ग्लूकोज के वितरण में सुधार करने की क्षमता होती है। वे रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर करने में मदद कर सकते हैं। आम के पत्ते पेक्टिन, विटामिन सी और फाइबर से भी भरे होते हैं। साथ में वे मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल दोनों के लिए फायदेमंद हैं।  डायबिटीज के लिए आम के पत्तों का उपयोग करने के लिए आपको एक बहुत ही सरल विधि का पालन करना होगा। आपको बस 10-15 आम के पत्तों को लेना है और उन्हें ठीक से पानी में उबालना है।

## धर्म मंत्र

# अद्भुत है कोणार्क के सूर्य मंदिर की वास्तुकला

ओडिशा के पुरी जिले में स्थित कोणार्क सूर्य मंदिर पूरे देश में फ़ेमस है। इस मंदिर की वास्तुकला काफी शानदार है। इस मंदिर का आध्यात्म की दृष्टि से भी विशेष महत्व है। पुरी का कोणार्क मंदिर सूर्य देव को समर्पित है। बता दें कि हिंदू धर्म में सूर्य देव को सभी रोगों का नाशक माना गया है। इस मंदिर की कई खासियत के चलते इसे यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल किया गया है। इस मंदिर के इतिहास की बात करें तो पुराणों में बताया गया है कि भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब ने एक बार नारद मुनि के साथ गलत व्यवहार किया था। जिसके कारण नारद जी ने क्रोधित होकर भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र को श्राप दे दिया था। नारद मुनि के श्राप के कारण भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र को कुष्ठ रोग हो गया। जिसके बाद साम्ब ने इस रोग से मुक्ति पाने के लिए चंद्रभागा नदी के सागर संगम पर कोणार्क में 12 वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। जिसके कारण सूर्यदेव ने साम्ब से प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन दिए। रोगों के नाशक सूर्यदेव ने साम्ब के रोग का भी निवारण कर दिया।  बीमारी से मुक्ति पाने के बाद साम्ब ने भगवान सूर्यदेव का एक मंदिर बनवाने का निर्णय किया। रोग का नाश होने और चंद्रभागा नदी में स्नान करते हुए साम्ब को सूर्यदेव की एक मूर्ति मिली। बताया जाता है कि स्वयं देव शिल्पी श्री विश्वकर्मा ने यह मूर्ति सूर्यदेव के शरीर के ही एक भाग से बनाई थी। लेकिन फिलहाल यह मूर्ति पुरी के जगन्नाथ मंदिर में रख दी गई है। बता दें कि सूर्य देव को समर्पित कोणार्क मंदिर समय की गति को दर्शाने का काम करता है।

## पर्यटन



# घूमने के शौकीन लोगों को हिमाचल प्रदेश दे रहा बड़ा तोहफा, सैलानियों को मिलेगी 50% की छूट

हर किसी को घूमना-फिरना काफी ज्यादा पसंद होता है। लेकिन कुछ लोग सिर्फ इसलिए घूमने का प्लान कैंसिल कर देते हैं। क्योंकि घूमने अधिक खर्चा होने के कारण उनका पूरा बजट गड़बड़ हो जाता है। ऐसे में अगर आप बोले कि देश का एक राज्य ऐसा है, जो आने वाले सैलानियों को 50 फीसदी छूट दे रहा है। तो क्या आप इस बात पर यकीन करेंगे। लेकिन आपको बता दें कि यह बात पूरी तरह से सच है। ऐसे में आपको भी फौरन अपना बैग पैक कर इस राज्य में घूमने के लिए निकल जाना चाहिए। जानकारी के लिए आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश अपने यहां आने वाले पर्यटकों को यह ऑफर दे रहा है। राज्य के किसी भी शहर में घूमने पहुंचने वाले पर्यटकों को इस बेहतरीन ऑफर के तहत 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। बता दें कि यह ऑफर 15 सितंबर तक के लिए है। ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो हिमाचल पहुंच आप इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।  राज्य के पर्यटन विकास निगम ने पिछले शनिवार को हिमाचल के होटल के कमरों के किराए में 50 फीसदी छूट देने की घोषणा की है। ऐसे में कोई भी यात्री 15 सितंबर तक होटक बुक करता है तो उसे इस सुविधा का लाभ दिया जाएगा। बता दें कि यह छूट सिर्फ होटलों के लिए है। दरअसल, पिछले कई दिनों में हुई भारी बारिश के कारण सैलानी हिमाचल प्रदेश घूमने के लिए नहीं जा रहे हैं। राज्य में मौजूद होटल, होमस्टे और धर्मशाला खाली होने के कारण मालिकों को नुकसान हो रहा है। वहीं राज्य में सैलानियों के नहीं पहुंचने की वजह से हिमाचल प्रदेश सरकार को टैक्स से मिलने वाली कमाई में कमी आई है। ऐसे में पर्यटक विभाग द्वारा पर्यटकों को बढ़ावा देने के लिए 50 प्रतिशत तक की छूट का ऑफर दिया जा रहा है।

# अब महाराज जी के महादेवा लोधेश्वर तीर्थ में करेंट लगने से दो लोगों की मौत, चार झुलसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

डीएम शशांक मौका ए- वारदात

रामनगर बाराबंकी । तहसील रामनगर के लोधेश्वर महादेवा तीर्थ में रविवार को करंट लगने से दो लोगों की मौत हुई । यह हादसा करीब तीन बजे महादेवा चौकी के समीप हुआ। द्यप्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर रहे थे।इसी बीच थाना मसौली क्षेत्र के ग्राम गुलारिहा निवासी हौसला पुत्र दशरथ 32वर्ष करंट की चपेट में आ गया।उसे बचाने के प्रयास में पास में मौजूद दुकानदार संजय पुत्र नन्हे 38वर्ष निवासी ग्राम गोबरहा भी चपेट में आ गया।दोनों गंभीर रूप झुलस गए।स्थानीय लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी और विद्युत आपूर्ति कटवाई। दोनों घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंचाया।जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं।पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा।इस दर्दनाक हादसे के बाद

## फिर लीपापोती, गंभीर होते तो ना होता दुबारा हादसा

स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि पोल में पहले से करंट आने की शिकायत कई बार स्थानीय लाइनमैन कमलेश व अधिकारियों को दी गई थी लेकिन विभाग ने कोई सुनवाई नहीं कीद्य जिसके चलते यह बड़ा हादसा हुआ ।तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी और जांच पूरी होने के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। रितेश प्रजापति, लल्लन, संतोष व प्रेम प्रकाश गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

हादसे की सूचना पर जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और हालातों का जायजा लिया। प्रदेश के मुखिया योगी जी का ड्रीम प्रोजेक्ट महादेवा महादेवा तीर्थ के उन्नयन विकास के लिए योगी



आदित्यनाथ जी महाराज संकल्पवान हैं। महादेवा कारीडोर योजना उनके स्वर्णिम योजना है। इस योजना को भी भी दीमक की तरह चाट रहे हैं।

''छः दिन पूर्व घटित हुआ ऐसा ही दर्दनाक हादसा ''

इसी जनपद में छः दिन पूर्व द्वापर कालीन सुप्रसिद्ध शिवतीर्थ औशानेश्वर महादेव में बिजली करंट से ही दो शिव भक्तों की दर्दनाक मौत हुई?। उनके चिता की आग भी अभी नहीं ठंडी हुई और प्रशासनिक अक्षमता की भेंट दो अन्य जानें भी चढ़ गई। कहते हैं कि अगर रिमझिम बारिश ना हो रही होती तो न जाने और कितने लोग अर्थात शिव भक्त मौत का ग्रास बन जाते। औशानेश्वर में यह उस दिन घटना हुई जिस दिन योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने वहां शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा के आदेश दिए थे।

मद मस्त लाइनमैन अन्य जिम्मेदार

महादेवा मेला व्यवस्था और देख रेख

कर्ताधर्ताओं की मदमस्ती भी इस हादसे का हिस्सा कहा जा रहा है।उच्च अधिकारियों को खुश रखने में ही सब लगे रहते हैं।पंच हो सरपंच लाइनमैन, सिपाही, चौकीदार या फिर चौकी इंचार्ज बेलगाम कार्य शैली के लिए जाने जाते हैं। यहां का लाइन कमलेश के ठाट बाट किसी अधिकारी से कम? नहीं। कहते हैं कि जिस मकान में लाइनमैन कमलेश रहता है, शाम होते है वहां महफिल सज जाती है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो छोटी सी छोटी बिजली शिकायत की मोटी रकम लेता है। बिजली खंभे में करंट प्रवाहित होना, लाइनमैन की ही लापरवाही का प्रमाण है।

दागी छवि वाले प्रशासन के दुलारे

महादेवा तीर्थ में बिजली व्यवस्था का ठेका दीन मोहम्मद को दिया जाता है। यह दीन मोहम्मद कोई और नहीं, वही है जिसने शिवार्चन तालाब पर कब्जा कर यहां मकान बनाया और शौचालय का पानी शिवार्चन तालाब में ही प्रवाहित कर रहा है। दीन मोहम्मद ही नहीं इसके और बिरादरी के लोग दबंग गुंडा रियाज आदि भी अपनी गंदगी तालाब में बहा रहे हैं। भ्रष्टाचारियों को प्रशासन का संरक्षण किसी से छिपा नहीं, तहसील समाधान दिवस में अंत्येष्ठि स्थल निर्माण में मानक विहीन निर्माण की शिकायत पर भी कोई कार्यवाही ना होना इसका बड़ा प्रमाण है। शिकायतकर्ताओं की माने तो एसडीएम के कड़े निर्देश के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। बल्कि आज रविवार को नींव में मिट्टी डाल कर दीवार खड़ी कर दी गई।

# सावन के चौथे सोमवार को उमड़ेगी शिव भक्तों भीड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। सावन के अंतिम सोमवार को श्री लोधेश्वर महादेवा में शिव भक्तों की अपार भीड़ होगी ।क्योंकि बरसात होने के बावजूद भी रविवार के दिन से शिव भक्तों का आना शुरू हो गया है। तथा सावन महीने का अंतिम सोमवार भी है। इसलिए जो शिव भक्ति गण बीते हुए सोमवार को जलाभिषेक नहीं कर पाए हैं, वे लोग भी इस सोमवार के दिन श्री लोधेश्वर महादेवा पहुंचकर भगवान शिव जी का जलाभिषेक करेंगे ।इस पावन अवसर पर कोने-कोने से लाखों की संख्या में शिव भक्तगण का आना शुरू हो गया है ।बहुत से शिव भक्तगण दंडवत परिक्रमा करते हुए भगवान शिव जी की नगरी के ओर जयकारा लगाते हुए चले जा रहे हैं। बहुत से शिव भक्त गण पूरे दिन व्रत रखकर रात्रि के समय में भगवान शिव जी की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं और दूसरे दिन पारण करते हैं ।शिव भक्तों के लिए सबसे बड़ा आस्था का केंद्र लोधेश्वर महादेवा शिव जी का मंदिर है ।जहां पर आज भी भक्तों के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। अगर पानी बरसने लगता है तो भक्तगण इधर-उधर सिर छुपाने के लिए दौड़ते रहते हैं ।यहां पर स्थित रेन बसेरा में सुरक्षा कर्मियों का जमावडा लगा हुआ है। केवल पहाड़ी बाबा के स्थान पर कुछ भक्त गण आकर रुक जाते हैं। वाहनों के रुकने के लिए ऑडिटोरियम के पास स्टैंड बनाया गया है ।जहां पर ठेकेदारों द्वारा इधर से गुजरने वाले लोगों को परेशान किया जा रहा है। क्योंकि शिव भक्त के अलावा इस मार्ग पर रामनगर से सूरतगंज हेतमापुर जाने वाले लोगों का आना-जाना रहता है। उन लोगों को भी स्टैंड वाले रोक देते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्थानीय स्कूलों में जाने वाले बच्चों के अभिभावकों को उठानी पड़ती है। क्योंकि अगर वह उधर से रामनगर चले आते हैं तो रामनगर से महादेवा जाने पर ऑडिटोरियम के पास उन्हें रोक दिया जाता है। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी इन ठेकेदारों की मदद में लगे रहते हैं ।जबकि अधिकारियों के सहित अन्य वीआईपी गाड़ियां अंदर तक काफिला बनकर जाती हैं ।जिससे लोधेश्वर महादेवा में परेशानी होती है। लेकिन उन्हें नहीं रोका जाता है। यह बात इधर से गुजरने वाले कई लोगों ने रामनगर चौराहे पर बताई कहा कि हम लोगों के घर महादेवा में पडते हैं ।तो हम लोग किधर से होकर आए और जाएं। क्योंकि ऑडिटोरियम के पास पुलिस वाले वापस जाने नहीं देते हैं।

# गृह रक्षकों को पुलिस कर्मियों ने दी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। घुंघटेर कोतवाली में आज एक मार्मिक एवं अनुकरणीय पल देखने को मिला। जब तीन सेवानिवृत्त होमगार्डों को पुलिसकर्मियों द्वारा विदाई दी गई। आमतौर पर पुलिस अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने पर ही इस तरह के विदाई समारोह आयोजित होते हैं।, लेकिन इस बार इंस्पेक्टर और पुलिस स्टाफ ने परंपरा से हटकर एक नई मिसाल पेश की।

सेवानिवृत्त होमगार्ड रमाकांत अवस्थी, परशुराम यादव और राम लखन तिवारी के वर्षों के योगदान को सम्मान देने के लिए प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव व समस्त स्टाफ ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व भगवद गीता तथा अन्य उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी।



प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि ''होमगार्ड किसी भी अभियान और ड्यूटी में पुलिस का अभिन्न हिस्सा होते हैं। उनका समर्पण और सेवा अनुकरणीय है।'' विदाई समारोह के दौरान उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों की आंखें नम थीं और माहौल भावुकता से भर गया। मानवीय संवेदना की पहल की क्षेत्रवासियों द्वारा भी सराहना की जा रही है। यह कार्यक्रम यह संदेश देता है कि सेवा चाहे किसी भी पद पर हो, उसका सम्मान आवश्यक और प्रेरणादायक होता है।

## डीएम के आदेश के बाद पुलिस ने दर्ज की दलित महिला की एफआईआर

बल्दीराय/सुल्तानपुर। डीएम के आदेश पर हलियापुर पुलिस ने दलित महिला का एफआईआर दर्ज कर लिया है। बल्दीराय तहसील समाधान दिवस पर पेश शिकायत के बाद हलियापुर थाना क्षेत्र की एक गांव की पीडित महिला ने आरोप लगाया कि 22 जुलाई को खेत से लौटते समय गांव के ही अमरेन्द्र प्रताप सिंह और अभिनव उर्फ अंकित सिंह ने उसके साथ अश्लील हरकतें, जातिसूचक गालियां और मारपीट की थी। जब उसका भाई विक्रम उसे लेने पहुंचा, तो आरोपियों ने उसे भी मारा पीटा और बाइक जबरन खड़ी करा ली। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़िता ने जिलाधिकारी से शिकायत की, पीड़ित महिला की शिकायत पर डीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए हरियापुर पुलिस को निर्देश दिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी हलियापुर ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# बाल वैज्ञानिक पूजा से मिलने पहुंचे राजा रितेश सिंह, स्मार्ट फोन अंग वस्त्र भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।समाजवादी पार्टी के नेता राजा रितेश कुमार सिंह तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र के डलाई का पुरवा गांव पहुंचे। उन्होंने बाल वैज्ञानिक पूजा पाल से मुलाकात की, जिन्होंने धूल रहित थ्रेसर का मॉडल बनाकर जापान की राजधानी टोकियो में भारत का नाम रोशन किया है।राजा रितेश सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र उनके पिता का रहा है और यहां के लोगों ने हमेशा उनका सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि पूजा पाल ने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे विधानसभा क्षेत्र, जनपद और प्रदेश का नाम रोशन किया है।इस अवसर पर राजा रितेश सिंह ने पूजा पाल को स्मार्ट फोन भेंट किया और शॉल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने पूजा



के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके बच्चा सिंह, डॉ. अजीत सिंह, आदेश जैन, राधे लाल यादव, प्रधान सोहन लाल, प्रधान अवधेश कुमार, खुदाबक्श, डॉ. असलम और अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।राजा रितेश सिंह के पिता स्वर्गीय राजा राजीव कुमार सिंह दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र से छः बार विधायक और मंत्री रह चुके हैं।

## नवीन कार्यालय का भव्य शुभारंभ

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय युवा संघर्ष मोर्चा (अराजनैतिक) का अनवारी चौराहा स्थित नवीन कार्यालय का उद्घाटन संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज सम्राट के ने किया। साथ में ही कुछ नए पदाधिकरियों को पद सौंपा गया, इसमें मुख्य रूप से कौशल किशोर रावत को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व मोहित यादव को राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी तथा मोहम्मद इरफान को प्रदेश मंत्री उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया। संगठन के अध्यक्ष अनुज सम्राट ने सभी को संबोधित करते हुए एक मंच पर आने का आवाहन किया। जब हम सभी संगठित होंगे तभी राष्ट्र का नवनिर्माण हो सकेगा। युवा किसी भी देश की रीड की हड्डी होते हैं उनके बगैर कुछ भी संभव नहीं है हमारे देश के युवा आज अलग-थलग हैं सबको एकजुट होकर साथ आने की आवश्यकता है जिससे हमारे अधिकारों का हनन न हो सके इसी के साथ उन्होंने नवीन पदाधिकरियों को शुभकामनाएं प्रेषित की और संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए सलाह दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कुमार रावत,अंकुल यादव, असगर सिद्दीकी, सूरज पासी, सुधीर रावत मुकेश पाल, रिजवान, आदिल उपस्थित रहे ।

## तिरंगा यात्रा की तैयारी में फोटोग्राफर्स एशो

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आदर्श इंटर कॉलेज, महमूदाबाद में आयोजित फोटोग्राफर्स एसोसिएशन की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज वर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए।बैठक का मुख्य विषय 19 अगस्त 2025 को विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर बाराबंकी शहर में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारियां थीं। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए।भारी बारिश के बावजूद बैठक में अच्छी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही। इससे यह स्पष्ट हो गया कि आगामी तिरंगा यात्रा बड़े पैमाने पर आयोजित की जाएगी।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शशिकांत गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज मिश्रा उपस्थित रहे। इसके अलावा नवनियुक्त जिला संगठन मंत्री अर्जुन, सिरौलीगौसपुर तहसील प्रभारी आकाश यादव, रामसनेहीघाट तहसील प्रभारी गिरधारी और सदस्यता प्रभारी रामपाल वर्मा सहित क्षेत्र के अन्य फोटोग्राफर भी मौजूद थे।

# रामसनेहीघाट पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन में लिप्त डंपर को पकड़ा, वाहन किया गया सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बिना नंबर के डंपर को बड़ेला नारायणपुर के पास लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर पकड़ा। डंपर में भारी मात्रा में मिट्टी लदी हुई थी, जिसकी वैधता को लेकर जब पुलिस ने जांच की, तो चालक किसी प्रकार की परमिशन या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका । थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया कि जब डंपर को रोका गया और चालक से कागजात मांगे गए, तो उसने न तो खनन की अनुमति दिखाई और न ही वाहन के वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए। इतना ही नहीं, डंपर पर कोई पंजीकरण संख्या भी अंकित नहीं थी, जिससे वाहन मालिक की पहचान संभव नहीं हो सकी। यह मामला अवैध खनन और नियमविरुद्ध परिवहन से जुड़ा प्रतीत



होता है। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से डंपर को सीज कर दिया है तथा संबंधित धाराओं में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध खनन व बिना अनुमति परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस पर सख्त नजर रखी जा रही है।प्रशासन द्वारा यह कदम क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन नेटवर्क पर लगाम कसने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# ज्ञापन की समयावधि हुई पूर्ण अनिश्चितकालीन प्रदर्शन आंदोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। जिले के जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहद जर्जर और दयनीय अवस्था में पहुंच चुका मुर्तजीपुर संपर्क मार्ग को लेकर कई बार ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों द्वारा संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई। वहीं इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग को ज्ञापन देते हुए दो अगस्त तक कार्य कराए जाने की मांग की थी। मांग पर समुचित कार्रवाई न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा के नेतृत्व में रविवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा ने बताया कि संबंधित विभाग को पूर्व में अवगत कराया



गया था।और निर्धारित समयावधि के बीच उक्त सड़क के निर्माण कराए जाने की मांग की गई थी। तथा 2 अगस्त तक सड़क के निर्माण न कराए जाने के स्थिति में 3 अगस्त से धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी।

# इस खेल में निरंतरता के साथ प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है : जायसवाल

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में 118 रनों की पारी खेलकर भारत को एक मजबूत स्थिति में पहुंचाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि वह अपनी पारी को और बड़ा करना चाहते थे लेकिन अंत में वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

जायसवाल ने तीसरे दिन के खेल के बाद मीडिया से कहा, 'मैं और बेहतर करना चाहता था, मैं इससे बड़ी पारी खेलना चाहता था। अगर ऐसा होता तो मैं कुछ और भी हासिल कर सकता था। लेकिन ठीक है, मैंने इसके लिए काफी मेहनत की थी और मैं इसका लुत्फ उठा रहा हूं। जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरी कोशिश यही रहती है कि जितना संभव हो सके उतनी देर बल्लेबाजी कर सकूं और मैं अपनी बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहा हूं। जायसवाल ने दो शतक और दो अर्धशतक के साथ इस सीरीज में कुल 411 रन बनाए। ओवल में लगाया जायसवाल का



शतक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में उनका चौथा शतक भी है। जायसवाल ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों और कोच से उन्हें यही फीडबैक मिला था कि वह लगातार मेहनत करते रहें और उन्होंने कहा कि वह खुद भी यह मानते हैं कि इस खेल में निरंतरता के साथ प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है। जायसवाल ने कहा, 'फीडबैक यही है कि लगातार मेहनत करते रहना है और जैसा कि हम सभी करते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं और हर दिन बेहतर करने का प्रयास करते हैं। मेरा मानना है कि क्रिकेट निरंतरता का खेल है तो हम यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास करते हैं कि हम अभ्यास सत्रों में कड़ी मेहनत करें। ताकि जब हम मैदान में उतरें तो खेल हमारे लिए आसान हो जाए। हम काफी मेहनत कर रहे थे। हमें पता है कि हम कैसे शॉट्स खेल सकते हैं और मुझे लगता है कि एक ही चीज को लगातार निरंतरता से करता रहना बेहद जरूरी है। जायसवाल का यह पहला इंग्लैंड दौरा भी था और उन्होंने कहा कि इस दौरे से उन्हें बतौर खिलाड़ी काफी कुछ सीखने को मिला है जिन्हें शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। जायसवाल ने कहा, 'मुझे लगता है कि जरूरी यह है कि मैं कैसे चीजों से लड़ता हूं। मेरी मानसिकता यही रहती है कि जैसी भी परिस्थिति सामने हो उनसे लड़ूं और खेल का लुत्फ उठाऊं। मैं अपने आप को यही समझाता हूं कि अंत में यह एक खेल है और इसका लुत्फ उठाना जरूरी है। इस दौरे से मैंने काफी कुछ सीखा है, मैं हर चीज तो नहीं बता सकता लेकिन मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक तौर पर इस सीरीज में मैंने काफी कुछ सीखा है और जिस तरह से मैंने और पूरी टीम ने पिछले दो महीने से मेहनत की है और इंग्लैंड सीरीज का लुत्फ लिया है।

# टेस्ट क्रिकेट को केवल 'बिग थ्री' तक सीमित नहीं रख सकते: ग्राहम गूच

एजेंसी

लंदन। दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम गूच का कहना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच टेस्ट मैचों की शृंखला टेस्ट क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन प्रेरणा है, जो वर्तमान में कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। हालांकि, उन्हें आशंका है कि भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे 'बिग थ्री' देशों के बीच बार-बार लंबी शृंखलाएं खेलने की प्रवृत्ति लंबे समय में एकरसता और ठहराव का कारण बन सकती है। आजकल टेस्ट क्रिकेट का अधिकांश हिस्सा इन्हीं तीन देशों के बीच खेला जा रहा है, जो पांच मैचों की शृंखलाओं में एक-दूसरे से भिड़ते हैं। वहीं, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से कमजोर देश केवल दो या तीन मैचों की छोटी शृंखलाओं तक सीमित रह जाते हैं। पांचवें और अंतिम टेस्ट के मौके पर बातचीत में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान गूच ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को इन तीन बड़े देशों से आगे बढ़कर सभी देशों में फलना-फूलना चाहिए। उन्होंने कहा, आईसीसी को टेस्ट क्रिकेट पर विशेष ध्यान देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों को समर्थन मिले। मैं छोटे देशों की बात नहीं कर रहा, बल्कि उन देशों की बात कर रहा हूं जिनके पास आर्थिक संसाधन कम हैं। टेस्ट क्रिकेट में 8900 रन बनाने वाले इंग्लैंड के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज, 72 वर्षीय गूच ने कहा, टेस्ट क्रिकेट को जीवित रखना जरूरी है। आप केवल तीन देशों के बीच ही नहीं खेल सकते। अगर वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड या दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें कम टेस्ट खेलेंगी, तो अंततः खेल के लिए कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं बचेगा। इसलिए, टेस्ट क्रिकेट को पूर्ण समर्थन की जरूरत है। भारत और इंग्लैंड के बीच इस शृंखला में कांटे की टक्कर देखने को मिली है, और गूच इस रोमांचक क्रिकेट और कड़े मुकाबलों से पैदा हुए उत्साह से बेहद संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, यह एक शानदार शृंखला रही है और टेस्ट क्रिकेट के लिए बहुत अच्छी है। फ्रेंचाइजी क्रिकेट ने विश्व भर में अपनी छाप छोड़ी है, और टेस्ट क्रिकेट दबाव में है। लेकिन इस तरह की शृंखलाएं, जिसमें रोमांच, बेहतरीन क्रिकेट, ढेर सारे रन, शानदार गेंदबाजी और कभी-कभी थोड़ा तनाव भी शामिल होता है, मुझे प्रभावित करती हैं। मुझे इसकी परवाह नहीं कि खेल में थोड़ी नोकझोंक हो। उन्होंने आगे कहा, दोनों टीमों ने जबरदस्त जज्बा दिखाया है, और यह वाकई शानदार रहा है। लगभग 45 हजार प्रथम श्रेणी रन बनाने वाले गूच का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद भी भारत ने अनुभवहीनता के बावजूद मेजबान इंग्लैंड को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने कहा, जब एक दरवाजा बंद होता है, तो दूसरा खुलता है। आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि बड़े खिलाड़ी हमेशा खेलते रहेंगे। एक समय आता है जब वे संन्यास ले लेते हैं। जिन दो खिलाड़ियों का जिक्र हुआ, उन्होंने भारत और क्रिकेट के लिए शानदार योगदान दिया है। अब समय है कि नए खिलाड़ी सामने आएं, और भारतीय युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

# पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल में भविष्य में भागीदारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया

एजेंसी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के आयोजकों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए रविवार को भविष्य में इस टूर्नामेंट में अपने खिलाड़ियों की भागीदारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों को लेकर देश के रुख का हवाला देते हुए इस पड़ोसी देश के खिलाफ डब्ल्यूसीएल के ग्रुप चरण के मुकाबले और सेमीफाइनल दोनों में खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पीसीबी ने यह फैसला किया। पीसीबी ने मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की वर्चुअल बैठक के बाद एक बयान में कहा, ''पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) घोषणा करता है कि वह भविष्य में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भाग लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रहा है। पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल द्वारा भारत को अंक देने के निर्णय पर भी कड़ी आपत्ति जताई तथा कहा कि यह ''पाखंड और पक्षपातपूर्ण है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण में मुकाबला होना था, लेकिन भारतीय टीम ने आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्रीय भावनाओं का हवाला देते हुए पाकिस्तानी टीम के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया। भारतीय टीम में शिखर धवन, युवराज सिंह, इरफान पठान, सुरेश रैना और हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल थे। भारत के सेमीफाइनल में नहीं खेलने के कारण पाकिस्तान सीधे फाइनल में पहुंच गया। पीसीबी ने बयान में कहा, ''पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल के जानबूझकर मैच गंवाने वाली टीम को अंक देने के फैसले की समीक्षा की। इसके अलावा भारत बनाम पाकिस्तान लीजेंड्स मैचों को रद्द करने की घोषणा करने वाली डब्ल्यूसीएल की प्रेस विज्ञप्तियों की विषय-वस्तु की समीक्षा भी की गई और उसने इन्हें पाखंड और पूर्वाग्रह से ग्रस्त पाया। बोर्ड ने आगे कहा कि वह अपने खिलाड़ियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां ''खेल भावना पर पक्षपातपूर्ण राजनीति हावी हो रही हो और जो खेल भावना के मूल तत्व को कमजोर कर रही हो। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन के सह-स्वामित्व वाली डब्ल्यूसीएल ने ग्रुप चरण के मैच के रद्द होने के बाद माफी मांग ली थी। डब्ल्यूसीएल ने कहा था, ''हम भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए एक बार फिर माफी मांगते हैं और उम्मीद करते हैं कि लोग यह समझेंगे कि हमारा उद्देश्य क्रिकेट प्रेमियों को खुशी के कुछ पल देना था। पीसीबी ने हालांकि इस माफी को हास्यास्पद करार देते हुए कहा, ''डब्ल्यूसीएल की 'भावनाओं को ठेस पहुंचाने' के लिए माफी हास्यास्पद होते हुए भी अनजाने में यह स्वीकार करती है कि एक विशिष्ट राष्ट्रवादी भावना के आगे झुकने के कारण मैच रद्द किए गए।

# धोनी ने 2026 आईपीएल में खेलने की पुष्टि की, कहा 'रुतुराज फिर से कमान संभालेंगे'

एजेंसी

चेन्नई। इस साल चोटिल रुतुराज गायकवाड़ से पांच बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कमान संभालने के बाद, तूफानी कप्तान एम एस धोनी ने अगले साल के संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है और कहा है कि रुतुराज कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे। धोनी ने एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कहा कि उन्हें चेन्नई के साथ अपने लंबे समय से जुड़े जुड़ाव, चेन्नई के प्रशंसकों से मिले प्यार, स्नेह और समर्थन की याद आती है। चेन्नई के प्रति उनका प्यार तब स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जब उन्होंने कहा कि इसी शहर ने उन्हें 2005 में पहला टेस्ट और 2008 में आईपीएल का पहला मैच दिया था। धोनी ने इस साल के संस्करण में टीम की समस्याओं और संतुलन की बात स्वीकार की, लेकिन यह भी कहा कि अगले साल सीएसके की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा, 'हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है



कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वह वापसी करेंगे। तो, अब हम काफी व्यवस्थित हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार, धोनी ने कहा कि रुतुराज गायकवाड़ की वापसी से आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी मजबूत होगी। गायकवाड़ पांच मैच खेलने के बाद कोहनी की चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए थे। धोनी ने सीएसके की कप्तानी संभाली, लेकिन टीम की किस्मत नहीं बदल सके; टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ सबसे निचले पायदान पर रही और लगातार बल्लेबाजी करने के लिए संघर्ष करती रही। धोनी ने कहा, 'हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वह वापसी करेंगे। इसलिए, अब हम पूरी तरह से व्यवस्थित हैं। धोनी ने कहा कि टीम इस साल के अंत में होने वाली मिनी-नीलामी में अपनी टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (सीएसके) आईपीएल 2025 में कोई ढिलाई बरती। लेकिन कुछ खामियां थीं जिन्हें हमें दूर करना था। दिसंबर में एक छोटी नीलामी होने वाली है। कुछ खामियां हैं, और हम उन्हें दूर करने की कोशिश करेंगे। गायकवाड़ का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 8 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ सीएसके का मैच था। उनका यॉर्कशायर के साथ काउंटी अनुबंध था, लेकिन उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए नाम वापस ले लिया। उन्हें इस महीने के अंत में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम में चुना गया है। धोनी ने स्वीकार किया कि पिछले दो सीजन में सीएसके का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, और कहा कि टीम के लिए चिंता के क्षेत्रों की पहचान करना जरूरी है।उन्होंने कहा, 'हाँ, पिछले कुछ साल हमारे लिए अच्छे नहीं रहे हैं। हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। लेकिन जरूरी यह है कि आप सीख लें। हाँ, आपका सीजन खराब रहा। लेकिन क्या गलत हुआ? और पिछले साल भी हमारे लिए यही सवाल था। 'हमने सोचा, 'ठीक है, कुछ कमियां हैं'। लेकिन पहले हमें यह पता लगाना था कि कमियां क्या थीं और फिर समाधान ढूंढने थे। मुझे लगता है कि अक्सर हम यह पता लगाने में कामयाब रहे हैं कि आखिर क्या गलती हुई। खेलों में, आप जानते हैं कि आप बहुत अच्छा समय बिता सकते हैं और साथ ही ऐसे दौर भी आते हैं जब आप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते। सीएसके में, अक्सर हम बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हम प्रक्रियाओं के बारे में बात करते हैं। लेकिन साथ ही हम चाहते हैं कि परिणाम हमारे पक्ष में आए। पिछले साल ऐसा नहीं हुआ था।

# पीएनबी 2025-26 के अंत तक 30 लाख करोड़ रुपये के कुल कारोबार को छूने के लिए तैयार: एमडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) चालू वित्त वर्ष के अंत तक 30 लाख करोड़ रुपये के कुल कारोबार के ऐतिहासिक आंकड़े को छूने के लिए पूरी तरह तैयार है। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने यह उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता के पास इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सही रणनीति है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के अंत में पीएनबी का कुल कारोबार 11.6 प्रतिशत बढ़कर 27.19 लाख करोड़ रुपये हो गया। पीएनबी के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा का स्थान है, जिसका कुल कारोबार 30 जून 2025 तक 26.43 लाख करोड़ रुपये का था। इसके बाद 25.64 लाख करोड़ रुपये के कुल कारोबार के साथ केनरा बैंक है। चंद्रा ने कहा, चालू वित्त वर्ष के लिए हमारा लक्ष्य 29.56 लाख करोड़ रुपये का है। हम अपने लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और अगले साल मार्च तक 30 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकते हैं। हम इस बात का पूरा ध्यान रख रहे हैं कि हम जो भी राजस्व अर्जित करने जा रहे हैं, उससे बैंक का लाभ बढ़ना चाहिए। उन्होंने एक साक्षात्कार में जोर देकर कहा कि पीएनबी परिचालन लाभ को लेकर बहुत सचेत है और पहली तिमाही में ही बैंक ने 7,081 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे ज्यादा परिचालन लाभ दर्ज किया है। उन्होंने कहा, चाहे जमा राशि जुटाना हो या कॉरपोरेट ऋण बही हो, हर चीज से बैंक के लाभ में इजाफा होना चाहिए। यही कारण है कि अब थोक जमा राशि कम कर दी गई है और कॉरपोरेट जमा राशि में काफी कमी आई है। चंद्रा ने कहा कि बैंक का लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 में न्यूनतम 11-12 प्रतिशत ऋण वृद्धि और 9-10 प्रतिशत जमा वृद्धि हासिल करना है।

# श्रीनगर हवाई अड्डे पर 26 जुलाई को एक यात्री ने चार कर्मचारियों पर हमला किया: स्पाइसजेट

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्पाइसजेट ने रविवार को कहा कि दिल्ली जाने वाली उड़ान में सवार होने वाले एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने 26 जुलाई को श्रीनगर हवाई अड्डे पर एयरलाइन के जमीनी रखरखाव करने वाले चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की और उनमें से एक की रीढ़ की हड्डी टूट गई। एयरलाइन ने कहा कि स्थानीय पुलिस में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और नागर विमानन नियमों के अनुसार यात्री को 'नो-फ्लाई' सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एयरलाइन ने आगे बताया कि यह मारपीट तब हुई जब यात्री से अतिरिक्त सामान के लिए भुगतान करने को कहा गया। सोशल मीडिया पर साझा किए गए घटना के वीडियो में यात्री को कर्मचारियों पर हमला करते हुए और उनमें से एक पर हवाई अड्डे पर रखे जाने वाले स्टैंड से हमला करते हुए दिखाया गया है। तीनों को अस्पताल ले जाया गया और उनका इलाज चल रहा है। स्पाइसजेट ने बयान में कहा, '26 जुलाई, 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर गंभीर हमला किया। घूंसे, बार-बार लात मारने और कतार में रखे जाने वाले स्टैंड से हमला किए जाने से हमारे एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई और जबड़े में गंभीर चोटें आईं। एयरलाइन के अनुसार, एक कर्मचारी बेहोश होकर ज़मीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री उसे लात-घूंसों से मारता रहा। बयान के अनुसार, एक अन्य कर्मचारी के जबड़े पर जोरदार लात लगने से उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा, जब वह बेहोश हुए अपने सहकर्मी की मदद के लिए नीचे झुका था। स्पाइसजेट ने कहा कि यात्री, जो एक वरिष्ठ सेना अधिकारी है, अपने साथ दो केबिन बैगेज लेकर आया था, जिनका कुल वजन 16 किलोग्राम था, जो अनुमत सीमा सात किलोग्राम से दोगुना से भी अधिक था। बयान में कहा गया है, जब यात्री को विनम्रतापूर्वक अतिरिक्त सामान के बारे में बताया गया और लागू शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा गया, तो उसने इनकार कर दिया और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी किए बिना ही ज़बरदस्ती एयरोब्रिज में प्रवेश कर गया ऽ जो विमानन सुरक्षा प्रोटोकॉल का स्पष्ट उल्लंघन है। सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने उसे वापस गेट तक पहुंचाया। एयरलाइन ने कहा कि गेट पर यात्री का व्यवहार और भी आक्रामक हो गया। यह तुरंत पता नहीं चल सका कि घटना के बाद यात्री को हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था या नहीं। बयान में कहा गया है कि स्थानीय पुलिस में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार यात्री को नो-फ्लाई सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# अमेरिकी शुल्क से निपटने के लिए निर्यातकों ने सहायता, किफायती दरों पर ऋण की मांग की

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योग अधिकारियों ने बताया कि खाद्य, समुद्री और कपड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय निर्यातकों ने 25 प्रतिशत ट्रम्प शुल्क से निपटने के लिए सरकार से वित्तीय सहायता और किफायती ऋण की मांग की है। उन्होंने बताया कि मुंबई में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में कुछ निर्यातकों ने उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी योजनाओं की मांग की। एक अधिकारी ने कहा, निर्यातकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित उच्च शुल्क के कारण अमेरिकी बाजार में आने वाली समस्याओं पर अपनी राय रखी। उन्होंने आगे बताया कि मंत्री ने सुझाव दिया है कि निर्यातक समुदाय अपने सुझाव लिखित रूप में भेजें। उन्होंने सस्ती दरों पर ऋण और राजकोषीय प्रोत्साहन की भी मांग की। निर्यातकों के अनुसार, भारत में ब्याज दरें आठ से 12 प्रतिशत या उससे भी अधिक होती हैं। प्रतिस्पर्धी देशों में, ब्याज दर बहुत कम है। उदाहरण के लिए, चीन में केंद्रीय बैंक की दर 3.1 प्रतिशत, मलेशिया में तीन प्रतिशत, थाईलैंड में दो प्रतिशत और वियतनाम में 4.5 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि परिधान और झींगा जैसे क्षेत्रों की स्थिति अच्छी नहीं है। अमेरिकी खरीदारों ने ऑर्डर रद्द करना या रोककर रखना शुरू कर दिया है। आने वाले महीनों में, इसका असर अमेरिका को भारत के निर्यात पर पड़ सकता है, और निर्यात में गिरावट के कारण, नौकरियां जा सकती हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन देना मुश्किल होगा। इस सप्ताह घोषित 25 प्रतिशत शुल्क सात अगस्त (भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे) से लागू होगा। यह शुल्क अमेरिका में मौजूदा मानक आयात शुल्क के अतिरिक्त होगा। इस उच्च कर का खामियाजा जिन क्षेत्रों को भुगतना पड़ेगा, उनमें कपड़ा/वस्त्र (10.3 अरब डॉलर), रत्न एवं आभूषण (12 अरब डॉलर), झींगा (2.24 अरब डॉलर), चमड़ा एवं जूते-चप्पल (1.18 अरब डॉलर), रसायन (2.34 अरब डॉलर), और विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी (लगभग नौ अरब डॉलर) शामिल हैं।

# आरबीआई की बैठक, वित्तीय परिणामों पर रहेगी निवेशकों की नजर

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। अमेरिकी आयात शुल्क की चिंता में पिछले सप्ताह घरेलू शेयरों बाजारों में बिकवाली हावी रही और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गये।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पाँच में से दो दिन बढ़त के साथ बंद होने के बावजूद 863.18 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को 80,599.91 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी सप्ताह के दौरान 271.65 अंक (1.09 प्रतिशत) टूटकर 24,565.35 अंक पर आ गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार पाँचवीं बार साप्ताहिक गिरावट में बंद हुये हैं। आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति बैठक पर होगी। तीन दिन की बैठक के बाद बुधवार को बयान जारी किया जायेगा।

इसके अलावा अडाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, ट्रेंट, टाइटन और टाटा मोटर्स जैसी दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणाम भी सप्ताह के दौरान आने वाले हैं।

अमेरिकी आयात शुल्क के मद्देनजर निवेशक बाजार में आगे और स्पष्टीकरण का इंतजार करते हुए सतर्कता बरत सकते हैं।

जियोजित इनवेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह काफी उथल-पुथल वाला रहा। वैश्विक चुनौतियों के बीच निवेशकों ने घरेलू बाजार पर आश्रित कंपनियों में निवेश किया। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ने और अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व तथा बैंक ऑफ जापान द्वारा आने वाले समय में दरों में वृद्धि के संकेत देने से निवेशकों की तत्काल ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट दर्ज की गयी है। बीते सप्ताह ज्यादा शेयरों पर आधारित सूचकांकों में एनएसई के निफ्टी-100 में 292.50 अंक (1.15 प्रतिशत) की गिरावट रही और यह 25,149.60 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव अधिक रहा। निफ्टी मिडकैप-50 में 2.27 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 में 3.42 प्रतिशत की गिरावट रही।

वेंचुरा के अध्यक्ष एवं टेकनिकल हेड भरत के. गाला ने कहा कि निफ्टी-50 में अभी और गिरावट की संभावना है। यदि यह 24,375 अंक से भी नीचे उतरता है तो 24,165 अंक पर इसे समर्थन मिलना चाहिये। उससे नीचे उतरने पर 23,705 अंक पर इसमें लिवाली शुरू हो सकती है। ऊपर 25,100 के पार जाने पर बिकवाली देखी जा सकती है।



# शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में सात का बाजार मूल्यांकन 1.35 लाख करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली। देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 1.35 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा झटका लगा। पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 863.18 अंक या 1.05 प्रतिशत टूट गया। इस दौरान टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में संयुक्त रूप से 1,35,349.93 करोड़ रुपये की गिरावट आई। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर का संयुक्त मूल्यांकन बढ़ा। इन तीनों कंपनियों ने कुल मिलाकर 39,989.72 करोड़ रुपये जोड़े। टीसीएस का मूल्यांकन 47,487.4 करोड़ रुपये घटकर 10,86,547.86 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 29,936.06 करोड़ रुपये घटकर 10,74,903.87 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 32,013.18 करोड़ रुपये बढ़कर 5,99,462.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

# रिफाइनरी क्षेत्र में 5जी निजी नेटवर्क के लिए बीएसएनएल, नुमालीगढ़ रिफाइनरी में समझौता

नयी दिल्ली। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने रिफाइनरी क्षेत्र में 5जी निजी नेटवर्क की तैनाती के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। गुवाहाटी में वित्त मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित 'सीपीएसई के लिए उद्योग 4.0 कार्यशाला' के दौरान दोनों कंपनियों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। बयान के अनुसार, इस समझौता ज्ञापन के तहत, बीएसएनएल और एनआरएल रिफाइनरी क्षेत्र में भारत का पहला 5जी सीएनपीएन (कैप्टिव नॉन-पब्लिक नेटवर्क) स्थापित करने के लिए सहयोग करेंगे, जिससे सुरक्षित, अति-विश्वसनीय और तत्काल औद्योगिक संपर्क का एक नया युग शुरू होगा।

# मोदी और शाह ने मुर्मु से अलग-अलग की मुलाकात

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से अलग-अलग मुलाकात की ।

राष्ट्रपति भवन की ओर से सोशल मीडिया पोस्ट पर सवश्री मोदी और शाह के साथ श्रीमती मुर्मु की अलग अलग मुलाकात के बारे में जानकारी दी गई है। सोशल मीडिया पोस्ट में मुलाकात की तस्वीर भी साझा की गई है।



राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की मुलाकात के दौरान क्या बात हुई इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है लेकिन एक ही दिन अचानक प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। श्रीमती मुर्मु से श्री मोदी की मुलाकात के बाद राष्ट्रपति भवन के सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया,ल्लप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इसी तरह राष्ट्रपति की श्री शाह से मुलाकात के बाद पोस्ट में कहा गया,ल्लकेंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री की राष्ट्रपति के साथ मुलाकात संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर बने गतिरोध के संदर्भ में हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि श्री मोदी ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क और रूस से तेल खरीदे जाने के विरोध में दंडात्मक शुल्क लगाए जाने के बारे में भी राष्ट्रपति को अवगत कराया है।

# भाजपा दुष्कर्मियों को संरक्षण देना बंद करे : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर दुष्कर्मियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जहां-जहां भाजपा सरकार है वहां दुष्कर्म का आंकड़ा बढ़ रहा है और भाजपा की सरकारें इन अपराधों को रोकने में नाकाम हो रही है।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशान साधा और कहा कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगोड़ा के दुष्कर्म के आरोपी पौत्र प्रज्ज्वल रमन्ना के लिए प्रचार कर लोगों से उसे वोट देने की अपील की हैं। श्री मोदी संसद से भागते हैं संसद भवन में होते हुए भी राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चल रही चर्चा में शामिल होने नहीं आते हैं।

उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस देशभर में हो रही दुष्कर्म की इन घटनाओं के खिलाफ तब तक विधानसभाओं और संसद सदस्यों का घेराव करती रहेगी जब तक आरोपियों को दंड नहीं मिलता है। उन्होंने सरकार से पीड़ितों की मदद करने और उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने की अपील की है।



सुश्री लाम्बा ने ओडिशा की दुष्कर्म की एक जघन्य घटना का जिक्र करते हुए कहा कि 19 जुलाई को ओडिशा के पुरी में तीन लोगों ने एक नाबालिग बच्ची का अपहरण किया और उसे जिंदा जला दिया। बच्ची को दिल्ली एम्सलाया गया, जहां उस 15 साल की बच्ची ने दम तोड़ दिया। जब सवाल किया गया कि बच्ची को जलाने वाले कहां हैं, क्या उनकी गिरफ्तारी हुई, तो जवाब मिला कि बच्ची को जलाने में किसी का हाथ नहीं था। ये पुलिस और सरकार की नाकामी है। मध्य प्रदेश विधानसभा में 2022 से 2024 के बीच राज्य में दलित और आदिवासी महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं पर राज्य सरकार ने कहा कि 7,418 महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। प्रधानमंत्री पर अपराधियों को शरण देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना ने कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया। ये सब मालूम होते हुए भी श्री मोदी ने उसके लिए प्रचार किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे को बेहद गंभीरता से लिया। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चलवाया और 15 महीने में मास रेपिस्ट को दोषी करार दे दिया गया। उन्होंने कहा,मैं भाजपा नेताओं से कहना चाहती हूं कि अपराधियों का समर्थन करना बंद कीजिए। संसद का सत्र शुरू होते ही महिला कांग्रेस ने 'न्याय मार्च' निकाला। हमारी मांग थी कि संसद में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर बात हो, लेकिन पुलिस ने मुझे नजफगढ़ थाने में 8 घंटों तक बंद करके रखा। न्याय के लिए उठती हमारी आवाज को दबाया जा रहा है। ये तमाशा पूरे देश में सरेआम चल रहा है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की है कि महिला सुरक्षा देश में एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है।

इसको लेकर उनका संगठन लगातार 'न्याय मार्च' लगातार निकाल रहे है। पुलिस न्याय की मांग को कुचलने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम रुकने वाले नहीं हैं। महिला कांग्रेस ने तय किया है कि पीड़ितों को न्याय और दोषियों को सजा दिलाकर रहेंगे उन्होंने पीड़ित परिवारों को सुरक्षा और उचित मुआवजा देने तथा महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग की है।

## स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है :मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला में देश के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र को सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा है कि यह देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है। श्री मोदी ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, यह एक सराहनीय प्रयास है, जो स्थिरता को बढ़ावा देता है और हमारे नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है। उन्होंने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला के एक पोस्ट के जवाब में यह प्रतिक्रिया की। प्राधिकरण ने अपनी पोस्ट में कहा है, हरित नवाचार के साथ प्रगति को गति! दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला ने बंदरगाह क्षेत्र में भारत के पहले मेक-इन-इंडिया हरित हाइड्रोजन संयंत्र कांडला में गर्व से शुभारंभ किया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेट ज़ीरो विज़न की दिशा में एक शक्तिशाली कदम। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में स्वदेशी रूप से निर्मित एक मेगावाट क्षमता वाले हरित हाइड्रोजन ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया था। भारत ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है।

## आंध्रप्रदेश में ग्रेनाइट खदान में शिलाखंड गिरने से छह मज़दूरों की मौत

**बापतला।** आंध्रप्रदेश में बापतला जिले के बल्लीकुरवा गाँव में एक ग्रेनाइट खदान में रविवार को एक भारी शिलाखंड (बोल्डर) गिरने से छह मज़दूरों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मज़दूरों का एक समूह सत्य कृष्णा ग्रेनाइट खदान में काम कर रहा था, तभी एक पहाड़ी से विशाल पत्थर लुढ़ककर उन पर गिर गया जिसमें छह मज़दूरों की मौके पर ही मौत हो गयी । अब तक चार शव बाहर निकाले जा चुके हैं और दो को निकालने के प्रयास जारी हैं। जिस समय यह हादसा हुआ, तब ग्रेनाइट खदान में 16 मज़दूर काम कर रहे थे। इस हादसे में घायल अन्य मजदूरों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ चार मज़दूरों की नाजुक बताई जा रही है। प्रारंभिक जाँच के अनुसार, हादसे में मारे जाने वाले मजदूर ओडिशा के थे। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायल श्रमिकों को बेहतर चिकित्सा प्रदान करने के निर्देश दिये हैं।

## एसआईआर के मुद्दे पर भ्रम फैला कर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं तेजस्वी: भाजपा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भ्रम फैलाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री यादव पर निशाना साधा। श्री पात्रा के मुताबिक श्री यादव ने कहा है कि बिहार की मतदाता सूची से मेरा नाम काट दिया गया है। श्री यादव ने मोबाइल नंबर दिखाते हुए कहा कि उनकी एपिक संख्या आरएबी 2916120 है, लेकिन उसमें उनका नाम नहीं आ रहा है। श्री पात्रा ने कहा कि श्री यादव के इस आरोप के बाद चुनाव आयोग और पटना के जिलाधिकारी (डीएम) ने पूरी सच्चाई को जस का तस सामने रख दिया। भाजपा नेता ने श्री यादव पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका नाम मतदाता सूची से नहीं कटा है। उन्होंने कहा कि दीघा विधानसभा में उनका नाम इनरोल्ड है और उनकी एपिक संख्या आरएबी0456228 है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि उनके पास दो-दो एपिक नंबर कहां से आया।

## अव्यावहारिक, भ्रमित करने वाला और जनविरोधी है 'दिल्ली स्कूल शिक्षा विधेयक, 2025': यादव

**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने 'दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, 2025' को लेकर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए इसे अव्यावहारिक, भ्रमित करने वाला और जनविरोधी करार दिया है। श्री यादव ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि केजरीवाल सरकार की तरह भाजपा भी शिक्षा सुधार के नाम पर सिर्फ दिखावा कर रही है। पांच महीने में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता यह तय नहीं कर सकी कि विधेयक को अध्यादेश के रूप में लाएं या विधानसभा में पेश करें। उनकी असमंजसता से साफ हो गया है कि शिक्षा को लेकर भाजपा सरकार की नीयत कितनी असंवेदनशील और अस्पष्ट है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने कभी भी निजी विद्यालयों की मनमाने शुल्क बढ़ोतरी रोकने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं बनायी और यह विधेयक भी उसी पुरानी गलती को दोहरा रहा है। उन्होंने कहा, ल्लदिल्ली स्कूल शिक्षा विधेयक 2025 का असली उद्देश्य निजी स्कूलों को नियंत्रण में लाना तथा शुल्क वृद्धि के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाना है।

# स्वदेशी वस्तुओं की खरीद और बिक्री को लेकर 10 अगस्त से कैट का राष्ट्रव्यापी अभियान : खंडेलवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'भारतीय सामान खरीदो और बेचो' की अपील को समर्थन देते हुए घोषणा की है कि 10 अगस्त से इस संबंध में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जाएगा जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना है।

यहां आयोजित कैट के दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में रविवार को यह निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन में देश के 26 राज्यों के 150 से अधिक व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से श्री मोदी के आह्वान को भारत की अस्मिता का प्रतीक बताते हुए इस अभियान का नाम 'भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान' रखने का निर्णय लिया है और कहा है कि प्रधानमंत्री की यह



अपील आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करती है। उन्होंने कहा, विदेशी कंपनियों की एकाधिकारवादी नीतियों से बचकर यदि हम अपने देश के उत्पादों को बढ़ावा देंगे, तो इससे न केवल हमारा व्यापार मजबूत होगा बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था और रोजगार भी सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों की अनुचित व्यापार नीतियों से छोटे व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं। भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता आज विश्वस्तरीय है और कीमत भी उचित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील से भारतीय उत्पादों की खरीद से स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और व्यापारियों को समर्थन मिलेगा। विदेशी वस्तुओं की अंधाधुंध खपत से भारत का व्यापार घाटा बढ़ता है जिसको रोकना जरूरी है। इससे भारतीय संस्कृति, कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प के संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। वहीं, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि देश भर में फैले 48,000 से अधिक व्यापारी संघटनों की भागीदारी के साथ यह अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा। हर राज्य तथा ज़िले में व्यापारी, उपभोक्ता तथा नागरिक समाज के साथ सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, पोस्टर, रैलियों और जन संवाद के माध्यम से लोगों को भारतीय उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# यूपीबीए से महासचिव का निष्कासन

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन (यूपीबीए) ने अपने महासचिव प्रमोद कुमार को आर्थिक अनियमितताओं, मनमानी कार्यशैली, और नियम-विरुद्ध प्रतियोगिता आयोजन जैसे गंभीर आरोपों के चलते निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई खेल संघों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ एक अभूतपूर्व कदम है। प्रमोद कुमार पर सात राष्ट्रीय मुक्केबाजी आयोजनों में लगभग 5.40 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा किया गया, जबकि यूपीबीए को केवल 1.20 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। शेष धनराशि के स्रोत अस्पष्ट हैं। इसके अलावा, बिना टेंडर प्रक्रिया के आयोजन, निजी संस्थानों से अनुचित स्पॉन्सरशिप, ऑडिट रिपोर्ट की अनुपस्थिति, और जिला एसोसिएशन के खातों में धन प्राप्त करना जैसे आरोप शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय ने इसे एसोसिएशन का निजी मामला बताकर कार्रवाई से पल्ला झाड़ लिया। शिकायतकर्ताओं ने निदेशक और महासचिव की कथित मित्रता पर भी सवाल उठाए, जिसमें लाखों रुपये की टैक्स चोरी



और नियम-विरुद्ध खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर मौका देने के आरोप शामिल हैं। जून 2025 में यूपीबीए की पंजीकृत कार्यकारिणी ने वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से प्रमोद कुमार को निलंबित कर कारण बताओ नोटिस जारी किया। दो अवसरों के बावजूद जवाब न देने पर, जुलाई 2025 के अंत में बहुमत (9 में से 5 सदस्यों) ने उन्हें महासचिव पद और एसोसिएशन से निष्कासित कर दिया। इस कार्रवाई के मिनट्स डिप्टी रजिस्ट्रार सोसाइटीज, खेल निदेशालय, बॉक्सिंग फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया, और संबंधित मंत्रालयों को भेजे गए हैं।

# मोदी पिछले 11 वर्षों से रेलवे को आधुनिक बनाने को संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

भोपाल। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रेलवे के साथ भावनात्मक जुड़ाव है। यह देश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन से केंद्र सरकार ने 10-11 वर्ष में रेलवे को आधुनिक बनाने के लिए संकल्प के साथ कार्य किए हैं। नई ट्रेनों की शुरुआत, आधुनिक कोच निर्माण और रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार रेलवे के अभूतपूर्व कार्य हैं।

रेल मंत्री वैष्णव आज गुजरात के भावनगर रेलवे स्टेशन से मध्य प्रदेश के जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हड़पसर) एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रीवा से पुणे की कनेक्टिविटी बढ़ रही है। जबलपुर और रायपुर के बीच नई ट्रेन से जनजातीय अंचल को लाभ मिलेगा। गत 11 साल में 34 हजार किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बनाए हैं। प्रतिदिन 12 किलोमीटर ट्रैक बिछाया जा रहा है और 1300 स्टेशनों का नव निर्माण किया जा रहा है, यह दुनियाभर के विकसित देशों में अपने आप में अलग स्थान रखता है। वंदेभारत जैसी नई ट्रेन चलाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि देश में 8 अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू की जा चुकी हैं, इसमें वंदेभारत जैसी सुविधाएं कम किराये पर दी जा रही है। नमो भारत, आसपास के दो शहरों की कनेक्टिंग ट्रेन हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रेलवे की सूरत बदलने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि पोरबंदर से राजकोट के बीच नई ट्रेन जल्द शुरू करेंगे। राणावाद स्टेशन पर नई कोच मेंटेनेंस फैसिलिटी विकसित करेंगे। सारडिया से बांसजालिया के बीच नई रेल लाइन बिछाएंगे। मुंबई से अहमदाबाद के बीच जल्द ही बुलेट ट्रेन की भी शुरुआत होगी। यह ट्रेन मात्र 2 घंटे 13 मिनट में गंतव्य तक पहुंचेगी। रेल मंत्री वैष्णव ने



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार मानते हुए कहा कि उनका सहयोग रेल नेटवर्क के विस्तार में निरंतर प्राप्त हो रहा है। डबल इंजन की सरकार होने से कोई भी प्रकल्प अधिक समय लंबित नहीं रह पाता है। नए रेल संचालन के शुभारंभ कार्यक्रम में अनेक मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि और नागरिक प्रत्यक्ष और वर्चुअल रूप से शामिल हुए। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नया भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की नवीनतम और विकासात्मक सोच, मार्गदर्शन व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेलवे नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। भावनगर से अयोध्या नई एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत अत्यंत सुखद है। इससे भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के साथ संबंध का स्मरण भी हो रहा है। प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण से ही दुनियाभर में भारत की पहचान बनी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बातें रविवार को जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हड़पसर) एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में उज्जैन से अपने वर्चुअली संबोधन में कहीं। इस अवसर पर उन्होंने नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2025-26 में 2 लाख 65 हजार करोड़ के बजट का प्रावधान रखा गया है। जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से पड़ोसी राज्य के साथ कनेक्टिविटी और बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश आज रेल कनेक्टिविटी के मामले में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से सीधे जुड़ रहा है। जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस के शुभारंभ से यात्रियों के साथ व्यापार-व्यवसाय और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। बघेलखंड अंचल के रीवा में टाइगर सफारी और मैहर शक्तिपीठ की मां शारदा देवी के दर्शन सुलभ हो पाएंगे। इसी प्रकार संस्कारधानी जबलपुर और भेड़ाघाट आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। भारतीय रेलवे ने गत 11 वर्ष में उल्लेखनीय प्रगति की है। इलेक्ट्रिफिकेशन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर बताया गया कि आज से प्रारंभ हुई नई रेल सेवाओं से चार राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात के मध्य बेहतर रेल कनेक्टिविटी स्थापित होगी, जिसका इन चारों राज्यों के नागरिकों को परिवहन और व्यापार-वाणिज्य की दृष्टि से प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। जबलपुर से रायपुर, रीवा से पुणे और भावनगर से अयोध्या के लिए नई एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन प्रारंभ होने से रेल नेटवर्क के विस्तार में नया आयाम जुड़ा है।

# पेज एक का शेष

## अब विधायी...

आरोपों को बेबुनियाद, बिना सबूत और भ्रामक बताया। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि एसआईआर चुनाव आयोग का प्रशासनिक कार्य है और संविधान के मुताबिक, संसद को ईसी की कार्यप्रणाली पर चर्चा करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ का हवाला देते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर संसद में बहस नहीं हो सकती। रिजिजू ने कहा, 'अगर संसद में चर्चा होती है तो आमतौर पर संबंधित मंत्री जवाब देते हैं। लेकिन ईसी एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था है, उसका कोई मंत्री नहीं होता। इस बीच, लोकसभा में 'राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक' लाया गया है, जिसका उद्देश्य देश में खेल संगठनों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाना है। इसके अलावा राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक भी सूचीबद्ध है, जो खेलों में डोपिंग रोकने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। राज्यसभा में भी सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह की ओर से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 13 अगस्त से अगले 6 महीनों तक बढ़ाने का प्रस्ताव चर्चा के लिए रखा गया है। 21 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र में अब तक संसद की कार्यवाही लगभग ठप रही है। केवल पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर ही दोनों सदनों में दो दिन तक चर्चा हो सकी। सरकार के एक वरिष्ठ सूत्र के मुताबिक, अगर विपक्ष का विरोध जारी रहता है तो सरकार हंगामे के बीच ही विधेयकों को पारित कराने की दिशा में आगे बढ़ेगी।

## चुनाव आयोग का...

पुस्तकालय भवन) के क्रम संख्या 416 पर अंकित है। इस पत्र में आगे लिखा गया है, आपके प्रेस वार्ता में आपके अनुसार आपका ईपीआईसी नंबर कुछ और है। प्राथमिक जांच के अनुसार ये एपिक संख्या आधिकारिक रूप से आपकी प्रतीत नहीं होती। इसलिए आपसे अनुरोध है कि दो अगस्त को आपके द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बताए गए एपिक कार्ड का विवरण (कार्ड की मूल कॉपी के साथ) निर्वाचन अधिकारी को दे दें ताकि इसकी गहन जांच की जा सके। इससे पहले, तेजस्वी यादव ने शनिवार को आरोप लगाया था कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के पहले चरण के ख़त्म होने के बाद चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का जो ड्राफ्ट जारी किया है उसमें उनका नाम नहीं है। उन्होंने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपना एपिक नंबर दिखाते हुए दावा किया कि उनके नंबर की जानकारी इस नई लिस्ट में नहीं है। इसके बाद पटना जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया पर मतदाता सूची के पन्ने की दो तस्वीरें पोस्ट की और तेजस्वी यादव के दावे को ख़ारिज किया। प्रशासन ने कहा, ''पहले उनका नाम बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, मतदान केंद्र संख्या 171, क्रम संख्या 481 पर दर्ज था, लेकिन इस नई सूची में उनका नाम बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन, मतदान केंद्र संख्या 204, क्रम संख्या 416 में है।

## प्रदेश के 15 जिलों ...

केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसूनी ट्रफ लाइन अभी भी प्रदेश के तराई इलाकों की ओर है। सोमवार को तराई व आगरा क्षेत्र में भारी बारिश के आसार हैं। सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, मथुरा, हाथरस, आगरा, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं संतकबीरनगर, बस्ती, महाराजगंज, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, जालौन व आसपास के इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## 2,42,000...

अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न परीक्षा केंद्रों, विशेषकर संवेदनशील केंद्रों पर किसी भी प्रकार की नकल रोकने के लिए लगभग 300 साइबर कमांडो तैनात किए गए। एनबीईएमएस ने सभी परीक्षा केंद्रों से प्राप्त सीसीटीवी फीड को वास्तविक समय में लगातार देखने के लिए अपने कार्यालय में 200 से अधिक कर्मियों को तैनात किया था। वरिष्ठ संकाय सदस्य, मेडिकल कॉलेजों के डीन-निदेशक और एनबीईएमएस शासी निकाय के सदस्यों ने उड़नदस्ते के रूप में परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में 'मोबाइल सिग्नल जैमर' लगाकर मोबाइल सिग्नल अवरुद्ध कर दिए गए थे।

## आउटसोर्सिंग के जरिये तैनात...

ग्रामीण क्षेत्रों में 05 वर्ष तथा शहरी क्षेत्रों में 03 वर्ष से अधिक न तैनात किया जाय। गौरतलब है कि आउटसोर्सिंग के जरिए तैनात कर्मी अधिकारियों की मिली भगत से अपनी तैनाती गांव के ही फीडर पर करा ले रहे हैं जिसके चलते विद्युत व्यवस्था के प्रभावित होने के आसार बने रहते हैं।

## पहले भर्तियों में ...

है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इसी के तहत टेलीकॉम विभाग में चयनित 1,494 अभ्यर्थियों में करीब 300 बेटियों का चयन हुआ है। वहीं आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ाई जाएगी। अग्निवीरों को 20 फीसदी आरक्षण मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में अग्निवीर को 20 प्रतिशत रिजर्वेशन देने का निर्णय किया गया है। इससे प्रशिक्षित और अनुशासित युवा पुलिस बल का हिस्सा बन सकेंगे। सीएम ने महाकुंभ में दूरसंचार विभाग के उत्कृष्ट कार्यों का प्रशंसा करते हुए कहा कि संचार व्यवस्था किसी भी पुलिस फोर्स की रीढ़ होती है। उन्होंने कुंभ के दौरान टेलीकॉम पुलिस के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की और टेक्नोलॉजी को पुलिसिंग का अनिवार्य अंग बताया। कहा कि आज जब भारत आजादी के अमृतकाल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो पुलिस को भी उतना ही संवेदनशील और सख्त दोनों होना पड़ेगा। हर दस साल में पीढ़ी बदलती है और हमें इस नई पीढ़ी के सामने एक सुरक्षित, पारदर्शी और समर्थ उत्तर प्रदेश की तस्वीर पेश करनी होगी, जिसमें पुलिस बल एक प्रेरणास्रोत बनकर खड़ा हो। इस अवसर पर मंत्री सुरेश खन्ना, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी राजीव कृष्ण, डीजी टेलीकॉम आशुतोष पांडेय, डीजी भर्ती बोर्ड एसडी शिरोडकर, डीजी पीएचक्यू आनंद स्वरूप आदि मौजूद रहे।

# नीतीश ने आपदा प्रबंधन विभाग का किया निरीक्षण

■ अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गृह विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। श्री कुमार ने आपदा प्रबंधन विभाग तथा राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं तथा कार्य पद्धतियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में वर्षापात की स्थिति, नदियों के जलस्तर तथा फसल आच्छादन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान विकास आयुक्त और आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य में वर्षापात की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 24 घंटों मे राज्य में अच्छी बारिश हुई है। राज्य के 222 प्रखंडों में 25 मि.मी. अथवा इससे अधिक बारिश दर्ज की गई है। गंगा, कोशी तथा बूढ़ी गंडक नदियों का जलस्तर बढ़ा है, पानी का स्तर खतरे के निशान के आसपास है लेकिन स्थिति अभी नियंत्रण में है। राज्य में धान की फसल का आच्छादन प्रतिशत तीन अगस्त तक 79.43 प्रतिशत है, गत वर्ष इस समय तक यह 67.38 प्रतिशत था। राज्य में अच्छी वर्षा हो रही है जिससे भू-जलस्तर भी बेहतर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र बहुत उपयोगी केन्द्र है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 24 घंटे संचालित यह केन्द्र बेहतर ढंग से कार्य कर रहा जिसका लाभ राज्य के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी वर्षा होने से किसानों को रोपनी कार्य में फायदा हो रहा है। नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर संबंधित अधिकारी अलर्ट मोड में रहें तथा एस0ओ0पी0 के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखें। निरीक्षण के दौरान विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित गृह विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रिपल इंजन सरकार जनता के सभी काम कर रही है : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ट्रिपल इंजन सरकार दिल्ली की जनता के सभी काम कर रही है। उन्होंने यह बात रविवार को ग्रेटर कैलाश की विधायक शिखा राय के कार्यालय जन सेवा केंद्र का उद्घाटन करती हुए कही। उन्होंने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के विधायक जनता के बीच जाकर 24 घंटे सातों दिन जनता की सेवा कर रहे हैं। आज भी इस जन सेवा केंद्र में हजारों लोग आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस जन सेवा केंद्र में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। भाजपा के सभी विधायक जन सेवा में लगे हुए हैं। उन्होंने पिछली सरकार के विधायकों पर तंज करते हुए कहा कि उनके कार्यालय घरों में होते थे जहां जनता पहुंच भी नहीं पाती थी। हमारे विधायक जनता के बीच जाकर समस्याओं का समाधान करते हैं।




मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली का तेजी से विकास हो रहा है और दिल्ली वालों को सभी समस्याओं का हल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सेवा और सुशासन' के संकल्प को साकार करते हुए आम जनता की समस्याओं के समाधान, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी, और जरूरतमंदों को त्वरित सहायता पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगा। भाजपा की सरकार अंतिम पंक्ति के नागरिक तक विकास, सेवा और अधिकार समयबद्ध रूप से पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। इस अवसर पर सांसद बांसुरी स्वराज एवं स्थानीय विधायक शिखा राय उपस्थिति रही।

# बिहार में बाढ़ की भयावह स्थिति, उफान पर हैं नदियां



■ जल संसाधन विभाग ने जारी किया अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश और नेपाल से छोड़े गये पानी से उत्तर बिहार की अधिकांश नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर गंगा, कोसी, पुनपुन, गंडक, बूढ़ी गंडक, कमला बलान, महानंदा और घाघरा नदियां उफान पर हैं। प्रदेश के कई जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। जल संसाधन विभाग ने एहतियातन अलर्ट जारी किया है। गंगा नदी का जलस्तर पटना, भागलपुर और कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। गांधी घाट (पटना) पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेमी ऊपर दर्ज किया गया, जबकि हाथीदह में 1 सेमी, भागलपुर में 10 सेमी और कहलगांव में 13 सेमी ऊपर चला गया। बक्सर में अगले 24 घंटे में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जाने की आशंका है। अभी यह खतरे के निशान से महज एक फीट नीचे है। कोसी नदी, जिसे 'बिहार की शोक' भी कहा जाता है, अब एक बार फिर अपने उसी रौद्र रूप में लौट आई है। खगड़िया में इस नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। जल्द ही डुमरी, बलतारा, सहरसा, सुपौल और कुरसेला में भी इस नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर सकता है। पुनपुन नदी का जलस्तर पटना में खतरे के निशान के पार पहुंच चुका है। इसके साथ ही गंडक, बूढ़ी गंडक, कमला बलान, भूतही बलान, सोन, महानंदा और घाघरा जैसी नदियों के जलस्तर में 10 से 48 सेमी तक की वृद्धि का अनुमान है। जमुई जिले के झाझा प्रखंड स्थित बरमसिया पुल का एक हिस्सा अचानक धंस गया, जिससे झाझा नगर और सोनो प्रखंड के दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया। यह पुल उलाय नदी पर बना हुआ था। अब हजारों ग्रामीणों का झाझा मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट चुका है। इसी प्रखंड के बाराकोला पंचायत अंतर्गत पचकठिया गांव में शनिवार को भारी बारिश के कारण एक कच्चा घर ढह गया। 49 वर्षीय मोहन खैरा मलबे में दब गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रशासन द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और परिवार को सहायता देने की प्रक्रिया जारी है। उधर, हवेली खड़गपुर-तारापुर मार्ग एक बार फिर ठप हो गया। डंगरी नदी पर बना अस्थायी डायवर्जन पानी के साथ बह गया। टेटियाबंबर प्रखंड का संपर्क टूट चुका है। बीते महीने भी यह डायवर्जन दो बार बह चुका है, जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी हुई थी। बिहार से होकर बहने वालीं उक्त तमाम नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। विभागीय अभियंताओं को सभी तटबंधों की चौबीस घंटे और सातों दिन (24x7) निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमें कई संवेदनशील जिलों में तैनात की जा रही हैं।

# मुख्यमंत्री धामी ने 187 को सौंपे नियुक्ति पत्र

■ बीते साढ़े 3 वर्ष में राज्य में 23 हजार से अधिक युवा को मिली नौकरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में सिंचाई विभाग के विभिन्न पदों पर चयनित 144 अभ्यर्थियों और परिवहन विभाग में मृतक आश्रित कोटे के अंतर्गत 43 पात्र सहित कुल 187 को नियुक्ति पत्र सौंपे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए ईमानदारी, निष्ठा, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज चयनित अभ्यर्थी सिंचाई परियोजनाओं के वे जमीनी स्तंभ हैं, जो अपनी तकनीकी कुशलता से किसानों के खेतों तक जल पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लंबे समय से लंबित दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को भी नियुक्तियां देने का काम किया है। बीते वर्ष 150 आश्रितों और आज शेष 43 पात्र आश्रितों को भी नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से 2024 में निगम ने रिकॉर्ड 56 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ अर्जित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया है। अब भ्रष्टाचार के मामलों में किसी को नहीं छोड़ा जाता है। पहले राज्य में भर्तियों में भारी पक्षपात, धांधली और भ्रष्टाचार हुआ करता था। राज्य सरकार ने युवाओं की समस्या को देखते हुए देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया। अब राज्य में भर्तियां पूरी पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे योग्य उम्मीदवारों को उनके कौशल और परिश्रम का पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया बीते साढ़े 3 वर्ष में प्रदेश के 23 हजार से अधिक युवा सरकारी नौकरी पाने में सफल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा संकल्प और भी सशक्त होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने भी प्रदेशवासियों से स्वदेशी और लोकल उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड, प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा सिंचाई विभाग में चयनित अभ्यर्थी सिंचाई परियोजनाओं के नक्शों और डिज़ाइनों का निर्माण करने के साथ ही भविष्य के विकास की रूपरेखा भी तैयार करते हैं। हमारे राज्य में निरंतर सिंचाई योजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा सभी चयनित युवाओं में कई राज्य आंदोलनकारी क्षैतिज आरक्षण कोटे के तहत भी चयनित हुए। जो सभी के लिए हर्ष का विषय है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में 23 हज़ार से ज्यादा सरकारी नौकरियों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का काम हुआ है। देश और प्रदेश में बेरोजगारी में बड़ी गिरावट आई है।

# आम आदमी क्लीनिकों में व्हाट्सएप चैटबॉट की शुरुआत : भगत

जालंधर। पंजाब के कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज राज्य भर के सभी आम आदमी क्लीनिकों में व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा की शुरुआत की है। श्री भगत ने कहा कि मरीज अब अपनी दवाओं की सूची, जाँच रिपोर्ट, अपॉइंटमेंट रिमाइंडर और अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सीधे व्हाट्सएप पर प्राप्त कर सकेंगे। इस नई प्रणाली से लोगों को अब कार्यालयों या क्लीनिकों में कतारों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने बताया कि यह स्वचालित चैटबॉट प्रणाली मरीज की जानकारी को सुरक्षित रूप से प्रबंधित करेगी और कागजी रिकॉर्ड की आवश्यकता को समाप्त करेगी, जिससे समय की बचत होगी और दक्षता में सुधार होगा। श्री भगत ने कहा, आम आदमी क्लीनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांति ला रहे हैं। इस व्हाट्सएप सेवा की शुरुआत से पंजाब का स्वास्थ्य मॉडल और भी मज़बूत हुआ है।

# मंत्री ने कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत करोड़ों रुपए की योजनाओं का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




समस्तीपुर। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय ने बताया कि सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत करोड़ों रुपए की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उनके द्वारा जिन योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया उनमें प्रमुख रूप से कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम समस्तीपुर के मुक्तापुर वार्ड संख्या 9 में धोबी घाट चौराहा से सुरेश झा के खेत तक पीसीसी निर्माण का कार्य, समस्तीपुर निगम नगर निगम के मुक्तापुर वार्ड संख्या 10 में जगदीश पासवान के घर से दलित टोला जाने वाली सड़क में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, कल्याणपुर प्रखंड के अंजना पंचायत के वार्ड नंबर 5 में फुलेरा से अंजना जाने वाली सड़क में भूप नारायण शर्मा के खेत से नवल शर्मा के खेत तक पीसीसी निर्माण कार्य ,कल्याणपुर प्रखंड के अंजना पंचायत के फुलहरा गांव में वार्ड 5 में बुधिया वन में ब्रह्म बाबा चबूतरा निर्माण कार्य, अंजना पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 6 में श्री निरंजन महतो के घर से गनौर दास के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य। उन्होंने कल्याणपुर प्रखंड के सोमनाहा पंचायत के वार्ड 13 में अवध लाल सिंह के घर से महेश ठाकुर के खेत तक पीसीसी निर्माण कार्य ,कल्याणपुर प्रखंड के सोमनाहा पंचायत के वार्ड नंबर 6 में श्री अजीत महतो के घर से सुरेश महतो के घर तक में पीसीसी कार्य, कल्याणपुर प्रखंड के सोमनाथ पंचायत के वार्ड नंबर 6 में श्री लालटून महतो के मुर्गा फार्म से अजीत महतो के घर तक में पीसीसी कार्य, कल्याणपुर प्रखंड के सोमनाहा पंचायत के वार्ड नंबर 6 में रघुनाथ महतो के घर से लालटून महतो के मुर्गा फॉर्म तक में पीसीसी कार्य, कल्याणपुर प्रखंड के सोमनाहा पंचायत के वार्ड नंबर 5 में काली मंदिर से देवेंद्र झा के घर तक में पीसीसी कार्य, इसके अलावा दो विभिन्न आपदा से पीड़ित दो लाभूकों को 20-20 हजार रुपए का चेक भी प्रदान किया गया।

# त्रृटिपूर्ण मतदाता सूची के आधार पर पैक्स चुनाव कराने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। जिले में सहकारिता को जेबकारिता बनाकर सहकारिता आंदोलन को पलीता लगाने की एकबार फिर तैयारी की जा रही है। इसका बड़ा उदाहरण अगामी 26 अगस्त को होने वाले जिले के उन आठ पैक्सो के चुनाव में उभर कर सामने आया है। जहां बताया जा रहा है,कि सहकारिता के पदाधिकारी गण त्रृटिपूर्ण मतदाता सूची के आधार पर पैक्स चुनाव कराने की तैयारी में जुटे है। इसको लेकर बंजरिया प्रखंड के अजगरी पंचायत निवासी चंद्रभूषण पांडेय ने जिलाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन पत्र देकर बताया है कि अजगरी पैक्स का चुनाव जिस मतदाता सूची के आधार पर होना है,उसमें बड़ी संख्या में नाबालिग व मृत लोगों का नाम दर्ज है। पत्र में बताया है कि 26 अगस्त को बंजरिया के अजगरी पैक्स का चुनाव होना है। जिस मतदाता सूची के आधार पर चुनाव होना है उसमें क्रम संख्या 1, 21, 27, 28, 30, 35, 36, 40, 43, 46 पर मृत लोगों का नाम दर्ज है। ऐसे करीब तीन सौ लोग है,जो मृत हो चुके है। लिहाजा ऐसे मृत लोगो के नाम पर बोकस वोटिग होने की संभावना है। इसके साथ ही अजगरी पैक्स के मतदाता सूची में करीब पचास से साठ नाबालिग बच्चो का नाम शामिल किया गया हैं।वही सूची में कुछ ऐसे वोटर के भी नाम शामिल है,जो हालिया परिसीमन में नगर निगम क्षेत्र में चले गये हैं। श्री पांडेय ने कहा है,कि सूची में कई ऐसे भी नाम है,जिनकी दोहरी प्रवष्टि है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि निष्पक्ष और पारदर्शी पैक्स चुनाव कराने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियो को है।

# सड़क सुरक्षा फोर्स ने अब तक 35 हज़ार लोगों को दी नई ज़िंदगी: सिंह

जालंधर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा स्थापित की गई सड़क सुरक्षा फोर्स (आरएसएफ) ने अपने शुरुआती चरण में ही बड़ी सफलता हासिल की है। अब तक यह फोर्स 35,000 से अधिक क़ीमती जानों को सड़क दुर्घटनाओं से बचा चुकी है और यह एक अहम मील का पत्थर भी साबित हुआ है। हर 30 किलोमीटर पर तैनात विशेष टीमें, अत्याधुनिक एम्बुलेंस, तेज़ प्रतिक्रिया दल और मोबाइल रिस्पॉन्स यूनिट्स के साथ यह फोर्स सड़क सुरक्षा प्रणाली को एक नई ऊंचाई पर ले जा रही है। योजना बोर्ड के अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी जालंधर के ज़िला प्रधान अमृत पाल सिंह ने कहा,ष्श्री मान सरकार ने केवल वादे नहीं किए, बल्कि उन्हें ज़मीनी हकीकत में बदल कर दिखाया है। सड़क सुरक्षा फोर्स का यह क़दम पंजाब की जनता की जान को प्राथमिकता देने का उदाहरण है। यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है।ङ्क उन्होंने आम जनता से अपील की कि अगर किसी सड़क हादसे की सूचना मिले तो तुरंत 112 या 108 पर कॉल करके राहत टीम को सूचित करें, ताकि समय पर सहायता पहुँचाई जा सके।

# मान अपने मंत्री संजीव द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की कराएं जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने भाजपा में शामिल हुए रणजीत सिंह गिल पर विजिलेंस की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध की पराकाष्ठा बताते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मांग की है कि वह अपने मंत्री संजीव अरोड़ा की ओर से लैंड डेवलपर के तौर पर किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच कराएं। श्री जाखड़ ने रविवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा,ष्मुख्यमंत्री मान ने पंजाब सरकार दिल्ली के नेताओं को ठेके पर दे रखी है, लेकिन वह याद रखें कि सरकार बदलने के बाद सरकार के कार्यकाल में सरकारी खजाने की हुई लूट के गुनाहों की सजा संबंधित मुख्यमंत्री और मंत्रियों को भुगतनी पड़ती है, जबकि मलाई खाने वाले ठेकेदार तो अपना बोरिया-बिस्तर समेटकर निकल जाएंगे। उन्होंने ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार गैंगस्टरों को खत्म करने की बजाय खुद एक राजनीतिक गैंग के रूप में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि रणजीत सिंह गिल पर कार्रवाई लोकतांत्रिक मर्यादा का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इसके जरिए सरकार विरोधियों को डराना चाहती है कि जो कोई भी सरकार की लाइन से हटेगा या विरोधी पार्टी में जाएगा, उसके साथ ऐसा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को अपना राजनीतिक रास्ता चुनने का अधिकार है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस रेड के पीछे कहीं 'आप' पार्टी के कोई आर्थिक हित तो नहीं जुड़े हैं या लैंड पूलिंग पर किसी अन्य बिल्डर के साथ सरकार की सांठगांठ का कोई संबंध तो जिम्मेदार नहीं है। साथ ही भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि वह अपने मंत्री संजीव अरोड़ा की जांच क्यों नहीं करवाते, जिन्हें 2016 में सेबी द्वारा शेयरधारकों को गुमराह करने का दोषी ठहराया गया था। इसी तरह जब 2023 में संजीव अरोड़ा पर ईडी की रेड हुई थी, तो 'आप' नेता इसे प्रतिशोध बता रहे थे, और अब सरकार खुद रणजीत सिंह गिल के साथ वही प्रतिशोध कर रही है। जबकि ईडी पुख्ता सबूत होने पर ही रेड करती है। श्री जाखड़ ने याद दिलाया कि लुधियाना के पूर्व स्वर्गीय विधायक गुरप्रीत गोगी ने भी संजीव अरोड़ा की कंपनी द्वारा औद्योगिक जरूरतों के लिए जमीन का मकसद बदलकर आवासीय कॉलोनी बनाने का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा क्या सबूत हो सकता है कि आम आदमी पार्टी के विधायक ही संजीव अरोड़ा द्वारा की गई गड़बड़ियों पर सवाल उठा रहे थे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को राजनीतिक पार्टी की जगह अपने आप को आम आदमी बिल्डर एंड डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड के रूप में पंजीकृत करवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक तरफ यह सरकार किसानों की उपजाऊ जमीन हथियाने जा रही है, वहीं 26 जून 2025 की कैबिनेट मीटिंग में इंडस्ट्रियल प्लॉट कन्वर्जन पॉलिसी लाकर इसने अपने मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा लुधियाना के गांव मुंडियां कलां में इंडस्ट्री के लिए एक्वायर की गई जमीन को कॉलोनी में बदलने के किए गए गुनाह को कार्य के बाद मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह गैर-कानूनी है और किसान से जिस मकसद के लिए जमीन ली गई हो, वह किसी अन्य मकसद के लिए नहीं इस्तेमाल की जा सकती। उन्होंने कहा कि मुंडियां कलां के किसान सरकार से अपनी जमीन वापस लेने का हक रखते हैं। श्री जाखड़ ने चेतावनी दी कि मुख्यमंत्री राजनीतिक प्रतिशोध बंद करके पंजाब के बिगड़ते अमन-कानून के हालात सुधारने पर काम करें और सरकार प्रॉपर्टी कारोबार बंद करके जनहित को प्राथमिकता दे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063